

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 197 | रविवार, 30 अगस्त 2026 | भाद्रपद माह, कृष्ण, द्वितीया, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया



## पीएम मोदी पहुंचे ताशकंद: राष्ट्रपति ने एयरपोर्ट में किया स्वागत

### व्यापार से रक्षा तक इन मुद्दों पर होगी वार्ता

**एजेंसी न्यूज**

**ताशकंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद पहुंच गए हैं। ताशकंद पहुंचने पर पीएम मोदी का उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मजबूत होते संबंधों की झलक भी देखने को मिली। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह बैठक अहम मानी जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मिर्जियोयेव व्यापार एवं निवेश, रक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी, ऊर्जा, शिक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क समेत कई क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा करेंगे। दोनों नेता इन क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति पर चर्चा करने के साथ-साथ आगे



की दिशा और प्राथमिकताएं भी तय करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत और उज्बेकिस्तान के बीच रणनीतिक साझेदारी को और व्यापक एवं मजबूत बनाना है। दोनों पक्ष विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने और भविष्य के लिए साझा एजेंडा तय करने पर विचार करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उज्बेकिस्तान की राजकीय यात्रा के लिए रवाना होने से पहले उज्बेकिस्तान के कुछ युवा छात्रों का एक वीडियो साझा किया, जिसमें छात्रों ने हिंदी में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने छात्रों के उत्साह और हिंदी बोलने के अंदाज की सराहना करते हुए कहा कि यह देखकर उन्हें बेहद खुशी हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर वीडियो साझा करते हुए लिखा कि उज्बेकिस्तान के उनके युवा मित्रों ने जिस उत्साह के साथ उनका स्वागत किया, वह खास है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि छात्रों ने हिंदी में यह संदेश दिया और उसे बहुत अच्छी तरह से पेश किया।

वीडियो में ताशकंद के कई छात्र बारी-बारी से प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते नजर आए। छात्रों ने भारत की संस्कृति के प्रति अपनी रुचि और दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का भी जिक्र किया। एक छात्र ने हिंदी में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए कहा, "आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, ताशकंद में आपका स्वागत है।

**यूपी: टीईटी पास अभ्यर्थियों के लिए खुशखबरी**

## सीएम योगी ने बताया कब होगी शिक्षक भर्ती, जल्द आएगा विज्ञापन

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी) 2026 में सफल अभ्यर्थियों के लिए शिक्षक भर्ती को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया के सलेमपुर और भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्रों में संबोधन के दौरान बताया कि यूपी टीईटी में सफल अभ्यर्थियों के लिए शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक पदों के लिए अधियाचन भेजा जा चुका है और भर्ती का आधिकारिक विज्ञापन जल्द आने वाला है। इससे यूपी टीईटी पास कर चुके अभ्यर्थियों को आगे सरकारी शिक्षक भर्ती में शामिल होने का अवसर मिल सकता है।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज ने 26 अगस्त 2026 को यूपी टीईटी 2026 का परिणाम जारी किया था। परीक्षा के लिए कुल 19,94,661 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

इनमें से करीब 13.3 लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए हैं। इसके अलावा 93,387 कार्यरत शिक्षकों ने भी यूपी टीईटी परीक्षा पास की है। इतनी बड़ी संख्या में




अभ्यर्थियों के सफल होने के बाद अब उनकी नजर शिक्षक भर्ती के विज्ञापन पर है। यहां एक जरूरी बात समझना बेहद जरूरी है। सिर्फ यूपी टीईटी पास करने से सरकारी शिक्षक की नौकरी नहीं मिलती। यूपी टीईटी शिक्षक भर्ती के लिए जरूरी पात्रताओं में से एक है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के टीईटी दिशा-निर्देशों के अनुसार, टीईटी उत्तीर्ण करना शिक्षक नियुक्ति की पात्रता का हिस्सा है। लेकिन टीईटी पास करना अपने आप में नियुक्ति का अधिकार नहीं देता।

इसलिए यूपी टीईटी 2026 में सफल अभ्यर्थियों को शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी होने के बाद उसमें दी गई सभी शर्तों को पूरा करना होगा।

**देश दुनिया**

### न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर छाईं मोहन भागवत की तस्वीरें

**एजेंसी न्यूज**

**न्यूयॉर्क।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत की तस्वीरें न्यूयॉर्क के मशहूर टाइम्स स्क्वायर के बड़े-बड़े डिजिटल बिलबोर्ड पर दिखाई गईं। उनकी ये तस्वीरें मैडिसन स्क्वायर गार्डन यानी कि MSG में भारतीय समुदाय के लोगों को उनके संबोधन से एक दिन पहले नजर आईं। बता दें कि मोहन भागवत मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के वैश्विक संपर्क कार्यक्रम के तहत अमेरिका पहुंचे हैं। अपनी इस विदेश यात्रा के दौरान वह अमेरिका के अलावा कनाडा और ब्रिटेन भी जाएंगे।

अमेरिका दौरे के दौरान मोहन भागवत शनिवार को न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित मैडिसन स्क्वायर गार्डन में एक बड़ी सभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में करीब 5000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम का नाम यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन यानी सार्वभौमिक एकता उत्सव रखा गया है। इसका आयोजन अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग की ओर से किया जा रहा है। आयोजकों ने इसे एक महत्वपूर्ण रक्षा बंधन समारोह बताया है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मुख्य वक्तव्यों के जरिए सार्वभौमिक एकता और हिंदू दर्शन के वसुधैव कुटुम्बकम या पूरी दुनिया एक परिवार है के सिद्धांत पर चर्चा होगी।

### आनंद विहार में खंभे के पास मिला युवक का शव, पोस्टमार्टम में करंट की पुष्टि

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** आनंद विहार थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह बिजली के खंभे के पास एक व्यक्ति मृत पाया गया। युवक का शव मिलने से इलाका में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान संदीप के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मेडिकल जांच में मौत की वजह बिजली का झटका लगना यानी करंट बताई गई है। इस मामले में पुलिस ने लापरवाही की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शाहदरा के डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सुबह करीब 7 बजे सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति खंभे के पास बेहोश पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि संदीप का एक पैर गड्ढे में था जबकि उसका हाथ और सिर खंभे से टिका हुआ था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम में करंट लगने से मौत की पुष्टि होने के बाद आनंद विहार थाने में लापरवाही का मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### 69000 शिक्षक भर्ती: आरक्षण को लेकर आंदोलन फिर शुरू

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले के खिलाफ पिछले कई वर्षों से आंदोलन करने वाले छात्रों का संघर्ष आज पुनः शुरू हो गया। एक बार फिर से लखनऊ की सड़कों पर आरक्षण दो न्याय दो की मांगें गूंज उठी हैं।

अभ्यर्थियों का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय में 69000 शिक्षक भर्ती मामले की सुनवाई 8 सितंबर को तय है। लेकिन सरकार सुप्रीम कोर्ट में उन अभ्यर्थियों का पक्ष नहीं रख रही है, जिनकी नियुक्ति के लिए चयन सूची आज से 4 साल पहले ही जारी हो चुकी है। उसके आधार पर 6800 ओबीसी व दलित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिलना था।

### यूपी में मिल रहे नेपाल की तबाही के निशान, गंडक नदी में तीन शव मिले

**नेपाली अधिकारियों से बात कर रही रेस्क्यू टीम**

**एजेंसी न्यूज**



**लखनऊ।** नेपाल में आई भीषण बाढ़ का असर अब गंडक नदी के रास्ते भारतीय क्षेत्र में भी दिखाई देने लगा है। गुरुवार को निचलौल क्षेत्र के टेलफाल के समीप गंडक नदी में तीन शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर एसएसबी, एसडीआरएफ और निचलौल पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। तेज बहाव के बीच एसएसबी की टीम ने मोटरबोट की मदद से तीनों शवों को नदी से बाहर निकालकर सुरक्षित किनारे पहुंचाया। बरामद शवों में दो महिलाओं और एक पुरुष के होने की जानकारी सामने आई है। प्रारंभिक आशंका है कि तीनों नेपाल में आई भीषण बाढ़ के पानी में बहकर भारतीय क्षेत्र तक पहुंचे हैं।

एसएसबी इंस्पेक्टर अरुण पांडेय ने बताया कि नेपाल की ओर से बहकर आए तीन शवों को रेस्क्यू किया गया है। नदी के तेज बहाव को देखते हुए आगे भी शव मिलने की आशंका है। वहीं, डीएम गौरव सिंह सोगरवाल और एसपी शक्ति मोहन अवस्थी ने क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा एजेंसियों को नदी व तटीय इलाकों में लगातार निगरानी के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने गुरुवार सुबह क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

### नेपाल में बाढ़ का कहर, 114 भारतीयों समेत 187 विदेशी नागरिकों का रेस्क्यू

**एजेंसी न्यूज**

**काठमांडू।** नेपाल में लगातार भारी बारिश और बाढ़ के कारण कई इलाकों में हालात गंभीर बने हुए हैं। नदियों के बढ़े जलस्तर, भूस्खलन और सड़क संपर्क बाधित होने के बीच राहत एवं बचाव अभियान लगातार जारी है। नेपाल सरकार की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक अब तक 114 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया है। नेपाल पर्यटन बोर्ड (ठळइ) की ओर से साझा की गई सूची में 15 देशों के कुल 187 लोगों को बचाए जाने की जानकारी दी गई है। इनमें भारत के अलावा बेल्जियम, बुल्गारिया, जर्मनी, चीन, इटली, माल्टा, ओमान, पुर्तगाल, रूस, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, तुर्की और अमेरिका के नागरिक शामिल हैं।

### केंद्र सरकार ने शुरू की बजट की तैयारी, मंत्रालयों को दिए खास निर्देश

**एजेंसी न्यूज**




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2027-28 के केंद्रीय बजट की तैयारियों का औपचारिक आगाज कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने बजट प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए बजट परिपत्र जारी कर दिया है और सभी मंत्रालयों और विभागों के लिए समयसीमा तय कर दी है। सभी मंत्रालयों को आने वाले वित्तीय वर्ष की जरूरतों, योजनाओं और व्यय प्रस्तावों का विस्तृत आकलन तैयार करने को कहा गया है। इसका सीधा असर अभी के लिए आम लोगों की जेब पर नहीं दिखने वाला है, लेकिन इसकी शुरूआती तैयारी में तय होने वाली प्राथमिकताएं आने वाले वित्त वर्ष में रोजगार, सड़क-बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं, डिजिटल सेवाओं, सामाजिक योजनाओं और विकास परियोजनाओं के लिए सरकारी खर्च की दिशा तय करेंगी। बजट आने के समय आम तौर पर लोगों का ध्यान सबसे ज्यादा टैक्स, महंगाई, नौकरी, सब्सिडी और सरकारी योजनाओं पर रहता है। लेकिन इन फैसलों की नींव कई महीने पहले बजट तैयार करने की प्रक्रिया में रखी जाती हैं। मंत्रालय जब अपनी योजनाओं और खर्च का प्रस्ताव भेजते हैं तो उसमें यह तय करने की कोशिश होती है जैसे की अगले वित्त वर्ष में किन क्षेत्रों को कितना संसाधन चाहिए।

### अलग-अलग तरीके के बुखारों को लेकर हरकत में आई सरकार

लखनऊ। प्रदेश में फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। बुखार के मरीजों के लिए अलग से काउंटर बनाने, भर्ती के लिए वार्ड तैयार रखने और दवाओं के पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में अब तक इंफ्लुएंजा ए (एच1एन1) यानी स्वाइन फ्लू के 551 मरीज मिले हैं। प्रदेश में मौसमी फ्लू और स्वाइन फ्लू के मरीज 57 जिलों में मिले हैं। इसकी चपेट में ज्यादातर एनसीआर क्षेत्र के जिले हैं। अब तक मिले कुल मरीजों में 50 फीसदी तीन जिलों में हैं। इसमें गौतमबुद्ध नगर में 189, मेरठ में 54, गाजियाबाद में 32 केस हैं। इसी तरह मुजफ्फरनगर में 11 और बुलंदशहर में 10 केस मिले हैं।

## प्रयागराज में स्वामीनारायण मंदिर का बड़ा हिस्सा ढहा, बाल-बाल बचे लोग

**एजेंसी न्यूज**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के स्वामीनारायण मंदिर का एक हिस्सा भारी बारिश के बीच भरभराकर ढह गया। यह शुक्रवार देर रात उस वक्त हुआ जब लोग मंदिर परिसर में सो रहे थे। अचानक तेज धमाके की आवाज के साथ मंदिर की इमारत के सामने वाला हिस्सा जमीन पर आ गिरा। आवाज सुनते ही लोगों की नींद खुल गई। राहत की बात रही कि मलबे की चपेट में कोई नहीं आया। किसी के घायल होने की फिलहाल सूचना नहीं है।

जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित इस मंदिर का जो हिस्सा ढहा उसे मुख्य रूप



से बाहर से आने वाले मेहमानों के ठहरने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। मंदिर परिसर से सटे हिस्से में एक तीन मंजिला कमर्शियल-कम-रेसिडेंशियल अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स बनाने की तैयारी चल रही थी। इसके लिए काफी गहरा गड्ढा खोदा गया था।

स्थानीय लोगों की मानें तो लगातार बारिश के कारण इस गड्ढे में पानी जमा हो रहा था। इससे मंदिर की नींव के आसपास मिट्टी में नमी बढ़ गई और बेस कमजोर होने लगा था। इसी वजह से मंदिर का अगला विशाल ढांचा अचानक ढह गया। इस घटना के चश्मदीद मोइन अली ने बताया कि मंदिर के पीछे की ओर इमारत का कुछ हिस्सा अभी भी खड़ा है, जबकि सामने का बड़ा हिस्सा पूरी तरह गिर गया है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

## कानपुर में 100 करोड़ के साइबर फ्रॉड नेटवर्क का पदार्फाश

### दुबई में बैठा सरगना चला रहा था गिरोह, पुलिस ने 3 को दबोचा

**एजेंसी न्यूज**

**कानपुर।** कानपुर पुलिस ने ऑनलाइन साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह का मुख्य सरगना सुल्तान मिर्जा दुबई में बैठकर पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा था। शुरूआती जांच में देश-विदेश में 100 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है।

कानपुर कमिश्नरेट की फजलगंज पुलिस को साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह का नेटवर्क कानपुर से लेकर उन्नाव और अन्य स्थानों तक फैला हुआ था, जबकि इसका कथित मुख्य सरगना दुबई में बैठकर पूरे नेटवर्क का संचालन कर रहा था। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल के अनुसार, अब तक की जांच में इस नेटवर्क के तार देश और विदेश में फैले होने की जानकारी मिली है। गिरोह के जरिए करीब 100 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी किए जाने की आशंका है। पुलिस अब बरामद दस्तावेजों, बैंक खातों और डिजिटल उपकरणों की जांच कर पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, फजलगंज थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने तीन संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ की तो साइबर फ्रॉड के बड़े नेटवर्क की जानकारी सामने आई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कपिल देव उर्फ संटी, अभय प्रताप और रोहित सिंह उर्फ रुद्र प्रताप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।





# रक्षाबंधन के जश्न में मौत का मातम

जागरण मोर्चा कार्यालय

- सिस्टम फेल याँ फिर सत्ता के दवाब में चल रहा खेल
- महापौर के मेगा आयोजन में उमड़ी बेकाबू भीड़, धक्का-मुक्की में महिला की मौत; अनुमति से लेकर सुरक्षा तक कठघरे में इंतजाम
- प्रशासन को भनक तक नहीं लगी तो फिर किस भरोसे हुआ इतना बड़ा कार्यक्रम

**सबसे अहम सवाल यही है**

अगर कार्यक्रम की प्रशासन को पूर्व सूचना नहीं थी तो इतने बड़े आयोजन की जिम्मेदारी आखिर किसके भरोसे थी? और जब जश्न के बीच एक महिला की जान चली गई, तो क्या अब जिम्मेदारी तय होगी या फिर यह हादसा भी जांच और बयानबाजी के बीच दबकर रह जाएगा?

**बरेली।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बहनों को सम्मान और सुरक्षा का संदेश देने के लिए आयोजित महापौर डॉ. उमेश गौतम और पार्थ गौतम फाउंडेशन के सामूहिक रक्षाबंधन समारोह में व्यवस्था की ऐसी तस्वीर सामने आई कि जश्न मातम में बदल गया। बरेली क्लब मेला मैदान में उमड़ी भीड़ के बीच धक्का-मुक्की और अफरा-तफरी में 45 वर्षीय मधु सिंह की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद अब कार्यक्रम की अनुमति, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा इंतजाम और प्रशासनिक निगरानी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**बड़ा सवाल—इतने बड़े आयोजन की प्रशासन को जानकारी ही नहीं थी?**

कार्यक्रम को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा का बयान व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि बरेली क्लब मैदान में कार्यक्रम आयोजित होने की सूचना उन्हें नहीं थी। उनका कहना था कि यदि कार्यक्रम स्मार्ट सिटी अथवा राइफल क्लब से संबंधित था तो इसकी अनुमति नगर निगम स्तर से दी जाती है। दूसरी ओर एसएसपी ने भी कार्यक्रम की पूर्व सूचना होने से इनकार किया। ऐसे में सवाल यह है कि शहर में हजारों लोगों की संभावित भीड़ वाला आयोजन हो और प्रशासन, पुलिस तथा संबंधित खुफिया तंत्र को इसकी जानकारी तक न हो तो आखिर शहर की सुरक्षा व्यवस्था किस आधार पर चल रही है? क्या एलआईयू, इंटेलिजेंस और स्थानीय पुलिस की सूचना प्रणाली इतने बड़े आयोजन की भनक तक नहीं लगा सकी या फिर आयोजन को लेकर विभागों के बीच समन्वय का अभाव था?

**पास लेकर पहुंची थीं मधु, लेकिन वापस नहीं लौट सकीं**

चंद्रगुप्तपुरम निवासी 45 वर्षीय मधु सिंह भी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। परिजनों के अनुसार महापौर की ओर से मिले 15 पास में से एक पास पर मधु समारोह में गई थीं। उनके भांजे एवं भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजा तोमर के मुताबिक वह सुबह करीब 10 बजे अपनी मामी को कार्यक्रम स्थल पर छोड़कर स्कूल ऑटो चलाने चले गए थे। मधु के साथ मोहल्ले की कुछ अन्य महिलाएं भी समारोह में पहुंची थीं। दोपहर करीब डेढ़ बजे राजा को फोन से सूचना मिली कि कार्यक्रम में धक्का-मुक्की और अफरा-तफरी के दौरान मधु की तबीयत बिगड़ गई है और उन्हें मिशन अस्पताल ले जाया गया है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे।

**परिजनों का आरोप—समय पर बताते तो शायद बच जाती जान**

मधु के परिजनों का आरोप है कि उनकी हालत गंभीर होने और अस्पताल ले जाए जाने की जानकारी उन्हें समय रहते नहीं दी गई। उनका कहना है कि यदि परिवार को तत्काल सूचना मिल जाती तो मधु को नजदीकी मिलिट्री अस्पताल ले जाकर बेहतर उपचार दिलाने की कोशिश की जा सकती थी। परिजनों के मुताबिक अस्पताल पहुंचने के बाद भी उन्हें मधु की वास्तविक स्थिति की स्पष्ट जानकारी तत्काल नहीं मिल सकी। परिवार के लोग स्टाफ से जानकारी के लिए गुहार लगाते रहे। करीब एक घंटे बाद उन्हें मधु की स्थिति की वास्तविक जानकारी हो सकी। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

**जश्न के लिए जुटी भीड़, लेकिन भीड़ संभालने की व्यवस्था कहां थी?**

हादसे के बाद सबसे बड़ा सवाल कार्यक्रम में भीड़ प्रबंधन को लेकर है। जब आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों के पहुंचने की उम्मीद थी तो प्रवेश, निकास, बैरिकेडिंग, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था कितनी मजबूत थी? धक्का-मुक्की की स्थिति बनने से पहले भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या पर्याप्त इंतजाम किए गए थे? एक महिला की मौत ने इन सवालों को और गंभीर बना दिया है। अब यह भी पूछा जा रहा है कि कार्यक्रम में किसी आपात स्थिति के लिए मेडिकल टीम, एंबुलेंस और प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की पर्याप्त व्यवस्था थी या नहीं।

**खुफिया तंत्र पर भी सवालों की बौछार**

यदि सिटी मजिस्ट्रेट और एसएसपी के मुताबिक उन्हें आयोजन की पूर्व सूचना नहीं थी, तो सवाल सिर्फ आयोजकों की तैयारियों तक सीमित नहीं रह जाता। यह मामला शहर के खुफिया और पुलिस सूचना तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है। हजारों लोगों के जुटने वाले आयोजन की जानकारी स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों तक क्यों नहीं पहुंची? क्या आयोजन से पहले सुरक्षा आकलन किया गया था? यदि नहीं किया गया तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है मधु सिंह की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा है। परिजनों के अनुसार शुक्रवार को गुलाबनगर स्थित श्मशान भूमि में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिवार की ओर से पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात भी सामने आई है। फिलहाल इस हादसे ने सिर्फ एक परिवार को गहरे सदमे में नहीं डाला, बल्कि शहर की प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्था के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह भी है कि इतने बड़े आयोजन के लिए अनुमति किस स्तर पर ली गई थी, सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी थी और भीड़ नियंत्रण के इंतजाम किसने किए थे?

## पारिवारिक कहासुनी के बाद मारपीट

**मीरगंज।** थाना मीरगंज क्षेत्र के ग्राम खमरिया सानी में शनिवार को पारिवारिक कहासुनी के बाद मारपीट का मामला सामने आया। पीड़िता अनीता पत्नी सुमित कुमार की तहरीर पर पुलिस ने सुमित कुमार, अमित, रवि पुत्रगण ओमकार तथा ओमकार पुत्र बांकेलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार, शनिवार शाम करीब छह बजे परिवार में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद नामजद लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिसमें पीड़िता को चोटें आईं। आरोप है कि मौके पर मौजूद अमित ने पीड़िता के पहने हुए कपड़े फाड़ दिए और अश्लील हरकत की। विरोध करने तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने पुलिस से घटना की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# GIS और AI से होगी अवैध निर्माण पर नजर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** अवैध निर्माण पर प्रभावी नियंत्रण और सुनियोजित विकास के लिए बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) GIS और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित निगरानी प्रणाली विकसित करने जा रहा है। प्रदेश में अपनी तरह की इस पहली पहल के तहत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बीडीए के एक जोन में इसकी शुरुआत की जाएगी। सफल होने पर इसे अन्य जोनों के साथ प्रदेश के अन्य विकास प्राधिकरणों में भी अपनाया जा सकेगा।

प्रस्तावित प्रणाली में स्वीकृत भवन मानचित्रों और मौजूदा निर्माणों का GIS आधारित डिजिटल मानचित्र तैयार किया जाएगा। प्रत्येक स्वीकृत मानचित्र एवं संबंधित निर्माण स्थल को GIS पर जियो-टैग कर उसकी सटीक स्थिति दर्ज की जाएगी। स्वीकृत मानचित्र के आधार पर भवन का 3D मॉडल तैयार कर वास्तविक निर्माण से उसका डिजिटल मिलान किया जाएगा।

इसके लिए नियमित अंतराल पर ड्रोन सर्वेक्षण और GIS आधारित उपग्रह चित्रों से क्षेत्र की अद्यतन जानकारी प्राप्त की जाएगी। AI आधारित सॉफ्टवेयर इस जानकारी का स्वीकृत मानचित्र और 3D मॉडल से स्वतः मिलान करेगा। बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण अथवा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत या निर्धारित सीमा से अधिक निर्माण पाए जाने पर संबंधित स्थल को रेड फ्लैग के रूप में चिन्हित कर सूचना संबंधित जोन के प्रभारी अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके आधार पर मौके पर स्थलीय सत्यापन और नियमानुसार कार्रवाई की जा सकेगी। बीडीए उपाध्यक्ष सुश्री सौम्या पांडे, आईएएस ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित नगरीय विकास के विजन के अनुरूप आधुनिक तकनीक का उपयोग कर अवैध निर्माण पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। GIS के माध्यम से प्रत्येक निर्माण स्थल की सटीक पहचान और AI के माध्यम से उसकी निरंतर निगरानी से प्रवर्तन व्यवस्था को अधिक त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सफल होने पर बरेली में विकसित यह मॉडल प्रदेश के अन्य विकास प्राधिकरणों के लिए भी उपयोगी साबित हो सकता है। शनिवार को तकनीकी टीम ने प्रस्तावित प्रणाली का बीडीए में प्रस्तुतिकरण किया। उपाध्यक्ष ने पायलट प्रोजेक्ट के लिए सॉफ्टवेयर विकास का कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

## हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

**बहेड़ी।** भाई बहन के असीम प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व परंपरागत रूप से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी मंगल कामना की तो भाइयों ने भी अपना दुलार लुटाते हुए स्वागत सत्कार कर दान दक्षिणा भेंट की पर्व पर राखी बांधने जाने का सिलसिला गुरूवार से शुरू हुआ तो शुक्रवार देर रात तक जारी रहा। पर्व को लेकर बाजार में खासी गहमागहमी रही। खासकर मिठाई, राखी की दुकानों तथा फलों के ठेलों पर लगातार भीड़ देखने को मिली। रोडवेज बसों में भीड़ का आलम यह रहा कि अधिकांश महिलाओं ने धक्का मुक्की से बचने को प्राइवेट वाहनों में सफर करना ही मुनासिब समझा। पर्व पर लोगों की मजबूरी का भी जमकर फायदा उठाया।

# हर्षोल्लास के साथ मना रक्षाबंधन

जागरण मोर्चा कार्यालय



फरीदपुर में प्रसन्नता के साथ त्योहार मनाते भाई-बहन। -जागरण मोर्चा

**फरीदपुर (बरेली)।** भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व क्षेत्र में बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया। रक्षाबंधन पर बाजार भी खूब गुलजार रहा। नगर क्षेत्र में सजी खूबसूरत राखियों की दुकानों पर महिलाओं व युवतियों ने भाइयों की कलाइयों पर बांधने को मनपसंद राखियों की खरीदारी की।

वहीं मिठाई की दुकानों पर खरीदारी करने वालों का रेला लगा रहा। रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व से ही मिठाई की दुकानों पर भीड़ जुटने लगी, त्योहार वाले दिन भी शाम तक मिठाई की दुकानों पर तांता लगा रहा। लोग कारों, बाइकों अथवा डग्गामार वाहनों जिसे जो साधन उपलब्ध हुआ उस पर त्योहार मनाने को रवाना हुए। लोगों की आवाजाही के कारण बाजारों व सभी मार्गों पर अत्यधिक भीड़ व जाम की स्थिति रही। ट्रैफिक जाम व कानून व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस लगातार मुस्तैद रही। शासन द्वारा निगम की बसों पर बहनों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा मुहैया कराई गई लेकिन इसका लाभ कम ही लोगों को मिल सका क्योंकि रोडवेज बसों में लोगों के लिए सीट ही नहीं मिल पा रही थी। बताया गया कि इस बार त्योहार पर भद्रा का साया नहीं रहा ऐसे में पूरे दिन बहनों ने भाइयों को राखी बांधकर पारंपरिक रूप से त्यौहार मनाया हालांकि पुरोहितों के बताने पर जानकार लोगों ने राहु काल को बचाने का प्रयास किया। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर कलाईयों पर राखी बांधी व मुंह मीठा कराया और उनकी लंबी उम्र व सुख समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार आदि के साथ सुरक्षा का वचन दिया।



मीरगंज विधायक डॉ डीसी वर्मा के पुत्र डॉ शुभ्रांशु वर्मा व सुपुत्री डॉ आयुषी वर्मा।

# रक्षाबंधन पर बहन ने भाई की कलाई पर बांधा स्नेह का रक्षासूत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का पावन पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मीरगंज विधायक डॉ. डी०सी० वर्मा की सुपुत्री डॉ. आयुषी वर्मा ने अपने भाई डॉ. शुभ्रांशु वर्मा की कलाई पर प्रेम और विश्वास का प्रतीक राखी बांधी।राखी बांधने के बाद डॉ. आयुषी वर्मा ने अपने भाई को मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं। भाई डॉ. शुभ्रांशु वर्मा ने भी बहन के प्रति अपने स्नेह और सम्मान का इजहार करते हुए उन्हें उपहार भेंट किया।इस दौरान भाई-बहन के बीच प्रेम और आत्मीयता का भाव देखने को मिला। धार्मिक मान्यता के अनुसार रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, परस्पर स्नेह और रक्षा के संकल्प का पर्व है।

## शव पहुंचने पर हुआ हंगामा, रोड जाम

**बहेड़ी।** गाँव देवीपुरा निवासी मृतक सुमित के मामले को पुलिस भले ही हादसा मान रही है पर परिजन इस पर रत्ती भर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। वे सुमित की मौत की वजह उसके साथ हुई पिटाई को ही मानकर चल रहे हैं और यही वजह रही कि शाम करीब सात बजे जब शव को गाँव लाया जा रहा था तो ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए मुंडिया नबी बक्श मार्ग पर शव को रख दिया और हंगामा किया। सूचना पर सीओ अरूण कुमार सिंह व कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर गये और किसी तरह लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। तब कहीं जाकर एक घंटे बाद स्थिति को सामान्य किया जा सका और शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।



# नगर व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पश्चिमी।** नगर व क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने भाइयों की कलाई पर रंग-बिरंगी राखियां बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन के चलते नगर के बाजारों में सुबह से ही भारी भीड़ देखने को मिली। राखी, मिठाई और उपहार की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इसके साथ ही कस्बे की सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया, जिससे कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। लोग काफी समय तक जाम में फंसे रहे। त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी प्रवीन कुमार पुलिस फोर्स के साथ नगर एवं क्षेत्र में भ्रमणशील रहे।

# 24 घंटे से ट्रांसफार्मर हुआ खराब

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पूर्वी।** नेशनल हाईवे की सर्विस रोड पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के सामने रखा ट्रांसफार्मर शुक्रवार शाम से खराब पड़ा है। इसके चलते नई कॉलोनी समेत आसपास के लोगों को पिछले 24 घंटे से अधिक समय से बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में बिजली नहीं मिलने से लोग परेशान हैं, वहीं रात में घरों में अंधेरा छाया रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी विद्युत निगम के जिम्मेदारों को होने के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं कराया गया। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस रास्ते पर ट्रांसफार्मर रखा है, उसी मार्ग से विद्युत निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी गुजरते हैं। इसके बावजूद खराब ट्रांसफार्मर को ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई गई।

**रातभर गर्मी और अंधेरे में कटती रही रात**

बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों को रात में उमस और गर्मी के बीच समय बिताना पड़ा। घरों में लगे पंखे और कूलर बंद रहने से बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। लंबे समय से बिजली नहीं आने के कारण लोगों में विद्युत निगम के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

**मेंटिनेंस या ट्रांसफार्मर बदलने की मांग**

कॉलोनी के लोगों ने विद्युत निगम के अधिकारियों से खराब ट्रांसफार्मर का तत्काल मेंटिनेंस कराने अथवा उसकी क्षमता के अनुसार नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में 24 घंटे से अधिक समय तक बिजली संकट रहना गंभीर लापरवाही है। लोगों ने जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने पर उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

# पूरनपुर में खुलेगी अर्बन बैंक शाखा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से जनपद पीलीभीत की पूरनपुर तहसील के कुछ प्रमुख लोगों ने मिलकर उन्हें पूरनपुर में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की शाखा खोले जाने के लिए प्रस्ताव दिया। बैंक के संस्थापक संतोष गंगवार ने पूरनपुर में सहकारिता के क्षेत्र में अग्रणी इस बैंक की शाखा खोले जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान कई अन्य मुद्दों पर भी उनसे चर्चा की गई।

इस मुलाकात के दौरान पूरनपुर क्षेत्र के आर्थिक और व्यापारिक विकास को गति देने के उद्देश्य से पूरनपुर नगर में 'अर्बन कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड' की नई शाखा खोलने हेतु राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल ने माना कि पीलीभीत जिले में पूरनपुर तहसील काफी प्रगतिशील है और सहकारिता के क्षेत्र में भी यहां काफी कम हुआ है। यहां शाखा खोले जाने की जरूरत है। उन्होंने अगली एजीएम में प्रस्ताव पास कर शीघ्र बैंक शाखा खोले जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष नितिन दीक्षित, भाजपा जिला भारत समिति के सदस्य अशोक खंडेलवाल और भाजपा के जिला कार्य समिति सदस्य तथा व्यापार मंडल की प्रांतीय मंत्री नवीन अग्रवाल, सोनू आर्य, मयंक गुप्ता सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# राखी के पवित्र धागे में झलका भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा का संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** हेरिटेज चिल्ड्रेन एकेडमी में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में रक्षाबंधन के महत्व को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत किया।रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का ऐसा पवित्र पर्व है, जो भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह, विश्वास और एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक माना जाता है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए छात्राओं ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को प्रेम एवं विश्वास की डोर से और मजबूत किया। इस दौरान विद्यालय में उत्साह और आत्मीयता का वातावरण बना रहा।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पर्व के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संदेश को समझा। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को भारतीय पर्व-त्योहारों की परंपरा, उनके सामाजिक महत्व तथा पारिवारिक रिश्तों में प्रेम, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना के बारे में जानकारी दी।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व केवल राखी बांधने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रेम, विश्वास, सम्मान और एक-दूसरे की सुरक्षा एवं जिम्मेदारी का संकल्प लेने का अवसर भी है।वहीं विद्यालय के डायरेक्टर मनोज पाण्डेय ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति की उस समृद्ध परंपरा का प्रतीक है, जिसमें रिश्तों को प्रेम और विश्वास की डोर से मजबूत किया जाता है। ऐसे पर्व विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

NEWS NEWS
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
जन-जन की आवाज़
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद एवं उत्तराखंड में प्रसारित
WWW.jagranmorcha.com
jagranmorchadaily@gmail.com
@JagranMorchaDaily

## एक नजर

### दो रात बंद रहेगा शांतिपुरी का रेलवे फाटक

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल अंतर्गत पंतनगर–किच्छा स्टेशनों के बीच शांतिपुरी स्थित समपार संख्या 46/स्पेशल पर रेल पटरियों का रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते यह रेलवे फाटक 30 और 31 अगस्त की रात को पूर्णत: बंद रहेगा। रेल प्रशासन किलोमीटर संख्या 56/4–5 पर आवश्यक मरम्मत, स्लीपर और रेल बदलने का कार्य कराएगा।पहली बार 30 अगस्त की रात 9 :00 बजे से 31 अगस्त की सुबह 6 :00 बजे तक फाटक बंद रखा जाएगा। इसके बाद 31 अगस्त की रात 9 :00 बजे से 1 सितंबर की सुबह 6 :00 बजे तक भी सड़क यातायात पूरी तरह बाधित रहेगा। रेल प्रशासन ने वाहन चालकों को असुविधा से बचने के लिए समपार संख्या 47/बी ( गोल गेट ) तथा समपार संख्या 43/सी ( गोकुलनगर गेट ) के वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की अपील की है।

# मढ़ीनाथ में युवक की चाकू मारकर हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रक्षाबंधन की रात सुभाषनगर थाना क्षेत्र में रुपयों के लेनदेन को लेकर चल रही पुरानी रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। मढ़ीनाथ की मांझे वाली बगिया के पास भाजपा के सचिन कश्यप पर हमलावरों ने धारदार चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल सचिन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हत्या की खबर मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। जिस घर में रक्षाबंधन की खुशियां थीं, वहां कुछ ही देर बाद चीख-पुकार मच गई।



मृतक सचिन कश्यप भाजपा मढ़ीनाथ मंडल के ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक उनका कुछ लोगों से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। करीब एक महीने पहले भी इसी विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे। कहासुनी के बाद मारपीट हुई थी। स्थानीय लोगों और परिचितों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। हालांकि, समझौते के बावजूद रंजिश खत्म नहीं हुई।

बताया जा रहा है कि रक्षाबंधन की रात सचिन मढ़ीनाथ की मांझे वाली बगिया के पास मौजूद थे। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचे। शुरुआत में दोनों के बीच बातचीत हुई, लेकिन कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया। आरोप है कि हमलावरों ने सचिन को घेर लिया और धारदार चाकुओं से कई वार कर दिए। अचानक हुए हमले में सचिन गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर सुभाषनगर थाना अध्यक्ष सतीश कुमार नैन और मढ़ीनाथ चौकी प्रभारी जितेंद्र चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ नितिन कुमार के मुताबिक पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर मामला दर्ज कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। रक्षाबंधन के दिन हुई इस हत्या ने परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल दीं। जिस भाई की कलाई पर बहनों ने राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र की कामना की थी, उसी भाई की हत्या की खबर ने पूरे परिवार को झकझोर दिया।

# रोता रहा मासूम, बच्चे को छोड़ मां फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिला अस्पताल की इमरजेंसी में शनिवार को एक मासूम की दर्दभरी पुकार ने हर किसी का दिल दहला दिया। नीले बेड पर बैठा करीब दो-तीन साल का बच्चा लगातार रोते हुए अपनी तोतली जुबान में सिर्फ 'मम्मी-मम्मी' पुकार रहा था। आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। पास में दूध और बिस्किट रखे थे, लेकिन मां के इंतजार में मासूम का रोना बंद नहीं हो रहा था। वहां मौजूद लोग उसे दिलासा देते रहे— "आ रही हैं मम्मी, अभी बुलाया है..." मगर उसकी मां लौटकर नहीं आई। जानकारी के मुताबिक, कोतवाली क्षेत्र में सरन अस्पताल के पास से करीब 30 वर्षीय एक अज्ञात महिला को उसके दो बच्चों के साथ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार होने के बाद महिला एक बच्चे को अपने साथ लेकर चुपचाप अस्पताल से निकल गई, जबकि दूसरे मासूम को बेड पर ही छोड़ गई। बताया गया कि बच्चा सुबह करीब छह बजे से भूख-प्यास से परेशान होकर लगातार रो रहा था। मासूम की हालत देखकर इमरजेंसी में तैनात नर्सिंग स्टाफ स्वाति ने उसे दूध और बिस्किट खिलाए। इसके बाद डॉक्टर मोहम्मद अदनान को सूचना दी गई। नर्सिंग ऑफिसर संजीव कुमार समेत अन्य स्टाफ ने बच्चे के मैले और पुराने कपड़े उतारकर उसे नए टी-शर्ट और कपड़े पहनाए। नया कपड़ा पहनते ही मासूम का रोना थम गया और उसके चेहरे पर राहत नजर आने लगी। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस अस्पताल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फरार महिला की पहचान और बच्चे के परिजनों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# चौथी मंजिल पर आग की लपटों से मची खलबली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मिनी बाईपास रोड के कर्मचारी नगर स्थित नवोदय अस्पताल में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अस्पताल की चौथी मंजिल से अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग की लपटें दिखाई देने लगीं। घटना की खबर फैलते ही अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों में दहशत फैल गई। स्थिति बिगड़ने से पहले अस्पताल स्टाफ ने मरीजों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। आनन-फानन में अस्पताल खाली कराया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चौथी मंजिल की ओर से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। कुछ ही देर में वहां आग नजर आने लगी। अस्पताल के भीतर मौजूद लोगों को इसकी जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने बिना देर किए वार्डों में पहुंचकर मरीजों को बाहर निकालना शुरू किया। गंभीर हालत वाले मरीजों को भी सावधानी से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया। मरीजों के बाहर निकलने के साथ ही अस्पताल के बाहर भी बड़ी संख्या में तीमारदार जमा हो गए। आग की खबर आसपास के लोगों तक पहुंची तो तमाशबीनों की भीड़ भी जुट गई। कई लोगों ने अपने वाहन सड़क किनारे खड़े कर दिए। इससे मिनी बाईपास रोड पर यातायात का दबाव बढ़ गया और देखते ही देखते दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। कुछ समय तक सड़क पर जाम के हालात बने रहे। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह एसी में शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि आग वास्तव में किस कारण लगी, यह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा। आग से अस्पताल के किस हिस्से को कितना नुकसान हुआ, इसका आकलन भी किया जा रहा है। गनीमत रही कि समय रहते अस्पताल में मौजूद मरीजों और तीमारदारों को बाहर निकाल लिया गया। घटना के बाद अस्पतालों में अग्निशमन व्यवस्था और आपातकालीन निकासी की तैयारियों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। खासकर बहुमंजिला अस्पतालों में आग जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा इंतजामों की नियमित जांच कितनी जरूरी है, यह घटना इसका संकेत दे गई।

# पीएचसी परिसर में मिला डी-फार्मा छात्र का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के इटौरिया गांव में डी-फार्मा छात्र लालू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार सुबह उसका शव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद में हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग बताया गया है। इससे मामला हत्या और आत्महत्या के बीच उलझ गया है। परिजनों के मुताबिक तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा लालू डी-फार्मा द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसके चाचा मुकेश ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे तक लालू उनके साथ खेत में फसल की रखवाली कर रहा था। इसके बाद वह वहां से चला गया। सुबह लालू के बड़े भाई वीरेंद्र का बेटा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा तो परिसर में उसका शव पड़ा मिला। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।



परिजनों ने गांव की एक महिला से कथित प्रेम प्रसंग को घटना की वजह बताते हुए आरोप लगाया कि लालू के साथ महिला के घर पर मारपीट हुई थी और बाद में उसकी हत्या कर शव पीएचसी परिसर में फेंक दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। सीओ फरीदपुर संदीप सिंह के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि परिजनों के आरोपों को ध्यान में रखते हुए हत्या समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# रक्षाबंधन कार्यक्रम की जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली क्लब मैदान में 27 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर हुए कार्यक्रम में भारी भीड़ के बीच अफरा-तफरी और एक महिला की मौत का मामला तूल पकड़ने लगा है। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

जिला महामंत्री सोनू ठाकुर की ओर से 29 अगस्त को भेजे गए पत्र में कार्यक्रम की अनुमति से लेकर सुरक्षा और महिला की मौत की परिस्थितियों तक की जांच कराने की मांग की गई है। शिकायत में करीब 20 हजार महिलाओं के कार्यक्रम में पहुंचने का दावा करते हुए पूछा गया है कि इतनी बड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या पर्याप्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास मार्ग, स्वयंसेवक और चिकित्सा व्यवस्था मौजूद थी। पार्टी ने एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की भी जांच कराने की मांग की है। महिला की मौत को गंभीर मुद्दा बताते हुए मेडिकल रिकॉर्ड, इमरजेंसी रजिस्टर, सीसीटीवी फुटेज और संबंधित कर्मचारियों के बयान सुरक्षित कराने की मांग की गई है। पोस्टमार्टम नहीं कराए जाने के कारणों की जांच की बात भी पत्र में कही गई है। पार्टी ने कार्यक्रम की अनुमति और निर्धारित शर्तों, यातायात प्लान, पार्किंग तथा ट्रैफिक डायवर्जन की स्थिति की जांच के साथ घायलों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कराने की मांग की है। सोनू ठाकुर ने कहा कि उद्देश्य किसी को निशाना बनाना नहीं, बल्कि जांच के बाद जिम्मेदारी तय कराना है।

# सात दिन बाद सुमित की मौत, हादसा या मारपीट ?

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बहेड़ी में एक सप्ताह पहले गंभीर हालत में मिले 18 वर्षीय सुमित कुमार की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। कई दिनों तक आईसीयू में जिंदगी के लिए जूझने के बाद सुमित की सांसें थम गईं। उसकी मौत के बाद घटना को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। परिवार का आरोप है कि सुमित को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किया गया था, जबकि पुलिस का कहना है कि युवक हादसे में घायल हुआ था। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट यह तय करने में अहम होगी कि सुमित की मौत किन चोटों की वजह से हुई।

देवीपुरा निवासी भूप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अगस्त को उनके भाई सुमित का ग्राम गरीबपुरा निवासी परमवीर, सचिन और कपिल से





विवाद हुआ था। आरोप है कि दोपहर में तीनों ने सुमित को रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और उसके साथ मारपीट की। परिवार का आरोप है कि शाम को सुमित बाइक से घर लौट रहा था। देवीपुरा बाजार से करीब सौ मीटर पहले आरोपियों ने उसे फिर रोक लिया और लाठी-डंडों तथा लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुमित को मौके पर छोड़कर हमलावरों के फरार होने का आरोप है। सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सुमित को पहले सीएचसी बहेड़ी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे बरेली के निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। कई दिनों तक आईसीयू में उपचार के बाद शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### दोपहर की मारपीट पुलिस ने मानी, रात की चोट पर सवाल

पुलिस के मुताबिक 21 अगस्त की दोपहर सुमित का कुछ युवकों से विवाद और मारपीट हुई थी। इस संबंध में परिवार की तहरीर पर मुकदमा भी दर्ज किया गया था। हालांकि पुलिस का कहना है कि सुमित को बाद में हादसे में चोट लगी थी और पीआरवी ने उसे मौके से उठाकर अस्पताल पहुंचाया था। अब जांच का मुख्य बिंदु यही है कि सुमित के शरीर पर आई गंभीर चोटें मारपीट का परिणाम थीं या सड़क हादसे में लगीं। परिवार के आरोप और पुलिस के दावे के बीच पोस्टमार्टम रिपोर्ट महत्वपूर्ण हो गई है। बहेड़ी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा के मुताबिक मामले की विवेचना जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर रेलवे स्टेडियम में दिखा खेलों का जोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर शनिवार को रोड नंबर चार स्थित रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल की ओर से आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में रेलकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुकाबले में रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एडमिन टीम को सीधे तीन सेटों में 3-0 से हराकर जीत दर्ज की।

कार्यक्रम की शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक सुश्री वीणा सिन्हा ने हॉकी के महान खिलाड़ी और हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद उन्होंने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साह बढ़ाया। डीआरएम ने प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया। इस दौरान डीआरएम ने कहा कि खेल केवल शारीरिक फिटनेस तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इससे अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम के साथ मिलकर काम करने की भावना विकसित होती है। नियमित खेल गतिविधियां तनाव कम करने के साथ कार्यक्षमता बढ़ाने में भी मदद करती हैं। उन्होंने रेल कर्मचारियों से खेल गतिविधियों में अधिक से अधिक भागीदारी करने और खेल को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। वॉलीबाल मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही दमदार खेल दिखाया। शानदार सर्विस, ब्लॉक और अटैक के बीच मुकाबला रोमांचक रहा।

# कान्हा उपवन में गौवंश की मौत पर बवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सीबीगंज स्थित सरकारी कान्हा उपवन में गौवंशीय पशुओं की मौत को लेकर शनिवार को जमकर हंगामा हुआ। गौशाला में अव्यवस्था और पशुओं की देखभाल में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने कान्हा उपवन के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर बुलाकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। बढ़ते हंगामे को देखते हुए पुलिस बल तैनात करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कान्हा उपवन में गौवंश के चारे, उपचार और रखरखाव की व्यवस्था ठीक नहीं है। उनका



दावा है कि इसी लापरवाही के कारण लगातार पशुओं की मौत हो रही है। शनिवार को मामला सामने आने के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। हंगामे के दौरान प्रदर्शनकारियों ने गौशाला के एक कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि मृत गौवंश के शवों का नियमानुसार निस्तारण करने के बजाय उन्हें परिसर स्थित मछली पालन के तालाब में डाला जाता है। आरोप लगाया गया कि मृत पशुओं को मछलियों के चारे के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि इस गंभीर आरोप की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और इसकी जांच आवश्यक है। प्रदर्शनकारियों ने सवाल उठाया कि यदि आरोप सही हैं तो सरकारी गौशाला में ऐसी व्यवस्था किसकी निगरानी में चल रही थी। हंगामे की सूचना पर पुलिस पहुंची। बाद में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य और सिटी मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों की शिकायतें सुनीं। कान्हा उपवन में लगे आरोपों ने सरकारी गौशालाओं में गौवंश की देखभाल, चिकित्सा व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब अधिकारियों की जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फरीदपुर (बरेली)।** बरेली के आनंद विहार कॉलोनी में 24 वर्षीय मजदूर रंजीत कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने ही घर में आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब 5-6 दिन पूर्व रंजीत की पत्नी घर छोड़कर चली गई थी, जिसके कारण वह गहरे अवसाद में था।शुक्रवार सुबह रंजीत की बहन ने उसे रक्षाबंधन की राखी बांधी और दोपहर में लौट गई। इसके तुरंत बाद रंजीत ने अपनी पत्नी से फोन पर बात की और अचानक यह आत्मघाती कदम उठा लिया। पिता द्वारा घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने फॉरेंसिक टीम संग मिलकर मौका मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

# हवालात या अस्पताल में युवक की मौत: नए वीडियो ने पुलिस की भूमिका पर खड़े किए सवाल

## गांव में किया गया राजेश का अंतिम संस्कार, पुलिस बल रहा मौजूद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** दातागंज थाना क्षेत्र में पुलिस कस्टडी में राजेश की मौत के मामले में सामने आए हवालात के नए सीसीटीवी वीडियो ने घटना को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में पुलिसकर्मी राजेश को पानी पिलाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं, लेकिन राजेश पानी पीने की हालत में भी नहीं दिख रहा। इसी दौरान पुलिसकर्मी के हाथ छोड़ते ही वह जमीन पर गिरता दिखाई देता है।



मृतक राजेश।

वीडियो में एक पुलिसकर्मी राजेश का कॉलर पकड़कर उसे झटका देता हुआ भी नजर आ रहा है। इसके बाद राजेश काफी देर तक हवालात के गेट के पास जमीन पर पड़ा दिखाई देता है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की भूमिका को लेकर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, वीडियो में पूरी घटना स्पष्ट नहीं होने के कारण किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जांच का विषय है। मामले में एसएसपी की ओर से कहा गया है कि पुलिसकर्मियों ने राजेश के साथ मारपीट नहीं की। पुलिस के मुताबिक, हवालात में रहने के दौरान राजेश की तबीयत बिगड़ी थी। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर, परिजनों से तहरीर लेकर पुलिस ने राजेश की मौत के मामले में उसके विपक्षियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने की बात कही है। इसी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं कि यदि राजेश की हत्या हुई थी तो वह पुलिस की हवालात में कैसे पहुंचा और उसकी हालत वहां बिगड़ने की स्थिति कैसे बनी।

अब सामने आए सीसीटीवी फुटेज ने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग को और गंभीर बना दिया है। वीडियो में दिखाई दे रहे घटनाक्रम और पुलिस के दावों के बीच अंतर की जांच आवश्यक है। मामले में पुलिस कस्टडी में मौत, सीसीटीवी फुटेज और दर्ज मुकदमे को लेकर जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।



हवालात के बाहर राजेश को पानी पिलाने की कोशिश करते सिपाही।



राजेश का कॉलर पकड़े खड़ा सिपाही।



हवालात गेट पर पड़ा राजेश।



अटसेना गांव में मृतक राजेश के घर बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़। -जागरण मोर्चा



रोते बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा

## राजेश की मौत के मामले में पांच लोगों पर हत्या का मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं/दातागंज।** दातागंज थाना क्षेत्र के गांव अटसेना निवासी राजेश की पुलिस कस्टडी में हुई मौत के मामले में पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। युवक की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना को लेकर पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा हुआ है।

बताया गया कि गुरुवार शाम गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। इसी मामले में पुलिस राजेश को पूछताछ के लिए थाने लेकर आई थी। परिजनों के मुताबिक, राजेश को रातभर थाने में रखा गया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दातागंज लेकर पहुंची, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों का आरोप है कि राजेश की मौत थाने में ही हो गई थी। उनका यह भी आरोप है कि अस्पताल से जिला अस्पताल ले जाते समय परिवार के किसी सदस्य को साथ नहीं भेजा गया। हालांकि पुलिस का कहना है कि थाने में अचानक राजेश की तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मामले में थाने के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फुटेज से राजेश के थाने पहुंचने के समय, उसकी हालत और पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीणों के अनुसार, भंडारे की दावत के दौरान शराब के नशे में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। ग्रामीणों ने गांव में अवैध शराब के कारोबार का आरोप भी लगाया है। फिलहाल पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज से मौत की परिस्थितियां और अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है।

## सवाल : हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि तो हत्या की रिपोर्ट क्यों

- राजेश को पीटा गया तो हवालात में रात भर क्यों
- आखिर क्या वजह रही कि पुलिस ने नहीं कराया मेडिकल
- पीटने वाले को किसके इशारे पर किया गया रिहा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पुलिस हिरासत में राजेश की मौत का मामला अब कई सवाल खड़े कर रहा है। एक ओर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है, वहीं पुलिस की ओर से हत्या की रिपोर्ट दर्ज किए जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। परिजनों और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि यदि मौत प्राकृतिक कारणों से हुई तो हत्या का मुकदमा दर्ज करने की जरूरत क्यों पड़ी?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि राजेश को कथित तौर पर पीटे जाने के बाद भी उसे रातभर हवालात में क्यों रखा गया। यदि पुलिस को उसकी तबीयत खराब होने की जानकारी थी तो तत्काल मेडिकल परीक्षण क्यों नहीं कराया गया? समय रहते अस्पताल ले जाने के बजाय उसे हवालात में रखने की वजह क्या थी, यह भी जांच का विषय है।

इसके अलावा राजेश की पिटाई के आरोप में जिस व्यक्ति का नाम सामने आया, उसे आखिर किसके इशारे पर रिहा किया गया? यदि मारपीट की घटना हुई थी तो पुलिस ने तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं की?

अब सवाल यह भी उठ रहा है कि कहीं पुलिस ने खुद को बचाने के लिए हत्या का मुकदमा दर्ज तो नहीं किया। हवालात के भीतर का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की भूमिका को लेकर संदेह और गहरा गया है। पूरे मामले में निष्पक्ष जांच से ही इन सवालों के जवाब सामने आ सकेंगे।

## नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं पर बोर्ड ने किया मंथन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर पालिका सभागार में बृहस्पतिवार को नगर पालिका बोर्ड की बैठक अध्यक्ष अबरार अहमद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर की साफ-सफाई, पेयजल, पथ प्रकाश और सड़क निर्माण समेत विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में नालियों की नियमित सफाई, कूड़ा उठान व्यवस्था और सफाई कर्मचारियों की कार्यशैली की समीक्षा की गई। इसके अलावा नगर की सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत, पथ प्रकाश व्यवस्था तथा पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभासदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं अध्यक्ष के समक्ष रखीं और उनके समाधान पर चर्चा की।



पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने कहा कि नगर का विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी सभासदों के सहयोग से नगर की समस्याओं का समाधान कराने और विकास कार्यों को गति देने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर भी जोर दिया।

बैठक में एक सभासद को छोड़कर सभी सभासद मौजूद रहे। अंत में अधिशासी अधिकारी रवि यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रधान लिपिक मशकूर खान, लिपिक राजीव कुमार, जितेंद्र कुमार समेत पालिका के कर्मचारी और सभासद सरिता पाठक, नसरीन बेगम, गंगा देवी, शहनाज, प्रगति, ज्योति कुशवाह, कृष्णा देवी, नरगिस, अभीक्ष पाठक, दीपक पाठक, बाबू, अमरपाल प्रजापति, राजेंद्र दिवाकर, शिव शंकर रस्तोगी, सौरभ कुमार, कमल खान, तरुण कुमार शर्मा, रईस, नीरज रस्तोगी, रूपकिशोर, महेश शाक्य, गोपाल वार्ष्णेय, नवनीत शर्मा, मंगतराम आदि उपस्थित रहे।

## हाईवे किनारे पेड़ पर फंदे से लटका मिला अज्ञात युवक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अजनाबर मोड़ के समीप मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे किनारे शनिवार को पेड़ पर फंदे से अज्ञात युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, शनिवार को हाईवे किनारे पेड़ पर एक युवक का शव लटका दिखाई दिया। इसकी जानकारी होते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पेड़ से नीचे उतारकर कब्जे में ले लिया।

खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही युवक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, उसने आत्महत्या की या उसकी मौत के पीछे कोई अन्य वजह है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## संक्षेप समाचार

### बच्चों के स्वास्थ्य की जांच, जरूरतमंदों को बांटी निशुल्क दवाएं




**बिसौली।** रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राममूर्ति देवी प्रेमशंकर बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में छात्राओं के साथ विद्यालय के समस्त स्टाफ का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में बच्चों का हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, दंत एवं नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के दौरान जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। वहीं, जिन बच्चों की दृष्टि कमजोर पाई गई, उन्हें रोटरी क्लब की ओर से चश्मे बनवाकर निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर में रोटरी क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संजय गर्ग, सचिव रोटेरियन मुदित अग्रवाल, रो. रवि प्रकाश अग्रवाल, इनरव्हील क्लब अध्यक्षा भारती अग्रवाल, सचिव डॉ. सुविधा माहेश्वरी, मधु शर्मा एवं अनुपम शर्मा मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ जरूरतमंदों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### भाई पर घर में आग लगाने और मारपीट का आरोप, डेढ़ लाख का सामान जला

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव आसफपुर में शुक्रवार देर रात घरेलू विवाद के दौरान एक युवक के घर में आग लगाए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने भाई पर घर में आग लगाने के साथ ही मारपीट करने और आग में धकेलने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। आग में घरेलू सामान, बच्चों के कपड़े-किताबें और शादी का सामान समेत करीब 1.55 लाख रुपये का सामान जलने की बात कही गई है। पीड़ित ने पुलिस चौकी आसफपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव आसफपुर निवासी प्रभाकर पुत्र रामवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 अगस्त की रात करीब 11:45 बजे वह पत्नी और बच्चों के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान उसका भाई राघव पुत्र रामवीर सिंह मुख्य दरवाजे पर पहुंचा और लात-डंडे से दरवाजा पीटने लगा। आवाज सुनकर प्रभाकर की नींद खुली और उसने दरवाजा खोला। पीड़ित के अनुसार, दरवाजा खोलने के बाद उसने देखा कि कमरे में रखा घरेलू सामान आग की चपेट में है। उसने आग बुझाने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी दौरान राघव ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की तथा उसे पकड़कर आग में धकेलने की कोशिश की। शोर सुनकर उसके बच्चे जाग गए और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। तहरीर के मुताबिक आग धीरे-धीरे पूरे घर में फैल गई। इससे कूलर, अलमारी, करीब 15 हजार रुपये नकद, बच्चों के कपड़े, किताबें, चारपाई और अन्य घरेलू सामान जल गया। पीड़ित के छोटे भाई विकास के कमरे में रखा सामान भी आग की चपेट में आने की बात कही गई है। इसके अलावा राघव की शादी का सामान भी जलने का दावा किया गया है। पीड़ित ने कुल करीब 1.55 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। सूचना मिलने पर आसफपुर पुलिस चौकी और डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग बुझाई। तहरीर के अनुसार करीब दो से तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसके भाई के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। उसने पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आग लगने की वास्तविक वजह और आरोपों की स्थिति स्पष्ट होगी।

## पांच दिन से गंगा में हो रहा कटान, रैपुरा गांव से महज 25 मीटर दूर बची धारा

- राजस्व टीम के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत, दो सौ घरों पर मंडरा रहा गंगा में समाने का खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उसहैत।** क्षेत्र के गांव रैपुरा में पिछले पांच दिनों से गंगा नदी का कटान तेजी से जारी है। अब कटान गांव से महज 25 मीटर की दूरी पर पहुंच गया है। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सूचना देने के बावजूद राजस्व विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। उन्होंने जिलाधिकारी से तत्काल सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने और कटान रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की गुहार लगाई है।

ग्रामीणों के मुताबिक करीब एक सप्ताह पहले रैपुरा गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर गंगा ने कटान शुरू किया था। लगातार कटान होने से नदी की धारा गांव की ओर बढ़ती चली आई। पांच दिनों से कटान और तेज हो गया है। ग्रामीणों का दावा है कि अब गांव और गंगा के बीच महज 25 मीटर का फासला रह गया है। यदि जल्द बचाव कार्य नहीं कराया गया तो अगले तीन-चार दिनों में करीब दो सौ घरों वाला पूरा रैपुरा गांव गंगा की धारा की चपेट में आ सकता है।

रैपुरा निवासी नन्हे, किशनपाल, शीशपाल, शहजादे समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मौके पर पहुंचकर कटान की स्थिति का जायजा लेने और बचाव कार्य शुरू कराने की मांग की है। लेखपाल अमित कुमार से मामले में जानकारी लेने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



रैपुरा के ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

### कदमनगला में पहले ही उजड़ चुके हैं कई परिवार

गंगा कटान का भय ग्रामीणों के सामने इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि पिछले दिनों सिठौली खाम के मजरा कदमनगला में कटान के चलते स्कूल गंगा में समा गया था। दुर्वेश, बृजपाल, सत्यवीर, छविराम और मुन्ने समेत कई ग्रामीणों के घर भी गंगा में बह गए। प्रभावित परिवारों को अपना घर छोड़कर रैपुरा-बावुलपुर के बीच सड़क किनारे पन्नी तानकर रहने को मजबूर होना पड़ा। आर्थिक संकट के चलते कुछ लोग रोजी-रोटी के लिए दूसरे स्थानों पर मजदूरी करने चले गए। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि रैपुरा में समय रहते बचाव कार्य नहीं कराया गया तो कदमनगला जैसी स्थिति यहां भी पैदा हो सकती है। उन्होंने जिलाधिकारी से गंगा कटान रोकने के लिए तत्काल प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था कराने और ग्रामीणों को संभावित विस्थापन से बचाने की मांग की है।

**आयोजन** शिवपुरम स्थित श्री शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से किया रुद्राभिषेक

## रुद्राभिषेक से अंत :करण की शुद्धि, शिव कृपा की प्राप्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शिवपुरम स्थित श्री शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान और श्रद्धा के साथ रुद्राभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, बिल्व पत्र, भांग, धतूरा और पुष्प अर्पित किए। इसके बाद भगवान शिव को मेवा-मिष्ठान का भोग लगाकर परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की गई।

यज्ञवीर की उपाधि से विभूषित यज्ञाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि रुद्राभिषेक केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि अंतःकरण को निर्मल करने और जीवन में सकारात्मक एवं कल्याणकारी चेतना जगाने वाली आध्यात्मिक साधना है। वेदों और पुराणों में भगवान रुद्र की उपासना का विशेष महत्व बताया गया है। श्रद्धा और शुद्ध भाव से किया गया रुद्राभिषेक मनुष्य को आत्मचिंतन, संयम, सदाचार और सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का अभिषेक करते समय मंत्रोच्चार और एकाग्र भाव मन को शांति प्रदान करते हैं। शिव आराधना से मनुष्य के भीतर के विकार, अहंकार, क्रोध और नकारात्मक विचार दूर होते हैं तथा वह सन्मार्ग की ओर अग्रसर होता है। शिव कृपा से धैर्य, विवेक, करुणा और परोपकार की भावना का विकास होता है। यज्ञाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि रुद्राभिषेक तभी सार्थक है, जब भगवान शिव की आराधना के साथ शिवत्व को अपने आचरण में भी उतारा जाए। जरूरतमंदों की सेवा, प्रकृति की रक्षा, सत्य का पालन और सभी प्राणियों के प्रति प्रेम ही सच्ची शिवभक्ति है।

रुद्राभिषेक के मुख्य यजमान सोहनलाल मेमोरियल इंटर कॉलेज निजामाबाद के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार शर्मा और उनकी पत्नी श्रीमती संगीता रहीं। पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधिवत पूजन-अर्चन कर सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। इस मौके पर मदनलाल झा, लता शर्मा, राजेश पाठक, राजकुमारी, खुशबू आदि मौजूद रहीं।



शिवपुरम स्थित श्री शिव मंदिर में रुद्राभिषेक करते प्रधानाचार्य बृजेश पाठक व श्रद्धालु, वेदमंत्रोच्चारण करते यज्ञाचार्य संजीव कुमार शर्मा।। -जागरण मोर्चा

## थाने से मिली कथित 'हामी', चौकी ने रोका तो भड़का सीकरी

### पांच दिन पहले पुलिस तक पहुंच गया था प्रतिमा स्थापना का मामला, प्रधानी की सियासत ने विवाद को दी हवा

देवेश मिश्रा, जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** राजा की सीकरी में प्रतिमा स्थापना को लेकर हुआ बवाल कई दिनों से पक रहे विवाद का नतीजा बताया जा रहा है। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के अनुसार, विवाद की शुरुआत बवाल से करीब पांच दिन पहले ही हो गई थी, जब प्रतिमा स्थापना से जुड़े कुछ लोग फैजगंज थाने पहुंचे थे। वहां अनुमति को लेकर हुई कथित बातचीत के बाद मामला शांत नहीं हुआ, बल्कि अलग-अलग स्तर पर हुई पुलिस कार्रवाई ने विवाद को और बढ़ा दिया।

सूत्रों के मुताबिक, एक संगठन से जुड़े युवा, सेवानिवृत्त कर्मचारी और निर्माण समिति से जुड़े व्यक्ति ने थाना प्रभारी सुभाष कुमार से मुलाकात की थी। बताया जाता है कि इन लोगों ने सरकारी भूमि पर प्रतिमा स्थापित करने की बात रखी। थाना प्रभारी ने प्रशासनिक अनुमति के बारे में जानकारी ली तो कथित तौर पर अनुमति नहीं होने की बात सामने आई। आरोप है कि अनुमति नहीं होने की जानकारी के बावजूद थाना स्तर से तत्काल प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। सूत्रों का दावा है कि बातचीत के दौरान संबंधित लोगों को ऐसा भरोसा मिला कि प्रतिमा स्थापना में तत्काल पुलिस हस्तक्षेप नहीं होगा। हालांकि, इन दावों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसके बाद मामला गांव की प्रधानी की राजनीति से जुड़ता चला गया। दूसरे पक्ष को आशंका थी कि प्रतिमा स्थापना का राजनीतिक लाभ एक गुट को मिल सकता है। इसी कारण प्रतिमा स्थापना की सूचना स्थानीय चौकी पुलिस तक पहुंचाई गई। शिकायत मिलने पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य रुकवा दिया।




इसी थाने में लिखी गई थी सीकरी विवाद की पटकथा। -जागरण मोर्चा

**दो स्तर की कार्रवाई ने बढ़ाई नाराजगी :** एक ही मामले में थाने और चौकी स्तर पर सामने आई कथित अलग-अलग भूमिका ने स्थिति को पेचीदा बना दिया। प्रतिमा स्थापना कराने वाले पक्ष को जहां पहले कथित तौर पर कार्रवाई नहीं होने का भरोसा मिला था, वहीं चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काम रोक दिया। इससे संबंधित पक्ष में पुलिस के खिलाफ नाराजगी बढ़ने लगी। सूत्रों का कहना है कि इसके बाद चौकी पुलिस को ही विवाद का जिम्मेदार मानकर विरोध शुरू हुआ। धीरे-धीरे मामला प्रशासनिक अनुमति और प्रतिमा स्थापना से आगे बढ़कर पुलिस के साथ टकराव में बदल गया। इसी तनाव ने बाद में हिंसक रूप ले लिया और पथराव तथा बवाल की स्थिति पैदा हो गई।

**समय रहते हस्तक्षेप होता तो टल सकता था बवाल? :** सीकरी प्रकरण अब पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर रहा है। सवाल यह है कि जब प्रतिमा स्थापना को लेकर पांच दिन पहले ही पुलिस को जानकारी मिल गई थी और अनुमति का मामला स्पष्ट नहीं था तो उसी समय दोनों पक्षों को बुलाकर स्थिति साफ क्यों नहीं की गई।

## एक नजर

### महिला सहायक अध्यापिका ने प्रधानाचार्य पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**बदायूं।** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव दुगरैय्या स्थित जूनियर हाईस्कूल में तैनात महिला सहायक अध्यापिका ने विद्यालय के प्रधानाचार्य पर छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से जानकारी ली। महिला अध्यापिका ने थाने पहुंचकर प्रधानाचार्य के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला सहायक अध्यापिका के अनुसार, शनिवार सुबह वह विद्यालय पहुंची थी। इसी दौरान प्रधानाचार्य ने उससे स्कूटी से स्कूल नहीं आने का कारण पूछा। अध्यापिका ने बताया कि उसके हाथ में चोट लगी हुई है। आरोप है कि इसके बाद प्रधानाचार्य उसे अपने कार्यालय में ले गए और हाथ पकड़कर अश्लील हरकत की। अध्यापिका का आरोप है कि प्रधानाचार्य पूर्व में भी कई बार उसके सामने अश्लील हरकत कर चुके हैं। इससे वह काफी परेशान और असहज थी। शनिवार की घटना के बाद उसने पुलिस को सूचना दी और थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी।

# राखी के दिन भी सीकरी में पहरा, त्योहार की रौनक के बीच शांति की डोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** रक्षाबंधन के पर्व पर शुक्रवार को जहां गांव-गांव भाई-बहन के प्रेम और स्नेह की खुशियां दिखाई दीं, वहीं थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के राजा की सीकरी गांव में पुलिस-प्रशासन की सतर्कता भी बरकरार रही। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर हुए विवाद के बाद संवेदनशील बने गांव में पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने पूरे दिन गांव की गतिविधियों पर नजर रखी, ताकि त्योहार के दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने।

रक्षाबंधन पर बहनें भाइयों के घर पहुंचीं और परिवारों ने परंपरागत तरीके से पर्व मनाया। हालांकि हाल के घटनाक्रम का असर गांव के माहौल में नजर आया। संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी रही और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई।



सीकरी गांव में पीएसी की खड़ी गाड़ी। -जागरण मोर्चा



त्योहार के दिन भी गांव में पसरा रहा सन्नाटा। -जागरण मोर्चा



गांव की चौपाल में बैठी पुलिस व अन्य लोग। -जागरण मोर्चा

कुछ दिन पहले सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर प्रतिमा स्थापित करने को लेकर विवाद हुआ था। प्रशासन की आपत्ति के बाद मामला बढ़ गया और पुलिस-प्रशासन की टीम के सामने पथराव की स्थिति भी बनी थी। इसके बाद से गांव में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन के लिए रक्षाबंधन का दिन कानून-व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को अफवाहों पर नजर रखने और किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सोशल मीडिया पर प्रकरण से जुड़े वीडियो और प्रतिक्रियाएं सामने आने के कारण भी निगरानी बढ़ाई गई है।

ग्रामीणों की अब सबसे बड़ी उम्मीद गांव में सामान्य माहौल की वापसी को लेकर है। लोगों का कहना है कि विवाद का असर आपसी भाईचारे पर नहीं पड़ना चाहिए। रक्षाबंधन के पर्व ने भी सौहार्द और शांति का संदेश दिया।

प्रतिमा विवाद का स्थायी समाधान अभी बाकी है। प्रशासन के सामने कानूनी प्रक्रिया के साथ ऐसा रास्ता निकालने की चुनौती है, जिससे भविष्य में दोबारा विवाद की स्थिति न बने। फिलहाल पुलिस-प्रशासन की निगरानी में रक्षाबंधन शांतिपूर्ण ढंग से गुजर गया।

## सीकरी बवाल में महिलाओं की भूमिका पर पुलिस की नजर, चार नामजद गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** राजा की सीकरी गांव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर हुए बवाल की जांच में पुलिस ने शुक्रवार को चार नामजद महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार महिलाओं में दुर्वेश, लक्ष्मी, दयावती और मनीता शामिल हैं। इनमें लक्ष्मी फरार चल रहे मुख्य आरोपी मानसिंह की पत्नी बताई गई है। पुलिस अब घटना के दौरान महिलाओं की भूमिका की भी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को प्रतिमा स्थापना को लेकर विवाद बढ़ने के बाद जब पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तो भीड़ उग्र हो गई थी। आरोप है कि महिलाओं को भीड़ के आगे खड़ा कर पुलिस का रास्ता रोकने और कार्रवाई में बाधा डालने का प्रयास किया गया। पुलिस अब वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर यह पता लगाने में जुटी है कि महिलाओं की भूमिका घटनास्थल पर किस तरह रही और उन्हें आगे खड़ा करने के पीछे किसी की योजना थी या नहीं।

### पथराव में पुलिसकर्मी और पत्रकार हुए थे घायल

सरकारी ग्राम समाज की भूमि पर बिना अनुमति आंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने के प्रयास को लेकर शुरू हुआ विवाद मंगलवार को पथराव तक पहुंच गया था। घटना में पुलिसकर्मियों और पत्रकारों समेत कई लोग घायल हुए थे, जबकि कुछ वाहनों को भी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी शुरू की। पुलिस अब नामजद आरोपियों के साथ फरार लोगों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है और संवेदनशीलता को देखते हुए लगातार निगरानी की जा रही है।

### मुख्य आरोपी की पत्नी भी गिरफ्तार

लक्ष्मी की गिरफ्तारी को पुलिस की जांच में महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है। पुलिस मानसिंह की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। साथ ही घटना से पहले और बाद में सक्रिय रहे लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

## उझानी में विवाहिता को बहला-फुसलाकर भगाने और लाखों के जेवरात-नगदी पार करने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कोतवाली उझानी क्षेत्र के ग्राम वरसुआ से एक विवाहिता को बहला-फुसलाकर ले जाने और घर से सोने-चांदी के भारी मात्रा में आभूषण व नगदी गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता खूबचंद पुत्र चंद्रपाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर नामजद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई और सामान की बरामदगी की मांग की है।

**रक्षाबंधन पर मायके आई थी पीड़िता :** पीड़ित खूबचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री मधु का विवाह 10 मई 2026 को ग्राम थल्लिया नगला (थाना मूसाझाग) निवासी वी.पी. सिंह के साथ हुआ था। वह 9 अगस्त 2026 को रक्षाबंधन का त्योहार मनाने अपने मायके वरसुआ आई हुई थी। आरोप है कि 22 अगस्त 2026 को दोपहर लगभग 2 बजे ग्राम कोठी नगला निवासी रविन्द्र कुमार पुत्र सत्यदेव उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। ग्रामीणों ने आरोपी को युवती के साथ जाते देखा था।

**विवाहिता और बड़ी बहन के गहने भी गायब :** तहरीर के अनुसार, युवती अपने साथ शादी में चढ़ाए गए भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण ले गई है, जिसमें सोने के झाले, अंगूठी, टीका, चैन, बेसर तथा चांदी की कमरबंद, हथफूल और गुलशनपट्टी शामिल हैं। इतना ही नहीं, रक्षाबंधन पर मायके आई पीड़िता की बड़ी बहन ममता का भी सामान गायब है। इसके अलावा घर में रखे सोने-चांदी के अन्य जेवर (जैसे सोने की अंगूठी, टीका, चांदी के खंडवा, पांजेवरी, जेवरी) और 8,000 की नगदी भी गायब मिली है।

**पुलिस से कार्रवाई और सकुशल बरामदगी की गुहार :** पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि आरोपी युवक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के साथ-साथ उक्त माल-जेवर और नगदी भी हड़प ले गया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर मामले की निष्पक्ष जांच करने, पुत्री की सकुशल बरामदगी कराने और चोरी हुए आभूषण व नगदी वापस दिलाने की मांग की है।

## रक्षाबंधन पर मायके जाने को लेकर हुआ विवाद, विवाहिता की संदिग्ध मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** रक्षाबंधन पर मायके जाने की इच्छा जताना 30 वर्षीय विवाहिता अर्चना के लिए विवाद की वजह बन गया। थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। ससुराल पक्ष ने मायके वालों को सड़क हादसे में मौत होने की जानकारी दी, जबकि मायके पक्ष ने पति और ससुरालियों पर प्रताड़ित करने के बाद हत्या का आरोप लगाया है।

अर्चना की शादी करीब सात वर्ष पहले हुई थी। उसके दो छोटे बच्चे हैं। मायके वालों का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चलता रहता था।



अर्चना फाइल फोटो। -जागरण मोर्चा

सास पर भी विवाहिता को परेशान करने का आरोप लगाया गया है। परिजनों के मुताबिक, दो दिन पहले भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। रक्षाबंधन पर अर्चना ने मायके जाने की बात कही, लेकिन पति ने उसे जाने से रोक दिया। आरोप है कि इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई।

परिजनों का कहना है कि बाद में अर्चना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल पक्ष ने इसे सड़क हादसा बताया, लेकिन मायके वालों ने मौके पर पहुंचकर शव की स्थिति और घटनाक्रम पर सवाल उठाए। उन्होंने ससुरालियों पर हत्या करने तथा मौत के बाद विवाहिता के जेवर उतारने का भी आरोप लगाया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### बालाजी महाराज के दरबार में गूंजे जयकारे, हजारों भक्तों ने ग्रहण की प्रसादी



कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** बिल्सी रोड स्थित बलदेवधाम गुदनी में शनिवार को धार्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। श्री बालाजी महाराज का भव्य श्रृंगार कर सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सुबह आठ बजे से शुरू हुए आयोजन में दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंचे और बालाजी महाराज के दर्शन किए। दोपहर 12 बजे से धाम परिसर में सवामनी प्रसादी भंडारा शुरू हुआ। बिसौलीगंज निवासी बाबा के भक्त प्रदुम्न सिंह की मन्नत पूरी होने पर आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। देर तक श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। बालाजी महाराज के जयकारों से पूरा धाम परिसर गूंजता रहा। पीठाधीश्वर श्री ललितेश्वरानंद महाराज ने कहा कि बालाजी महाराज के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना व्यर्थ नहीं जाती। श्रद्धा और सेवा भाव से किए गए कार्य से आत्मिक शांति मिलती है। मन्नत पूरी होने पर भंडारा कराना भगवान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। भंडारे में सभी भक्तों को प्रेमपूर्वक प्रसादी वितरित की गई। पूरे धाम परिसर में दिनभर भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा।

### त्योहार बीतने के बाद जागा खाद्य सुरक्षा विभाग, कुंवरगांव में छापेमारी से मचा हड़कंप

**कुंवरगांव (बदायूं)।** रक्षाबंधन का त्योहार बीतने के बाद शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कुंवरगांव कस्बे में छापेमारी की। दोपहर करीब तीन बजे खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीम के पहुंचते ही मुख्य बाजार में अफरा-तफरी मच गई। टीम की गाड़ियां देखकर कई किराना और मिष्ठान कारोबारियों ने दुकानों के शटर गिरा दिए। कुछ दुकानदार मौके से निकल गए। करीब तीन घंटे तक चली कार्रवाई में टीम ने थोक किराना और मिष्ठान की दो दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। जानकारी के मुताबिक टीम ने सबसे पहले बिजलीघर के सामने स्थित गगन की थोक किराना दुकान से खाद्य पदार्थ का सैंपल लिया। इसके बाद संजय मार्केट स्थित एक मिष्ठान की दुकान से दूसरा नमूना भरा गया। दोनों सैंपलों को सील कर जांच के लिए भेजने की कार्रवाई की गई। शाम करीब छह बजे टीम कस्बे से रवाना हो गई। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के कस्बे में पहुंचने की जानकारी फैलते ही कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। मुख्य बाजार में कुछ ही देर में कई शटर गिरे नजर आए। व्यापारियों का कहना है कि छापेमारी की सूचना मिलते ही कई कारोबारी दुकानें बंद कर वहां से चले गए। रक्षाबंधन के अगले दिन हुई कार्रवाई को लेकर व्यापारियों ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि त्योहार के दौरान मिठाई, खोया और अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री बढ़ जाती है। ऐसे में मिलावट की जांच के लिए कार्रवाई त्योहार से पहले होनी चाहिए थी। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि त्योहार बीतने के बाद कार्रवाई का कोई खास औचित्य समझ में नहीं आता।

## लाला राम स्वीट्स में मिठाई पर मुंह मारते कुत्ते का वीडियो वायरल, खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर के कोतवाली क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध 'लाला राम स्वीट्स' की दुकान से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक कुत्ता दुकान में रखे मिठाई के सामान पर बेझिझक मुंह मारता नजर आ रहा है। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और ग्राहकों में आक्रोश है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दुकान के डिस्प्ले या काउंटर के पास खुली रखी मिठाई तक कुत्ता आसानी से पहुंच जाता है और उसे चाटने लगता है। आसपास मौजूद लोग जब यह देखते हैं तो पूरे मामले का वीडियो बना लेते हैं, जो अब इंटरनेट पर जमकर शेयर किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बदायूं की नामी मिठाइयों की दुकानों में से एक होने के बावजूद यहां स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का इस तरह उल्लंघन होना चिंताजनक है। लोगों ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) से दुकान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और बिक रही मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच करने की मांग की है। वहीं, वीडियो के आधार पर पुलिस और संबंधित विभाग मामले का संज्ञान ले रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर त्यौहारों और आम दिनों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की स्वच्छता पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। जागरण मोर्चा वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

## प्रसूता की मौत पर निजी अस्पताल पर गंभीर आरोप, परिजनों ने 45 हजार रुपये वसूलने का लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सहसवान के एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान 35 वर्षीय महिला की हालत बिगड़ने और उपचार के दौरान मौत होने का मामला सामने आया है। मृतका के परिजनों ने अस्पताल संचालक और चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने तथा करीब 45 हजार रुपये वसूलने के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का दावा है कि ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत बिगड़ने पर चिकित्सक और स्टाफ उसे ऑपरेशन थिएटर में छोड़कर चले गए। इसके बाद परिजन उसे बदायूं लेकर जा रहे थे, लेकिन उझानी के पास रास्ते में उसकी मौत हो गई। पट्टी यकीन मोहम्मद निवासी जीशान के मुताबिक उनकी पत्नी इमारत जहां को शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे सहसवान स्थित पब्लिक हेल्थ केयर सेंटर में प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था। आरोप है कि भर्ती के समय अस्पताल की ओर से इमरजेंसी के नाम पर 10 हजार रुपये जमा कराए गए। इसके बाद महिला में खून की कमी बताते हुए दो यूनिट रक्त की व्यवस्था करने को कहा गया। परिजनों का कहना है कि डॉक्टर के बारे में पूछने पर वहां मौजूद महिला चिकित्सक उन्हें बड़े डॉक्टर के आने की बात कहकर टालती रही। परिजनों के अनुसार बाद में एक और यूनिट रक्त की मांग की गई। प्रसव और ऑपरेशन के नाम पर पांच हजार रुपये नकद तथा 30 हजार रुपये खाते में भी ट्रांसफर कराए गए।

## बाइक रोककर युवक पर लोहे की रॉड से हमला, हालत नाजुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कोतवाली क्षेत्र में पथिक चौक के पास दावत रेस्टोरेंट के निकट बाइक सवार युवक पर दो लोगों ने कथित रूप से लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से युवक मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में घायल की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

गांव खेड़ा बुजुर्ग, थाना सिविल लाइन निवासी शबनूर पत्नी सालिम ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 अगस्त की रात करीब 10:30 बजे उनके पति सालिम आवश्यक कार्य से पथिक चौक की ओर जा रहे थे। आरोप है कि दावत रेस्टोरेंट के पास पहले से मौजूद सुमित पुत्र बब्लू और ललित पुत्र तेजपाल निवासी मीरा जी की चौकी ने उनकी बाइक रोक ली और गालीगलौज व हाथापाई करने लगे।

तहरीर के अनुसार, विरोध करने पर दोनों ने लोहे की रॉड से सालिम के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से वह अचेत होकर सड़क पर गिर गए। इसी दौरान वहां से गुजर रहे रवि, पिंकी समेत अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया। आरोप है कि इसके बाद दोनों आरोपी सालिम को गंभीर हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए।

शबनूर ने बताया कि हमले में उनके पति के सिर और कान से काफी खून बहा तथा उनकी हालत बेहद नाजुक है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## अनदेखी

### जिले की विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात हैं करीब 15 पैरामेडिकल वर्कर

## शासन की गाइडलाइन के बावजूद नहीं आई संविदा कुष्ठ कर्मचारियों की सैलरी, त्योहार पर मायूसी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शासन की गाइडलाइन के बावजूद संविदा पर तैनात कुष्ठ विभाग के कर्मचारियों को त्योहार से पहले वेतन नहीं मिल सका। जिले की विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर तैनात करीब 15 पीएमडब्ल्यू (पैरामेडिकल वर्कर) वेतन का इंतजार करते रह गए। वहीं, अन्य संविदा कर्मचारियों का वेतन खाते में पहुंच गया। इससे कुष्ठ विभाग के कर्मचारियों में नाराजगी है।

कर्मचारियों का आरोप है कि शासन स्तर से त्योहार से पहले संविदा कर्मचारियों का वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कुष्ठ विभाग के संविदा कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी हुई। कर्मचारियों का कहना है कि सीएमओ कार्यालय की ओर से भी सभी कर्मचारियों को त्योहार से पहले वेतन दिलाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन संबंधित स्तर पर लापरवाही के चलते उनका भुगतान नहीं हो सका।



डॉ मोहन झा। -जागरण मोर्चा

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सीएमओ कार्यालय में कुष्ठ विभाग का काम देखने वाले संबंधित बाबू अनिल की लापरवाही के कारण वेतन भुगतान की प्रक्रिया समय से पूरी नहीं हो सकी। उनका कहना है कि संबंधित कर्मचारी से कुष्ठ विभाग का कार्य लेने के बजाय अन्य काम कराया जाता है, जबकि वेतन कुष्ठ विभाग से लिया जा रहा है। कर्मचारियों ने इस व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। पीएमडब्ल्यू कर्मचारियों का कहना है कि त्योहार के समय वेतन न मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ा। अन्य संविदा कर्मचारियों का वेतन जारी होने के बाद कुष्ठ विभाग के कर्मचारियों में रोष और बढ़ गया है।

कर्मचारियों ने सीएमओ से मामले की जांच कराकर जिम्मेदारी तय करने और लंबित वेतन तत्काल जारी कराने की मांग की है। साथ ही शासन की गाइडलाइन के अनुसार भविष्य में समय से वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।

**बाबू ने कहा एसीएमओ के नहीं हो सके फाइल पर हस्ताक्षर :** कुष्ट विभाग में तैनात बाबू अनिल कुमार ने बताया कि फाइल तैयार कर ली थी लेकिन अधिकारी के हस्ताक्षर न होने की वजह से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल सका है . जल्द ही वेतन भेज दिया जायेगा।

**एसीएमओ मोहन झा ने कहा नहीं आया बजट :** स्वास्थ विभाग में लापरवाही का आलम यह है कि सीएमओ के आदेश के बाद भी कुष्ट विभाग के संविदा कर्मचारियों को वेतन रक्षाबंधन से पहले नहीं मिल सका। जानकारी करने पर ए सीएमओ डॉ मोहन झा बजट का रोना रोते नजर आए जबकि बाबू अधिकारी के हस्ताक्षर न होने की बात कह रहा है। अधिकारियों और बाबू की लापरवाही के चलते कर्मचारियों का त्यौहार फीका रहा। इस मामले में सीएमओ डॉ विकास शर्मा से बात करनी चाही तो उनका फोन ही रिसीव नहीं हुआ।

## राजेश कोरी की अंत्येष्टि में जाने से रोके कांग्रेस जिलाध्यक्ष, आवास पर किया सत्याग्रह

### हाईकोर्ट के जज से न्यायिक जांच, हत्या की एफआईआर और एक करोड़ रुपये मुआवजे की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली में पुलिस हिरासत में हुई दलित युवक राजेश कोरी की मौत के मामले में कांग्रेस ने सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को राजेश कोरी के दाह संस्कार में शामिल होने जा रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव को पुलिस ने नेकपुर स्थित उनके आवास पर रोककर हाउस अरेस्ट कर लिया। इससे आक्रोशित अजीत यादव अपने आवास पर ही सत्याग्रह पर बैठ गए। दोपहर करीब दो बजे नायब तहसीलदार सृजन यादव सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन लिया।

ज्ञापन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने राजेश कोरी की मौत की हाईकोर्ट के जज से न्यायिक जांच कराने, मामले में हत्या की एफआईआर दर्ज करने और मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पुलिस हिरासत में हुई मौत की निष्पक्ष जांच के बिना सच्चाई सामने नहीं आ सकती।





जिला अध्यक्ष अजीत सिंह को रोकती सिविल लाइन पुलिस। -जागरण मोर्चा

सत्याग्रह के दौरान अजीत यादव ने कहा कि योगी सरकार में दलित और पिछड़े सुरक्षित नहीं हैं। राजेश कोरी की मौत की जिम्मेदारी सरकार और पुलिस प्रशासन की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस मौत को स्वाभाविक बताकर मामले में लीपापोती करने का प्रयास कर रही है, जबकि परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस राजेश कोरी को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में तत्काल हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई जानी चाहिए और पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मामले की जानकारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को फोन पर दी गई है और उनसे बदायूं आने का अनुरोध किया गया है। अजीत यादव के मुताबिक प्रदेश अध्यक्ष ने जल्द अटसेना गांव पहुंचकर राजेश के परिजनों से मुलाकात करने का आश्वासन दिया है।

अजीत यादव ने आरोप लगाया कि उन्हें लगातार हाउस अरेस्ट किया जा रहा है और मृतक की अंत्येष्टि में शामिल होने से भी रोका गया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज को पुलिस के बल पर दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन वह इससे पीछे हटने वाले नहीं हैं और जनता की आवाज उठाते रहेंगे। सत्याग्रह स्थल पर कांग्रेस नेताओं ने बिसौली क्षेत्र के राजा की सीकरी गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को लेकर हुए विवाद का मुद्दा भी उठाया। जिला उपाध्यक्ष बफाती मियां और दीपक मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस दलित समाज के साथ खड़ी है।

## भरभराकर गिरा निर्माणाधीन मकान का लिंटर, मलबे में दबे दो सगे भाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के पिलखना गांव में शुक्रवार सुबह निर्माणाधीन मकान का लिंटर अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय वहां मौजूद दो सगे भाई मलबे में दब गए। तेज आवाज के साथ लिंटर गिरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। पिलखना गांव निवासी होरीलाल पुत्र भगवंत के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार सुबह करीब 8:40 बजे मकान का लिंटर अचानक गिर गया। उस समय होरीलाल के बेटे शत्रुघ्न (25) और सचिन (18) मौके पर मौजूद थे। दोनों भाई लिंटर के मलबे में दब गए। हादसे की सूचना पीआरबी-6011 के माध्यम से पुलिस को मिली। जानकारी मिलते ही रोजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर दोनों भाइयों को बाहर निकाला। दोनों युवकों के शरीर पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में दोनों का उपचार चल रहा है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।


निर्माणाधीन मकान का लेंटर गिरने के बाद पड़ा मलबा। -जागरण मोर्चा

# रक्षाबंधन पर ससुराल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## पनवाड़े गांव के पास शव मिलने से फैली सनसनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील क्षेत्र के पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाण्डेवारी के मजरा छपौरा में शनिवार को एक खेत किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान मोहम्मदी थाना क्षेत्र के ग्राम पचतौर निवासी अवधेश पुत्र गिरिवर के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या कर शव को यहां फेंका गया है। मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचतौर निवासी अवधेश कुमार पुत्र गिरिवर रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर अपनी ससुराल ग्राम पंचायत पाण्डेवारी के मजरा छपौरा थाना पसगवां गए था। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने अवधेश कुमार की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए आरोप लगाया है कि किसी ने उसकी हत्या की है। सूचना मिलते ही पसगवां इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह और क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का मुआयना कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में ले लिया। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पसगवां इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया, "मामले की हर पहलू से गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।" पुलिस मृतक की पुरानी रंजिश और वह आखिरी बार किसके साथ देखा गया था, जैसे सभी बिंदुओं पर परिजनों से पूछताछ कर रही है।


घटनास्थल के करीब पड़ी मृतक की मोटरसाइकिल। -जागरण मोर्चा


घटनास्थल पर मौजूद भीड़। -जागरण मोर्चा

## पार्षदों ने मेयर व भाजपा महानगर अध्यक्ष को सौंपे स्पष्टीकरण

### कोर कमेटी की बैठक के बाद लिया जाएगा निर्णय : शिल्पी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम में बोतल का पानी हाथ में लेकर शपथ लेने के वायरल वीडियो को लेकर नगर निगम और भाजपा महानगर अध्यक्ष की ओर से जारी नोटिस के जवाब में पार्षदों ने अपना लिखित स्पष्टीकरण सौंप दिया है। पार्षदों ने मेयर अर्चना वर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता को बंद लिफाफे में अपना जवाब दिया है। सूत्रों की मानें तो करीब 6 पार्षदों को नोटिस दिया गया था। जिसमें स्पष्टीकरण में सभी ने एक ही बात कही गई है। पार्षदों ने अपने जवाब में बताया है कि वीडियो में दिखाई दे रहे लोग अनूप गुप्ता के जन्मदिन की पार्टी में एक होटल में मौजूद थे। पार्टी के दौरान आपस में मजाकिया अंदाज में बोतल का पानी हाथ में लेकर शपथ लेने का मजाकिया अंदाज किया जा रहा था। उनका उद्देश्य किसी प्रकार का गलत कार्य करना नहीं था। पार्षदों के मुताबिक वीडियो में 15वें वित्त से नगर निगम को मिलने वाली धनराशि का जिक्र किया गया था। इसका आशय यह था कि 15वें वित्त की धनराशि से सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएं। किसी वार्ड के साथ कम या ज्यादा का भेदभाव न हो और सभी पार्षदों के क्षेत्र में बराबर काम कराया जाए। पार्षदों ने यह भी कहा है कि कार्यक्रम के दौरान बनाई गई वीडियो को विपक्षी दल के एक मुस्लिम पार्षद ने वायरल कर दिया। इसके बाद वीडियो को अलग अर्थ में प्रचारित किया गया, जिससे विवाद खड़ा हुआ। नगर निगम और भाजपा महानगर अध्यक्ष की ओर से जारी नोटिस के बाद जो वीडियो में पार्षद दिख रहे हैं उन्होंने अपना पक्ष लिखित रूप से प्रस्तुत कर दिया है। महानगर अध्यक्ष बोली आज छुट्टी है लेकिन कुछ लोगों ने स्पष्टीकरण दिया है सभी का स्पष्टीकरण मिलने के बाद कोर कमेटी की बैठक के बाद जो निर्णय लिया जायेगा उसी आधार पर ही आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मेयर अर्चना वर्मा का फोन नहीं उठा।



कार्यालय नगर निगम शाहजहांपुर। -जागरण मोर्चा

**नोटिस के जवाब, मजाकिया अंदाज में ली थी शपथ**
**15वें वित्त का पैसा सभी वार्डों में बराबर खर्च कराने की थी बात**
**जन्मदिन पार्टी का वीडियो विपक्षी पार्षद पर वायरल का आरोप**

## मोमोज खा रहे युवक को ले जाकर लाठी-डंडों से पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र में मोमोज खा रहे युवक को बहाने से अपने साथ ले जाकर मारपीट करने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। पावर हाउस इंडस्ट्रीज एरिया निवासी सुमित पुत्र रूपराम ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 22 अगस्त की रात करीब नौ बजे वह रोजा अड्डे पर मोमोज खा रहा था। इसी दौरान आदर्शनगर कॉलोनी गली नंबर छह निवासी अर्जुन पुत्र संजीव, मठिया कॉलोनी निवासी रमन गुप्ता पुत्र रामकरन गुप्ता और अमित निवासी मठिया कॉलोनी वहां पहुंचे। आरोप है कि तीनों युवक सुमित को बहला-फुसलाकर ग्राम बल्लिया स्थित बगिया के पास ले गए। वहां उसके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई। विरोध करने पर आरोपितों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में सुमित को चोटें आईं। घटना के बाद उसने अपना चिकित्सीय परीक्षण भी कराया। पीड़ित की 25 अगस्त को दी गई तहरीर के आधार पर रोजा थाने में मुकदमा संख्या 0388/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 352 और एससी-एसटी अधिनियम की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ सदर पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित के बयान दर्ज करने के साथ ही घटनाक्रम से जुड़े अन्य साक्ष्यों और तथ्यों की जांच शुरू कर दी है।

## आंखों में आंसू, थाली में राखी, पर भाई नहीं आया

### इकलौते भाई को खो चुकीं बहनों का छलका दर्द

- रक्षाबंधन पर विधायक अरविंद सिंह बंधवाई राखी
- बोले-भाई की जगह कोई नहीं ले सकता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रक्षाबंधन पर घर में राखी की थाली लेकर बहने आंखों में आंसू लेकर इंतजार करती रही मगर भाई नहीं आया । यह दर्द है कांट अंतर्गत ग्राम कमल नैनपुर की चार बहनों काजो अपने इकलौते भाईकी याद में हाथ में राखी की थाली लेकर आंसू बहाती रहीं । रक्षाबंधन पर हर बहन की आंखें अपने भाई की राह देखती हैं। हाथों में राखी होती है और मन में भाई की लंबी उम्र की कामना। लेकिन कांट थाना क्षेत्र के कमलनयनपुर गांव में इस बार चार बहनों की राखी की थाली तो सजी, मगर भाई की कलाई सूनी रह गई। कुछ दिन पहले हत्या में इकलौते भाई गौतम मौर्य को खो चुकीं बहनें रक्षाबंधन के दिन उसकी याद में रोती रहीं। सुबह से ही घर में रक्षाबंधन की तैयारियां थीं। बहनों ने राखियां सजाईं, लेकिन हर बार की तरह गौतम के आने की आहट इस बार नहीं हुई। दरवाजे की ओर उठती निगाहें कुछ देर बाद फिर झुक जातीं। भाई की कलाई पर राखी बांधने की इच्छा मन में ही रह गई। जिस घर में इस दिन हंसी-खुशी का माहौल होता था, वहां गौतम की हत्या का गम पसरा रहा। बहनों के इस दर्द को बांटने के लिए ददरौल विधायक अरविंद सिंह समेत कई लोग रक्षाबंधन पर उनके घर पहुंचे। विधायक के साथ योगेश शर्मा, धीरज अवस्थी, पुष्पेंद्र मिश्रा, सचिन मिश्रा और गिरीश मिश्रा भी मौजूद रहे। उन्होंने गौतम की बहनों से राखी बंधवाई और उन्हें भरोसा दिलाया कि मुश्किल समय में वह अकेली नहीं हैं। बहनों ने जब लोगों की कलाई पर राखी बांधी तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। यह पल वहां मौजूद लोगों के लिए भी भावुक कर देने वाला था। लोगों ने कहा कि गौतम की जगह कोई नहीं ले सकता। उसकी कमी हमेशा बनी रहेगी, लेकिन उसकी बहनों के सिर पर भाई का हाथ बना रहे, इसके लिए समाज और जनप्रतिनिधि उनके साथ खड़े रहेंगे।


विधायक अरविंद सिंह को राखी बांधती गौतम की बहन। -जागरण मोर्चा

## तिलहर तहसील में अधिकताओं सीटों पर चोरों का कहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** नगर में पुलिस के इकबाल को चुनौती देते हुए चोरों ने कोतवाली और क्षेत्राधिकार कार्यालय के बीच स्थित कचहरी परिषद में रात के अंधेरे में अधिवक्ताओं की सीट पर धाम बोल दिया और उनकी सीट पर बकसियों और टेबल की दरार के ताले तोड़कर पूरी तसल्ली से तलाशी लेकर नकदी तलाशी मगर न मिलने पर कागज और फाइलें इधर-उधर बिखर कर अपना रास्ता लिया बता दें नगर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले किस इलाके में तहसीलदार एसडीएम पुलिस चरित्र अधिकारी कोतवाल सहित अनेक सरकारी अधिकारी के कार्यालय तथा आवास स्थित है और होमगार्ड का पुलिस का नियमित आवागमन व संरक्षण रहता है ऐसी स्थिति में चोरों के धावे से कानून व्यवस्था और पुलिस सुरक्षा की पोल खोल नजर आ रही है तिलहर नगर में चोरों का गिरोह बड़ी मुस्तैदी से सक्रिय है।बीते बृहस्पतिवार की रात चोरों ने कचहरी परिसर में आधा दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं के बक्सों को तोड़ कर उनमें रखे जरूरी दस्तावेजों को बिखेर दिया क्योंकि उन्हें बक्सियों में कोई महंगी वस्तु या नकद धन राशि अथवा अन्य कोई काम की वस्तु नहीं मिल सकी। कचहरी परिसर की सुरक्षा हेतु वैसे तो मुख्य द्वार पर लोहे का बड़ा गेट लगा है परंतु उसे रात में कभी बंद नहीं किया जाता वहीं पिछले ईदगाह की साइड में गेट में दरवाजा ही नहीं लगा है। कचहरी परिसर में पुलिस उपाधीक्षक और जज आवास भी हैं तथा पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय 24 घंटे खुला रहने के बाद भी कचहरी परिसर चोरों से सुरक्षित नहीं लगता।बताया गया, कचहरी परिसर में मजबूत गेट तथा हर समय पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय खुला रहने के बाद भी रात्रि पहर में तथा अवकाश के दिनों में पुलिस या अन्य कोई गार्ड कचहरी परिसर की सुरक्षा के लिए नहीं लगाए गए है। पूर्व में भी इस प्रकार की अनेकों घटनाएं घटित हुई बताई गई है लेकिन उसके बाद भी स्थानीय पुलिस द्वारा इसे गंभीरता से आज तक नहीं लिया गया।


वकीलों की सीटों पर बिखरे पड़े कागज।

**बैठक** | समाज के अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक संस्था की सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ पहुंचाने के तरीकों पर भी किया विचार-विमर्श

## इम्ब्रेस भारत फाउंडेशन की महत्वपूर्ण बैठक में सामाजिक योजनाओं को नई दिशा देने पर हुआ मंथन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मोहम्मदी-खीरी।** इम्ब्रेस भारत फाउंडेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था की आगामी योजनाओं, कार्यप्रणाली, सामाजिक गतिविधियों एवं भविष्य की रणनीति को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की अध्यक्षता टीम चेयरपर्सन सबा जैदी ने की। दौरान इम्ब्रेस भारत फाउंडेशन की विभिन्न योजनाओं एवं सामाजिक उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यह भी विचार किया गया कि संस्था की योजनाओं में किस प्रकार आवश्यक सुधार किए जाएं तथा समाज के अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक संस्था की सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ कैसे पहुंचाया जाए। सभी उपस्थित लोगों ने संस्था के उद्देश्यों को लेकर अपने विचार रखे और भविष्य की कार्ययोजना को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए बैठक के दौरान शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता, जरूरतमंद बच्चों के सहयोग, महिला सशक्तिकरण तथा समाजसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि संस्था की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका वास्तविक लाभ समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग तक पहुंचे बैठक में संस्था की कार्यप्रणाली को और बेहतर एवं पारदर्शी बनाने, टीम के सदस्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा भविष्य में अधिक प्रभावी सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करने पर भी विचार किया गया। उपस्थित सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को संस्था की आगामी योजनाओं एवं कार्ययोजना में शामिल करने पर सकारात्मक चर्चा हुई।टीम चेयरपर्सन सबा जैदी ने कहा कि इम्ब्रेस भारत फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान एवं विकास के लिए निरंतर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की सफलता के लिए मजबूत टीम, स्पष्ट उद्देश्य, बेहतर योजना और सभी सदस्यों का सामूहिक सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं सहयोगियों के महत्वपूर्ण सुझावों और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया बैठक के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने संस्था के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने तथा समाजहित में नई योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया इम्ब्रेस भारत फाउंडेशन की यह महत्वपूर्ण बैठक संस्था की भविष्य की योजनाओं को नई दिशा देने, कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधार लाने तथा समाजसेवा के क्षेत्र में संस्था की भूमिका को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। बैठक में संस्था से जुड़े प्रमुख सदस्यों एवं गणमान्य लोगों में हसन, मंजूर कासिम, जुरियत कमाल जैदी, शिबलू जी, कौशल कुमार, प्रदीप श्रीवास्तव, मनोज वर्मा, आरिफ एवं जलील मास्टर साहब, रईस, अशरफ, शोएब शिक्षक और प्रदीप अवस्थी सहित अन्य महत्वपूर्ण सदस्यों एवं सहयोगियों ने सहभागिता की।




## संक्षेप समाचार

### तिलहर कोतवाली में मनाया रक्षाबंधन का पावन पर्व


कोतवाली में पुलिस कर्मियों को राखी बांधती छात्राएं। -जागरण मोर्चा

**तिलहर शाहजहांपुर।** तिलहर कोतवाली परिसर में भाई-बहन के अटूट प्रेम व विश्वास के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं, बहनों व स्कूली छात्राओं ने कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी सहित समस्त पुलिस कर्मियों के माथे पर तिलक लगाकर कलाई पर राखी बांधी और उनकी दीर्घायु व सुरक्षा की कामना की। राखी बंधवाने के बाद पुलिस अधिकारियों ने सभी बहनों को रक्षा का वचन देते हुए मिठाई खिलाई और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का पवित्र त्योहार है जो रक्षा के संकल्प को मजबूत करता है। शाहजहाँपुर पुलिस सदैव आमजन, विशेषकर महिलाओं व बहनों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर कोतवाली के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### पुलिस पर टूटी कांच की बोतल से हमले का प्रयास, हिस्ट्रीशीटर समेत दो गिरफ्तार



पुलिस कस्टडी में आरोपी। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** कच्चा कटरा तिराहे पर यातायात व्यवस्था संभाल रही पुलिस टीम से अभद्रता और मारपीट का प्रयास करने वाले हिस्ट्रीशीटर समेत दो आरोपितों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि बाइक पर पीछे बैठे युवक ने शराब के नशे में कांच की बोतल से पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। पुलिस के रोकने पर उसने बोतल अपने सिर पर मारकर तोड़ दी और उसी टूटी बोतल से पुलिस पर हमला करने की कोशिश की। घटना 27 अगस्त की शाम करीब 7 :30 बजे की है। कच्चा कटरा तिराहे पर यातायात जाम होने के कारण पुलिस टीम व्यवस्था सुचारु करा रही थी। इसी दौरान मोती चौक की ओर से बाइक सवार दो युवक तेज गति से आते दिखाई दिए। मोती चौक की ओर यातायात पूरी तरह रुका होने के बावजूद दोनों बाइक को तेजी से निकालने का प्रयास कर रहे थे। बाइक पर पीछे बैठे युवक के हाथ में शराब की बोतल थी। पुलिस टीम ने दोनों को रोकने का प्रयास किया तो पीछे बैठे युवक ने नशे की हालत में हाथ में ली कांच की बोतल से पुलिसकर्मियों पर हमला करने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार, रोकने पर उसने बोतल अपने सिर पर मारकर आधी तोड़ दी। इसके बाद टूटी हुई बोतल लेकर पुलिसकर्मियों पर झपटने लगा और धमकी देते हुए कहा कि मैं हिस्ट्रीशीटर चम्पू हूं, मुझे पकड़ोगे तो अंजाम बुरा होगा। पुलिस टीम ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को कच्चा कटरा मोड़ पर पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान मोहल्ला मोहम्मद जई निवासी स्पर्श शर्मा उर्फ चम्पू (26) और मोहल्ला लोधीपुर निवासी अनमोल (22) के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, स्पर्श के दाहिने हाथ में आधी टूटी कांच की बोतल मिली। घटना के दौरान दोनों आरोपितों के साथ पुलिसकर्मियों को भी चोटें आईं। सभी को तत्काल जिला अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया। उपचार के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार, स्पर्श शर्मा उर्फ चम्पू कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत गंभीर धाराओं में 24 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2015 से लेकर वर्ष 2026 तक के मामले शामिल हैं। उसके खिलाफ कोतवाली, रोजा और सदर बाजार थानों में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं अनमोल के खिलाफ भी लूट की योजना बनाने, चोरी और अन्य धाराओं में पूर्व के तीन मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कुमार गौरव और कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे।

### तनवीर को राखी बांध प्रेम का दिया संदेश

**शाहजहांपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर शुक्रवार को भाई-बहन के प्रेम और विश्वास की खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के मोहल्ला महमंद जलाल नगर स्थित आवास पर पहुंचीं बहनों ने उन्हें राखी बांधकर स्नेह और आशीर्वाद दिया। तनवीर खान ने भी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद तनवीर खान ने महानगर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर बहनों से राखी बंधवाई। वह तारीन जलाल नगर, एमन जई जलाल नगर, तिलहर जई, मदराखेल और बजरिया लाला तेली पहुंचे। इस दौरान बहनों ने उन्हें राखी बांधी और भाई-बहन के अटूट रिश्ते की परंपरा निभाई। तनवीर खान ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, सम्मान और जिम्मेदारी के रिश्ते का प्रतीक है। यह पर्व समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पावन पर्व सभी के जीवन में खुशहाली, प्रेम और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने जनपदवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।


राखी बंधवाते पूर्व अध्यक्ष तनवीर खान।

### तेज रफ्तार बाइक बिजली के खंभे से टकराई, दो चचेरे भाइयों की मौत

**शाहजहांपुर।** निगोही थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम करीब चार बजे तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों किसी काम से बाहर गए थे और घर लौट रहे थे। हादसे की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। नारायनपुर निवासी अरुण (21) और लक्ष्मीकांत उर्फ झंडू (20) चचेरे भाई थे। शुक्रवार को दोनों किसी काम से घर से बाहर गए थे। शाम करीब चार बजे बाइक से वापस लौट रहे थे। हरसेली मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। बाइक सड़क से उतरकर खेत में जा घुसी और वहां लगे बिजली के खंभे से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही निगोही कोतवाल राजीव तोमर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा भी मौके पर पहुंचे और स्वजन से जानकारी ली। दो युवकों की एक साथ मौत से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम छा गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। सीओ सदर शुभम वर्मा ने बताया कि बाइक के बिजली के खंभे से टकराने के कारण हादसा हुआ है।

# धूमधाम से मनाई मेजर ध्यानचंद की जयंती

## महापुरुष स्मारक समिति ने किया कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान (भारत )के संयुक्त तत्वावधान में तीन बार भारत को ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाने वाले, भारत एवम विश्व के प्रसिद्ध हाकी के जादूगर, पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती छोटेलाल कॉलोनी स्थित शिव शान्ति आदर्श जूनियर हाइस्कूल में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि मेजर ध्यानचंद को हाकी का जादूगर कहा जाता है। मेजर ध्यानचंद की जयंती को भारत



चंदौसी मे मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

सरकार राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाकर प्रतिभावान खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार आदि देती है जिससे हमारे देश के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन हो। मेजर ध्यानचंद ने अपनी करिश्माई हॉकी से जर्मन तानाशाह रुडोल्फ हिटलर को एवम महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन को भी अपना मुरीद बना दिया था। मेजर ध्यानचंद को फुटबॉल के पेले और क्रिकेट में डॉन ब्रैडमैन के समतुल्य माना जाता है। उन्होंने जीवन में 1000 से अधिक गोल दागे, जिसमें 400 अन्तर्राष्ट्रीय मैच में किए हैं। मेजर ध्यानचंद 1922मे सेना में भर्ती हुए। 1926में न्यूजीलैंड में पहली बार भारत की टीम की तरफ से हॉकी मैच खेले। तीन बार भारत की टीम को स्वर्ण पदक विजेता बनाने के कारण प्रमोशन होते गए और सिपाही से पदोन्नति पाकर मेजर ध्यानचंद हो गए। मेजर ध्यानचंद ने भारतीय हॉकी टीम को तीन बार ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलवाया, जिनमें 1928 का एम्सटरडम ओलंपिक, 1932 का लॉस एंजिल्स ओलंपिक एवम 1936का बर्लिन ओलंपिक हैं।1948 में उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी से सन्यास ले लिया। 1956 मे भारत सरकार ने मेजर ध्यानचंद को पद्मभूषण से सम्मानित किया। जब वह खेलते थे तब गेंद उनकी हॉकी से चिपकी रहती थी जिससे प्रतिद्वंदी टीम हॉकी मे चुंबक होने की बात कहती थी, 1936 के ओलंपिक में प्रतिद्वंदी टीम के कहने पर उनकी हॉकी स्टिक को तोड़ कर देखा गया लेकिन चुंबक नहीं मिली। हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद ने तीन दिसंबर 1979 को एम्स अस्पताल दिल्ली में अन्तिम सांस ली। इस अवसर पर राजेश कुमार, ममता मौर्य, अल्का सक्सैना, हर्ष रस्तोगी, आरती श्रीवास्तव, बानी वार्ष्णेय, रेनू शर्मा, भूमिका वार्ष्णेय, राधिका वार्ष्णेय, प्रियंका, निधि, ममता गुप्ता, सलोनी मौर्य, तनिष्का रानी, किरन आदि मौजूद रहे।

# मलबे में दबी महिला की उपचार के दौरान अलीगढ़ में हुई मौत

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बेहटा साहू में 14 अगस्त की सुबह बारिश के चलते कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर गई थी। मलबे में दबकर पूनम सहित 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। जिसमें उपचार के दौरान पूनम की अलीगढ़ में मौत हो गई घटना से परिवार में कोहराम मचा है

थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बहटा साहू में 14 अगस्त की सुबह बारिश के चलते कच्चे मकान की छत अचानक गिर पड़ी जिसकी चपेट में आने से पूनम उसकी पुत्री हंसी माया छाया संजय घायल हो गए थे परियों ने रक्षाबंधन का त्यौहार होने के कारण खबर अन्य किसी रिश्तेदार को नहीं दी परिजन पूनम को उपचार के लिए अलीगढ़ ले गए जहां गुरुवार की रात

▸ घटना से परिवार में मचा कोहराम

11 बजे पूनम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया घटना की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया और परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल बना था। इस हादसे में एक सिलाई मशीन और दो चारपाई भी क्षतिग्रस्त हो गईं थी जिससे करीब डेढ़ लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ था। घटना के बाद ग्राम पंचायत प्रशासक रामवती देवी ने अधिकारियों को सूचना दी थी। लेखपाल आशीष गुप्ता ने घटनास्थल पहुंचकर नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर अधिकारियों को भेजी थी। कानूनगो ने भी उच्चाधिकारियों को घटना की सारी जानकारी दे दी है।

# सेक्रेड हार्ट की टीम ने जीता हॉकी टूर्नामेंट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद्र के जन्म दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय संभल द्वारा मॉडल कॉलेज ऑफ लॉ मैं 14 वर्षीय बालक हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन डॉ अमोल कंचन प्रबंधक मॉडल कॉलेज ऑफ़ लॉ द्वारा किया गया प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें सेक्रेड हार्ट टीम B ने सेक्रेड हार्ट टीम A को 2-1 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में अंकित जैन जिला कोषाध्यक्ष भाजपा द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती, जिला ओलंपिक सचिव आशु



चंदौसी मे हॉकी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

▸ मेजर ध्यानचंद्र के जन्मदिन पर आयोजित की गई 14 वर्षीय बालकों के बीच हॉकी प्रतियोगिता

शर्मा, यश शुक्ला क्रिकेट कोच, मयंक कुमार शूटिंग कोच संभल नादिर राजा फुटबॉल कोच संभल, नकुल तोमर खेलो इंडिया कोच एथलेटिक्स संभल, विक्की गुप्ता खो-खो कोच, शर्मिल उपाध्याय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, डॉ तेजपाल सिंह एचओडी बीए डिपार्मेंट, ज्ञान सिंह एनसीसी और खेल प्रभारी और कॉलेज स्टाफ मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने से वृद्धा की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हो गईं। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली में शुक्रवार की रात चंद्रावती 60 वर्ष पत्नी हरिचंद की पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजन महिला को निजी बांध से आजाद रोड स्थित निजी अस्पताल भी लेकर पहुंचे। लेकिन वहां भी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि महिला शुक्रवार की रात 8 बजे रक्षाबंधन पर

▸ घटना से परिवार में मचा कोहराम

आए मेहमानों के जाने के बाद घर में सफाई कर रही थी तभी अचानक पंख में उतरे कारण की चपेट में आ गई। मृतक के बेटे उसे बाइक से चंदौसी निजी अस्पताल लेकर आए लेकिन वहां भी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान नजाकत अली ने बताया कि मृतक के तीन पुत्र हैं। जिसमें से दो बेटे बाहर काम करते हैं। एक बेटा यहीं रहकर मेहनत मजदूरी करता है। परिवार वालों ने बिना किसी कार्रवाई के शनिवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# यशी-अमित की टीम ने मारी बाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में कबड्डी महिला व पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि प्रमिला भारती, अंकित जैन, महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ अमोल कंचन, डॉ अशोक यादव प्राचार्य डॉ राजकुमार गोयल द्वारा किया गया प्रतियोगिता क्रीड़ा प्रभारी ज्ञान सिंह के देख रेख में संपन्न कराई गई महिला वर्ग की प्रतियोगिता में यशी चौधरी की टीम ने 23/19 के अंकों से रश्मि की टीम को हराकर विजय प्राप्त की वहीं पुरुष वर्ग में अमित कुमार की टीम ने 20/15 से विजय प्राप्त


चंदौसी मे कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

▸ मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई मेजर ध्यानचंद की जयंती

की प्रतियोगिता में एनसीसी व स्पोर्ट्स के सभी छात्र/ छात्राएं सम्मिलित रहे तथा महाविद्यालय के टीपी सिंह, भानु प्रताप सिंह, खुशी राम राणा, जितेंद्र यादव, मुज़ाहिदा परवीन, कविता चौधरी, सोनिया शर्मा, पुष्पांजलि, शर्मिला उपाध्याय, सोनू गिरी, सचिन कुमार, अर्जुन, वैष्णवी यादव, रचना, चारु, अंशी, सुधा, गरिमा, आशिका, सुहानी, आरती, राखी, सोनी, गौरी, केशव इंद्रपाल, रोहित, दीपेन्द्र , अनिल आदि मौजूद रहे।


सीधी भर्ती डीवी पीएसटी प्रक्रिया का निरीक्षण करते एसपी। -जागरण मोर्चा

# एसपी ने किया सीधी भर्ती-2025 की डीवी/पीएसटी प्रक्रिया का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा पुलिस लाइन बहजोई में आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की अभिलेख समीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) प्रक्रिया का निरीक्षण किया गया। एसपी ने निरीक्षण के दौरान भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं निर्धारित मानकों के अनुपालन का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# रक्षाबंधन मनाकर लौट रहे दंपति से लूटपाट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के आसफपुर -बिलारी मार्ग पर शुक्रवार की रात बाइक सवार दंपति को बदमाशों ने तमंचे की नोंक पर लूट लिया। बदमाशों ने मारपीट कर दंपति से नगदी, जेवर, स्मार्ट फोन लूट लिया। इस दौरान ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और नशे में धुत्त एक बदमाश को पकड़ लिया। जिसे पुलिस को सौंप दिया। दंपति ने घटना की तहरीर थाने में दी है।

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा के गांव कोरारा निवासी सोनू अपनी पत्नी अंशु के साथ शुक्रवार को थाना बिलारी के गांव सायपुर अपनी ससुराल राखी बंधवाने गया था। वह ससुराल से शाम को अपने गांव जाने के लिए निकला। रात 8:30 बजे करीब जब वह थाना क्षेत्र के आसफपुर -बिलारी


लूट के बाद घायल हुई महिला अंशु।


-जागरण मोर्चा

मार्ग पर बिजली घर के पास पहुंचा। तो वहां चार बदमाशों ने डंडा फेंक कर उसकी बाइक रोक ली। तमंचा सोनू की कनपटी पर लगा दिया इसके बाद बदमाशों ने उससे 5 हजार रुपए की नगदी व स्मार्टफोन लूट लिया जबकि पत्नी अंशु से लौंग, पायल, सोने की लर, दो अंगूठियां, चांदी का गुच्छा, सोने की तबाजिया और कुंडल छीन लिए। कान से कुंडल खींचने के कारण अंशु गंभीर रूप से घायल हो गई । लूट के दौरान दंपति से मारपीट भी की गई । ग्रामीणों ने जब शोर सुना तो वह वहां पहुंच गए । सभी बदमाश भाग गए लेकिन एक बदमाश शराब के नशे में नहीं भाग पाया जिससे ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर लेपर्ड पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों ने पकड़े गए बदमाश

▸ ग्रामीणों ने एक बदमाश को पकड़ पुलिस को सोपा

▸ थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के आसफपुर -बिलारी मार्ग पर हुई घटना

को पुलिस को सौंप दिया। रात 11:30 बजे तक थाने पर दंपति और ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि दंपति के साथ जेवर लूटने की घटना संज्ञान में आई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन भी चलाया, लेकिन अभी सफलता नहीं मिली है। भाई घायल महिला अंशु का सरकारी अस्पताल में उपचार कराया गया उसके कान में टांके लगाए गए।

# तकनीकी खराबी से 35 बी कब्रिस्तान रेलवे फाटक के बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** शनिवार शाम पांच बजे बरेली से मुरादाबाद जा रही पैसेंजर ट्रेन के लिए 35 बी कब्रिस्तान रेलवे फाटक को बंद करा था। ट्रेन के निकलने के बाद गेट मैन राजू ने फाटक को खोलना की कोशिश की, लेकिन अचानक फाटक मे कुछ खराबी आ जाने के कारण फाटक नहीं खुला। इससे फाटक के दोनों दिशाओं में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और जाम लग गया।

फाटक के खराब होने की जानकारी मिलने पर कुछ बाइक सवार फाटक के नीचे से निकलना शुरू कर दिया। जबकि दोपहिया वाहन और चार पहिया वाहन बराबर के रास्ते से निकालने लगें। गेट मैन राजू ने

▸ ट्रेन गुजरने के बाद तकनीकी खराबी से नहीं खुला रेलवे गेट

फाटक खराब होने की सूचना कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद टीम ने खराब हुए फाटक को सही किया। ट्रेन के निकलने के करीब 20 मिनट के बाद फाटक खुल सका, जिसके बाद यातायात सुचारू होने लगा। और राहगीरों ने राहत की सांस ली। 35 बी कब्रिस्तान फाटक बंद होने से दोनों दिशाओं में लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस और यातायात प्रभारी जग रोशन भी टीम के साथ फाटक पर पहुंचे गए। और यातायात व्यवस्था को बड़ी मुश्किल से जाम को सुचारू कराया गया।

# एसपी ने किया गणेश मेला ग्राउंड का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ के सफल, शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी ने मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं दर्शकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए


गणेश चौथ मेले की तैयारियों का निरीक्षण करते एसपी व कमेटी के पदाधिकारी।

पुलिस-प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। इस अवसर पर श्री गणेश मेला परिषद के पदाधिकारियों द्वारा मेला महोत्सव के 66वें आयोजन से जुड़ी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी गई। मेले के दौरान संभावित भीड़, प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थलों तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी विवेक जावला, प्रभारी निरीक्षक सन्त कुमार, संदीप शर्मा सहित श्री गणेश मेला परिषद के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।

# भंडारे को लेकर आज बैठक

**चंदौसी।** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 14 सितंबर को 16वां विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस धार्मिक उत्सव को अत्यधिक भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है।यह बैठक 30 अगस्त दिन रविवार को संयुक्त चिकित्सालय स्थित महामृत्युंजय मंदिर परिसर में सायंकाल 4:00 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में उत्सव की तैयारियों, व्यवस्थाओं और रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के समस्त प्रबुद्ध नागरिकों, श्रद्धालुओं और समाजसेवियों से इस बैठक में समय पर उपस्थित होकर अपने बहुमूल्य सुझाव देने की अपील की है।

# किसानों का धरना प्रदर्शन दसवें दिन भी जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का जिलाध्यक्ष कुलदीप चौधरी के नेतृत्व में जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय समिति में धरना दसवे दिन भी जारी रहा

शनिवार को किसान कुलदीप चौधरी और शेर सिंह अनशन पर बैठ गए किसानों ने कहा कि जब तक 1996- 97 से 2025 -26 तक विलंबित भुगतान ब्याज का वर्ष बार हिसाब नहीं मिल जाता तब तक धरना जारी रहेगा और जिला गन्ना अधिकारी ने वीनस शुगर मिल मझवली का वर्ष 2006-07 का कुछ किसानों का गन्ना भुगतान बकाया है वह किसान भी अपनी पर्चियां लेकर जिला का अधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के लिए आए



चं दौसी मे समस्याओं को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान नेता।

और किसानो से जिला गन्ना अधिकारी ने उनका प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया वह अपने दायित्व से बचते नजर आ रहे हैं और किसानों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है कहा कि हमारे पास केवल 3 साल ब्याज के आंकड़े दिए हैं और हमारे पास पिछले बरसों के आंकड़े हमारे पास नहीं है और हम उच्च अधिकारियों को अवगत करा कर ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन किसानों ने भी साफ कह दिया है कि जब तक ब्याज के वर्ष वार आंकड़े नहीं मिलेंगे तब तक धरना जारी रहेगा और शनिवार को क्रमिक अनशन

▸ किसानों ने तहसीलदार को सौपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

कर रहे हैं अगर नहीं सुनवाई हुई तो अनशन और कुछ बड़ा आंदोलन भी करेंगे उसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी शनिवार को क्रमिक अनशन पर शेर सिंह व कुलदीप चौधरी और धरने पर राजवीर सिंह, मनवीर सिंह, नेम सिंह, मुन्ना सिंह, विवेक सिंह, जितेंद्र सिंह, भाबर सिंह, विकास शर्मा आदि मौजूद रहे इसके अलावा शनिवार को वार्ता के लिए तहसीलदार ने आकर धरना स्थल पर वार्ता कर समस्या को समाधान की ओर ले जाने का प्रयास किया किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सोपा।



## गीता सार

**चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम् ।**
**तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ॥ (३४)**

**भावार्थ :** हे कृष्ण! क्योंकि यह मन निश्चय ही बड़ा चंचल है, अन्य को मथ डालने वाला है और बड़ा ही हठी तथा बलवान है, मुझे इस मन को वश में करना, वायु को वश में करने के समान अत्यन्त कठिन लगता है।(34)

# इतनी बड़ी तबाही

नेपाल के रासुवा इलाके में आई अचानक बाढ़ ने भारी तबाही मचाई। इसमें अब तक 500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1500 से ज्यादा लोग लापता हैं। प्रभावित लोगों में बड़ी संख्या विदेशी नागरिकों की है, जो ट्रेकिंग, गाइडेड टूर या पवित्र हिंदू तीर्थस्थल की यात्रा के लिए पहुंचे थे। नेपाल के जल व मौसम विज्ञान विभाग के पास बाढ़, मौसम और हिमालयी क्षेत्रों से जुड़े खतरों की निगरानी के लिए कई व्यवस्थाएं हैं। विभाग जल और मौसम से जुड़े आंकड़े जुटाने, उनका विश्लेषण करने और खराब मौसम व जल संबंधी घटनाओं की जानकारी लोगों और संबंधित एजेंसियों तक



पहुंचाने का काम करता है। मानसून के दौरान बाढ़ का पूर्वानुमान और शुरुआती चेतावनी भी जारी की जाती है। नेपाल में कई नदी निगरानी केंद्र हैं। इनमें लगे उपकरण नदी के जलस्तर और बहाव को मापते हैं और आंकड़े निगरानी केंद्रों तक भेजते हैं। नदियों के लिए चेतावनी और खतरे का स्तर भी तय किया जाता है, ताकि पानी एक निश्चित स्तर तक पहुंचने पर चेतावनी जारी की जा सके। नेपाल में स्वचालित मौसम केंद्रों के जरिए बारिश और मौसम से जुड़े आंकड़े जुटाए जाते हैं। इनका इस्तेमाल मौसम की स्थिति समझने और बाढ़ के पूर्वानुमान में किया जाता है। नेपाल में मौसम रडार भी हैं, जिनका इस्तेमाल बारिश और मौसम की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जाता है। इससे भारी बारिश जैसी घटनाओं की निगरानी में मदद मिलती है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ और हिमपात की स्थिति पर नजर रखने के लिए स्वचालित हिमपात केंद्र मौजूद हैं। इनसे हिमालयी क्षेत्रों में बर्फ से जुड़े बदलावों को समझने में मदद मिलती है। नेपाल में हिमनद और हिमनद झीलों की निगरानी भी की जाती है। इसके तहत ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ, हिमनद और झीलों में होने वाले बदलावों का अध्ययन किया जाता है, ताकि उनसे जुड़े संभावित खतरों को पहचाना जा सके। आईसीआईएमओडी की फ्लैश फ्लड पूर्वानुमान प्रणाली नेपाल के 12428 नदी खंडों के लिए संभावित फ्लैश फ्लड का अनुमान लगाती है और 54 घंटे पहले तक खतरे का पूर्वानुमान दे सकती है। इसमें बारिश और मौसम से जुड़े पूर्वानुमानों के आधार पर नदियों में संभावित पानी के बहाव का अनुमान लगाया जाता है। इस व्यवस्था में बाढ़ के संभावित खतरे को अलग-अलग रंगों से दिखाया जाता है। नीला सामान्य स्थिति, पीला बढ़ा हुआ खतरा, नारंगी गंभीर खतरा और लाल बहुत ज्यादा बाढ़ के खतरे को दर्शाता है। आईसीआईएमओडी के मुताबिक, यह व्यवस्था मुख्य रूप से तेज बारिश, गरज और स्थानीय मौसम से पैदा होने वाली फ्लैश फ्लड का पूर्वानुमान लगाने के लिए तैयार की गई है। बड़ी नदियों के लिए अलग पूर्वानुमान व्यवस्था भी है। यह प्रणाली 519 नदी खंडों के लिए 10 दिन तक नदी के संभावित बहाव का अनुमान देती है।

### जेन अल्फा के आंदोलनों को

# हल्के में न लें सरकारें



**डॉ. अनिता राठौर**

जंतर-मंतर (नई दिल्ली) पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में जेन जी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की जवाबदेही व शिक्षा नीतियों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। अब सीजेपी का फोकस देशभर के सरकारी स्कूलों में सुधार लाने के संदर्भ में है। लेकिन इस सिलसिले में अग्रणी भूमिका जेन अल्फ़ा निभा रही है। ज़मीनी स्तर पर स्कूली छात्रों का यह आंदोलन बुनियादी स्कूल इन्फ्रास्ट्रक्चर व बेहतर शैक्षिक सुविधाओं की मांग कर रहा है। विस्तृत राजनीतिक प्रदर्शनों के विपरीत ज़ेन अल्फ़ा स्कूली छात्रों का फोकस इस बात पर है कि स्कूलों में पीने का साफ़ पानी उपलब्ध हो, खाने योग्य मिड-डे मील हो, टॉयलेट्स साफ सुथरे व वर्किंग कंडीशन में हों, कक्षाओं में पंखें व कुर्सी मेज़ हों और पर्याप्त संख्या में अध्यापक हों। ज़ेन अल्फ़ा के ये प्रदर्शन व धरने मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र में देखने को मिल रहे हैं। इन राज्यों में अधिकतर सरकारी स्कूलों में हालात बद से भी बदतर हैं कि किसी स्कूल में एक अध्यापक है या एक भी नहीं है और कोई स्कूल जानवरों के तबेले में चल रहा है।

इमेज

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में सर्वोदय इंटर कॉलेज के 1500 से अधिक ज़ेन अल्फ़ा छात्रों ने स्कूल में ख़राब सैनिटेशन व पीने का पानी न होने के विरोध में ज़बरदस्त धरना दिया, जिससे स्कूल व ज़िला प्रशासनों को हस्तक्षेप करते हुए लिखित में आश्वासन देना पड़ा। राजस्थान में छात्रों ने स्कूल के दरवाज़ों पर ताले लगाकर कक्षाओं का बायकाट किया; क्योंकि पर्याप्त संख्या में अध्यापक नहीं थे। राज्य सरकार तुरंत हरकत में आई और टीचिंग स्टाफ को तैनात किया। मध्य प्रदेश व बिहार में ज़ेन अल्फ़ा ने सड़कों व स्थानीय प्रशासनिक कार्यालयों के सामने ख़राब मिड-डे मील व अनहाइजीनिक स्कूल स्थितियों को लेकर विरोध प्रदर्शन किए, नतीजतन आधिकारिक जांच के आदेश दिए गए। ज़ेन अल्फ़ा प्रदर्शनकारियों ने अपनी स्थानीय परेशानियों व शिकायतों को उजागर करने के लिए सोशल मीडिया व डिजिटल टूल्स का भी भरपूर इस्तेमाल किया। ज़ेन अल्फ़ा में अपने अधिकारों सुरक्षित रखने व शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आई यह जागृति सराहनीय है, जिससे सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद की जा सकती है। राज्य सरकारों को चाहिए कि वह ज़ेन अल्फ़ा की उचित मांगों व शिकायतों का संज्ञान लें और सरकारी स्कूलों के हालात बेहतर करने के लिए कदम उठाएं। लेकिन देखने में कुछ और ही आ रहा है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि जहां सरकारें अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने की कोशिशों में लगी हुई हैं, वहीं ऐसे लोगों व संगठनों की भी कमी नहीं है, जो आपदा में अवसर तलाशते हुए अपनी राजनीतिक व आर्थिक रोटियां सेकने के जुगाड़ में लग गये हैं। जो सोशल मीडिया यूजर्स सरकारी स्कूलों में तथाकथित अनियमितताओं को उजागर कर रहे हैं, उनके खिलाफ़ एफआईआर दर्ज करायी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के कम से कम आठ ज़िलों में सरकारी स्कूलों की ख़राब स्थितियों के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए एफआईआर करायी गईं हैं और अन्य अनेक ज़िलों में बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) ने लगभग समान निर्देश जारी किए हैं कि यू-ट्यूबर्स व अन्य




'बाहरी व्यक्ति' बिना अनुमति के कैंपस में प्रवेश करके फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी नहीं कर सकते। गौरतलब है कि इस क़िस्म का आदेश सबसे पहले राजस्थान के शिक्षामंत्री ने जारी किया था। कुछ सरकारी स्कूलों को तो तिरपाल, शामियाने आदि से भी ढका गया ताकि कोई दूर से वीडियोग्राफी न की जा सके। इस पर्दादारी की ज़रूरत ही न पड़ती अगर राज्य सरकारें स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने पर ध्यान देतीं, जैसा कि दिल्ली व दक्षिण के कुछ राज्यों में दिया गया। एफआईआर या गिरफ्तारी इस समस्या का समाधान नहीं है। एक 30 वर्षीय ग्रामीण कुलदीप यादव ने हाथरस (गांव नओली, सिकंदराराव) के एक सरकारी स्कूल के टूटे व पानी भरे हिस्से का वीडियो पोस्ट किया, जिसके वायरल होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। शिक्षा विभाग का आरोप है कि संबंधित ग्रामीण ने 'भ्रम फैलाने' के लिए 'स्कूल के उस हिस्से को फिल्म किया, जिसका इस्तेमाल नहीं किया जाता है'। इस स्कूल में बाउंड्री वाल नहीं है, जिससे ग्रामीण अपने मवेशी स्कूल के अंदर ले आते हैं और स्कूल में गंदगी फैलती है, इस बात को शिक्षा विभाग ने भी माना है। सीजेपी ने 15 अगस्त 2026 को अपना 'स्कूल ठीक करो' अभियान आरंभ किया था, जिसके तहत अभिजीत दीपके ने वालंटियर्स से आग्रह किया था कि वह सरकारी स्कूलों में जाएं, उनकी स्थिति को रिकॉर्ड करें और फुटेज को अपलोड करें।

स्कूलों की वास्तविक स्थिति को सबके सामने लाने का यह एक अच्छा प्रयास है, जिससे राज्य सरकारों पर दबाव बनाया जा सकता है कि वह स्कूलों को ठीक करें। लेकिन इसका एक दूसरा पहलू भी है। अपने व्यूज़ बढ़ाने के उद्देश्य से कुछ यू-ट्यूबर्स बिना अनुमति के सरकारी स्कूलों में घुस जाते हैं और स्कूल व स्टाफ की तस्वीरें व वीडियो लेकर सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं, जिससे पढ़ने-पढ़ाने की प्रक्रिया प्रभावित होती है और अध्यापकों की छवि भी ख़राब हो सकती है। ऐसी भी ख़बरें प्रकाश में आई हैं, विशेषकर बिहार से, जिनसे मालूम होता है कि ग्रामीण अंचलों में दबंग स्कूल को 'एक्सपोज़' करने की धमकी देकर अध्यापकों से 'हफ़्ता वसूली' कर रहे हैं। बहरहाल, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि सरकारी स्कूलों की दयनीय स्थिति पर पर्दा डालने के लिए सरकार-समर्थक राजनीतिक गुट भी हिंसक रूप से सक्रिय हो गए हैं। मसलन, सीजेपी के सह-संयोजक आशुतोष रंका अपनी 50-60 सदस्यों की टीम के साथ रामपुरा कंवरपुरा गांव (बागरू, राजस्थान) के सरकारी प्राइमरी स्कूल का जायज़ा लेने के लिए इस खबर के आधार पर जा रहे थे कि छात्रों को असुरक्षित टीन-शेड के नीचे पढ़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्हें रोकने के लिए बीजेपी व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बीच रास्ते में ट्रैक्टर-ट्राली से सड़क बंद कर दी, उन पर हिंसक हमले किए गए, पथराव किया गया और उन्हें 'आतंकवादी', 'नक्सल' व 'राष्ट्र-विरोधी' कहा गया। इस हिंसा में एक सीजेपी कार्यकर्ता का हाथ टूटा। पुलिस ने आकर स्थिति को संभाला। एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए दोनों तरफ़ से एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। नीति आयोग व शिक्षा मंत्रालय के डाटा के अनुसार 2014-15 व 2024-25 के दौरान देशभर में 94,000 सरकारी स्कूलों को बंद किया गया या दूसरे स्कूलों में मिलाया गया यानी औसतन 25 स्कूलों के साथ रोज़ाना ऐसा हुआ।



## श्रीरामचरितमानस

**पति परित्याग हृदयँ दुखु भारी।**
**कहइ न निज अपराध बिचारी॥**
**बोली सती मनोहर बानी।**
**भय संकोच प्रेम रस सानी॥4॥**

**भावार्थ :** क्योंकि उनके हृदय में पति द्वारा त्यागी जाने का बड़ा भारी दु:ख था, पर अपना अपराध समझकर वे कुछ कहती न थीं। आखिर सतीजी भय, संकोच और प्रेमरस में सनी हुई मनोहर वाणी से बोलीं।॥4॥

### स्वास्थ्य

# बारिश का मौसम और कंजक्टिवाइटिस

**डॉ. माजिद अलीम**

मानसून के मौसम में हवा में नमी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और एलर्जी पैदा करने वाले तत्व तेजी से पनपते हैं। इस मौसम में सबसे ज्यादा खतरा आंखों को ही रहता है। मई-जून की तपती गर्मी और तेज धूप सितंबर के महीने में भी आंखों को प्रभावित करती है। यही वजह है कि इस मौसम में कंजक्टिवाइटिस या आई फ्लू एक ऐसी आम बीमारी है, जिसमें आंखें बहुत लाल हो जाती हैं और आंखों में लगातार जलन होती है। मानसून के दौरान नम मौसम के कारण सौंदर्य प्रसाधनों और कॉन्टैक्ट लैंस पर बैक्टीरिया जब तेजी से पनपते हैं, उसमें धूल और प्रदूषकों से मिला बारिश का पानी, आंखों में जलन पैदा करके संक्रमण फैलाने वाले रोगाणुओं की वजह बन जाता है। इस मौसम में कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो इससे काफी हद तक बचाव हो सकता है। आंखों का सफेद भाग और पलक के अंदरुनी हिस्से को कंजक्टिवा कहा जाता है। आंखों के इसी भाग में जलन, लाली और सूजन होने पर कंजक्टिवाइटिस होता है। पलकों के आसपास की त्वचा लाल हो जाती है और आंखें सूज जाती हैं, इनमें पस बन जाती है और पस की वजह से ही आंखों में सूजन होती है। बैक्टीरिया की वजह से आंखों में जमी गंदगी से आंखों में जलन होती है। यह काफी तकलीदेय बीमारी होती है। यदि कंजक्टिवाइटिस होने



पर धूप या तेज रोशनी में जाते हैं तो आंखों को खोलने में बहुत कष्ट होता है, उनमें दर्द होता है। कभी-कभी आंखों की पुतलियों पर दाने पड़ जाते हैं। संक्रमण यदि ज्यादा बढ़ जाए तो वातावरण में मौजूद दूसरे बैक्टीरिया भी आंखों को प्रभावित करते हैं, जिसकी वजह से आंखों से गाद निकलती है। आंखों से निकलने वाला यह कीचड़ ज्यादा हो जाए तो पलकें चिपक जाती हैं। घर में यदि किसी को कंजक्टिवाइटिस हो जाए तो यह संक्रमण परिवार के दूसरे सदस्यों में भी तेजी से फैलता है। कंजक्टिवाइटिस होने पर तुरंत डॉक्टर से मिलें। डॉक्टर की सलाह के बगैर आंखों में कोई ड्रॉप न डालें, घरेलू उपचार तो बिल्कुल न करें, समय पर इसका इलाज करें। भले ही बारिश का मौसम हो, लेकिन बाहर निकलने से पहले सनग्लासेस लगाएं। धूप के साथ-साथ धुएं और गंदगी के कारण होने वाली एलर्जी से बचाव होता है। सनग्लासेस डार्क कलर के हों। यदि आई फ्लू हो जाए तो घर में भी यह चश्मा लगाकर रखें। आंखों को बार-बार गंदे हाथों से न छुएं।

### तिथि विशेष

## राष्ट्रीय खेल दिवस

भारत में हर वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर समर्पित है। मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ था। उन्हें उनकी असाधारण हॉकी प्रतिभा के कारण 'हॉकी का जादूगर' कहा जाता है। उनके नेतृत्व और शानदार खेल ने भारत को अंतरराष्ट्रीय



हॉकी में नई पहचान दिलाई। मेजर ध्यानचंद ने अपने खेल करियर में भारत को कई महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाईं। उनके समय में भारतीय हॉकी टीम का विश्व स्तर पर दबदबा था। वर्ष 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक खेलों में भारत ने हॉकी में स्वर्ण पदक जीता। 1936 के बर्लिन ओलंपिक में ध्यानचंद भारतीय टीम के कप्तान थे। उनके खेल कौशल से प्रभावित होकर दुनिया के कई दिग्गज खिलाड़ी और खेलप्रेमी उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करते थे। राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य केवल ध्यानचंद को याद करना नहीं, बल्कि देश में खेल संस्कृति और फिटनेस को बढ़ावा देना भी है। यह दिन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करता है और उन्हें यह संदेश देता है कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अनुशासन, आत्म विश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। भारत में इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, जागरुकता कार्यक्रम और सम्मान समारोह आयोजित किए जाते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार जैसे सम्मान खेल जगत में महत्व रखते हैं। आज भारत क्रिकेट के साथ-साथ हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, निशानेबाजी, एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और अन्य खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान बना रहा है।

# स्कूल पाठ्यक्रम और नीट- जेईई की तैयारी के बीच बढ़ती दूरी



**डॉ. विजय गर्ग**

भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान, समझ और समग्र विकास को बढ़ावा देना है। दूसरी ओर, नीट और जेईई जैसी प्रवेश परीक्षाएँ मजबूत अवधारणात्मक समझ, ज्ञान के प्रयोग, तेजी और व्यापक अभ्यास की मांग करती हैं। इन दोनों के बीच बढ़ता अंतर विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

आदर्श रूप से स्कूल में पढ़ाया जाने वाला पाठ्यक्रम ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मजबूत आधार तैयार करे। लेकिन अनेक विद्यार्थियों को लगता है कि केवल स्कूल का पाठ्यक्रम पूरा करना नीट या जेईई की तैयारी के लिए पर्याप्त नहीं है। परिणामस्वरूप वे कोचिंग संस्थानों, अतिरिक्त अध्ययन सामग्री और अलग-अलग टेस्ट सीरीज का सहारा लेते हैं।

इसका एक प्रमुख कारण सीखने के उद्देश्यों में अंतर है। स्कूल की परीक्षाएँ अक्सर निर्धारित पाठ्यक्रम की समझ और उत्तर लिखने की क्षमता पर केंद्रित होती हैं। इसके विपरीत, प्रतियोगी परीक्षाएँ विद्यार्थियों से अपरिचित और चुनौतीपूर्ण प्रश्नों में अवधारणाओं का प्रयोग करने तथा सीमित समय में उन्हें हल करने की क्षमता की अपेक्षा करती हैं।

एक अन्य समस्या पढ़ाई की गति और गहराई से जुड़ी है। स्कूलों में अलग-अलग क्षमताओं वाले विद्यार्थियों को एक साथ पढ़ाना पड़ता है, जबकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अक्सर बहुत तेज गति से होती है। कोचिंग संस्थानों में कई बार कठिन प्रश्नों और समस्या-समाधान की तकनीकों का अभ्यास स्कूल की कक्षा से काफी पहले शुरू हो जाता है।

इससे विद्यार्थियों के सामने एक कठिन स्थिति पैदा होती है। उन्हें ऐसा महसूस हो सकता है कि वे एक साथ दो पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे हैं– एक स्कूल के लिए और दूसरा नीट या जेईई के लिए। पढ़ाई का अतिरिक्त बोझ आराम, रचनात्मकता, खेल और सार्थक सीखने के लिए उपलब्ध समय को कम कर सकता है।

इस समस्या का समाधान स्कूलों को कोचिंग सेंटर बना देना नहीं है। स्कूलों की जिम्मेदारी इससे कहीं व्यापक है। इसके बजाय पाठ्यक्रम में अवधारणात्मक समझ, तार्किक सोच, समस्या-समाधान और ज्ञान के व्यावहारिक प्रयोग को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए।

एनसीईआरटी आधारित शिक्षा, स्कूल मूल्यांकन और प्रतियोगी परीक्षाओं की आवश्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल भी जरूरी है। शिक्षकों को उचित प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए, ताकि कक्षा में विद्यार्थियों की तर्क करने और सोचने की क्षमता विकसित हो सके, न कि केवल तथ्यों को याद करने पर जोर रहे।

प्रतियोगी परीक्षाओं को भी केवल शॉर्टकट, ट्रिक्स और गति के बजाय वास्तविक समझ को प्रोत्साहित करना चाहिए। यदि स्कूली शिक्षा और प्रवेश परीक्षाओं के शैक्षिक उद्देश्यों में बेहतर तालमेल स्थापित हो जाए, तो विद्यार्थियों को दो अलग-अलग शैक्षणिक दुनियाओं में एक साथ संघर्ष नहीं करना पड़ेगा।

उद्देश्य स्कूल की पढ़ाई को केवल कठिन बनाना नहीं होना चाहिए। उद्देश्य शिक्षा को अधिक गहन, उपयोगी और वास्तविक समस्या-समाधान से जुड़ा हुआ बनाना होना चाहिए।

नीट और जेईई पेशेवर शिक्षा के महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार हैं, लेकिन इनकी तैयारी विद्यार्थियों को स्कूल में अच्छी शिक्षा प्राप्त करने और प्रवेश परीक्षा में सफल होने के बीच चुनाव करने के लिए मजबूर नहीं करनी चाहिए।

वास्तविक चुनौती केवल विद्यार्थियों को नीट और जेईई के लिए तैयार करना नहीं है। वास्तविक चुनौती ऐसी शिक्षा व्यवस्था बनाना है, जिसमें स्कूल की अच्छी पढ़ाई ही इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सबसे मजबूत तैयारी बन जाए।

**डॉ. विजय गर्ग**
**रिटायर्ड प्रिंसिपल**
**शिक्षा स्तंभकार शिक्षाविद्**
**अकादमिक संपादक,**
**ऑनलाइन पत्रिका**
**एफएनबीवर्ल्ड.कॉम**
**गली कौर चंद, एम.एच.आर.,**
**मलोट, पंजाब**

### वायरल

## पत्नी की बेवफाई पकड़ी, एक गलती और पति को ही हो गई जेल!

टेक्नोलॉजी जितनी मदद करती है, कभी-कभी उतनी ही बड़ी मुसीबत भी बन जाती है। ताइवान की एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसे पढ़कर आप दंग रह जाएंगे। यहां एक शख्स ने अपनी पत्नी की बेवफाई का राज तो रोबोट वैक्यूम क्लीनर से खोल लिया और 15 लाख रुपए का हर्जाना भी जीत लिया, लेकिन गैजेट के गलत इस्तेमाल के चक्कर में उसे खुद जेल की हवा खानी पड़ गई। बात साल 2023 की है। ताइवान के रहने वाले इस शख्स को अपने हॉलिडे होम में एक ऐसा टूथब्रश दिखा, जिसे कोई दूसरा इस्तेमाल कर रहा था। शक हुआ तो उसने गैरेज का सीसीटीवी चेक किया, जहां एक अनजान शख्स उसकी पत्नी को छोड़ते हुए दिखा। शक पुख्ता करने उसने घर के रोबोट वैक्यूम क्लीनर को फोन से रिमोटली चालू कर दिया ताकि वह अपनी पत्नी से बात कर सके। जैसे ही लाइव फीड ऑन हुई, वैक्यूम क्लीनर के कैमरे ने पत्नी और उसके प्रेमी को आपत्तिजनक हालत में कैद कर लिया।






### X का एक्सरे

पिछली बार जब वह अपनी बुआओं और किसी अन्य व्यक्ति से बात करने में सक्षम थे, तो उन्होंने कहा था कि हाल ही में स्थितियां गंभीर रूप से खराब हो गई हैं। वह इसकी तुलना अन्य राजनीतिक कैदियों से कर रहे थे, जिन्हें मार दिया गया है। अभी यह पहले से भी बदतर है।



कासिम इमरान खान

उन सभी लोगों के लिए जो नेपाल से मेरे पहले ट्वीट में 'ड्रामा' शब्द के इस्तेमाल पर नाराज हैं, इस शब्द का मतलब केवल नाटकीय चीज नहीं होता। इसका एक अर्थ ऐसी स्थिति या घटनाओं की श्रृंखला भी है, जिसमें बेहद तीव्र टकराव वाली शक्तियां शामिल हों।



शशि थरूर

ऋषभ पंत से मेरी उम्मीदें अब तक पूरी नहीं हुई हैं। मुझे बहुत अफसोस है। यह इस बारे में है कि आपकी टीम को क्या चाहिए। सिडनी और ब्रिस्बेन में ऋषभ ने शानदार पारी खेली, लेकिन वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर के बिना आप वह मैच नहीं जीत सकते थे।



रविचंद्रन अश्विन

आने वाले समय में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर महिलाओं की रक्षा, सुरक्षा, सम्मान और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाएगी। उनके उत्थान के लिए पूरे सम्मान के साथ नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे। भाजपा ने जयप्रकाश नारायणके नाम और उनके विचारों को बेच दिया है।



अखिलेश यादव



# 101 करोड़ में मॉडर्न होगी लखनऊ छावनी

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी 30 को करेंगे 14 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास



- एकता बाजार, अभ्युदय डिस्पेन्सरी, विशेष बच्चों का स्कूल बनेगा
- दस करोड़ की लागत से बनेगा मल्टी यूटिलिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**लखनऊ।** लखनऊ छावनी परिषद का एक अरब 92 करोड़ की लागत से जल्द आधुनिकीकरण हो जाएगा। इसे देश की मॉडर्न छावनी के रूप में विकसित करने का काम आरंभ हो गया है।

इस आशय की जानकारी देते हुए रक्षा सम्पदा मध्य कमान की प्रधान निदेशक भावना सिंह ने बताया कि 30 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छावनी परिषद लखनऊ की जन कल्याण एवं जन सुविधाओं से जुड़ी 12 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं की सम्मिलित लागत लगभग रुपये 100.92 करोड़ है जिसमें जलापूर्ति पाइपलाइन का पुनरोद्धार, टयूबवेल, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, मल्टी लेवल कार पार्किंग, शवदाह स्थल, लिगेसी अपशिष्ट प्रबन्धन, एकता बाजार अभ्युदय डिस्पेन्सरी, विशेष बच्चों का स्कूल आदि शामिल है। प्रधान निदेशक रक्षा सम्पदा ने इन परियोजनाओं के विशेष पहलुओं पर प्रकाश डाला।

लखनऊ छावनी परिषद भारत के 62 कैंटोनमेंट बोर्ड में से एक है। चंद वर्षों में ही इसकी गणना मार्डन कैंटोनमेंट के रूप में होने लगेगी। इनमें से कुछ योजनाओं का लाभ छावनी परिषद ही नहीं, पूरे लखनऊ को मिलेगा। इनमें अभ्युदय कोचिंग सेंटर, दिव्यांगों के लिए विशेष विद्यालय, सिटी पॉलीक्लीनिक और पिपराघाट स्थित श्मशान घाट के आधुनिकीकरण जैसे काम शामिल हैं। इनमें 12 योजनाएं जहां केंद्र सरकार की हैं, वहीं दो योजनाएं राज्य सरकार की हैं। इन 14 योजनाओं में कुछ अगर महज छह माह में पूरी हो जाएंगी तो कुछ के पूरी होने में दिसंबर 2028 तक का समय लग सकता है। प्रधान निदेशक, रक्षा सम्पदा, मध्य कमान भावना सिंह ने बताया कि लखनऊ कैंटोनमेंट को मार्डन कैंटोनमेंट बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले चंद सालों में कई विकास कार्य किए जाएंगे। छावनी परिषद के सीइओ अभिषेक राठौर ने प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उनके मुताबिक आइआइटी कानपुर की मदद से सुलतानपुर रोड पर जीरो वेस्ट सालिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम का काम किया जाएगा। सदर में यातायात को सुगम बनाने के लिए रोबोट पार्किंग बनेगी, इसमें सौ चार पहिया वाहन खड़े हो सकेंगे। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सीएसआर फंड से मिले दस करोड़ की लागत से मल्टी यूटिलिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित किया जाएगा। यहां स्वीमिंग पूल, लॉन टेनिस, बॉक्सिंग सहित कई खेल गतिविधियां होंगी। इस क्रम में जीर्ण-शीर्ण हालत में स्थित पिपराघाट स्थित श्मशान घाट का कायाकल्प भी होगा। 1500 किलोलीटर क्षमता के दो कम्पाउंड बनेंगे। छावनी में जर्जर हो चुकी लोहे की पाइप लाइनों के स्थान पर लाइन पाइप लाइन डाली जाएंगी। पेयजल पाइप का काम 1031.24 लाख की कीमत से किया जाएगा। सीईओ अभिषेक राठौर ने बताया कि गर्मियों में पानी संकट से निजात पाने के लिए आठ ट्यूबवेल की बोरिंग कराई जाएगी। 950 किलोलीटर क्षमता की दो पानी की टंकियां बनाई जाएंगी। दिव्यांग बच्चों के लिए स्पेशल स्कूल संचालित किए जाएंगे। उन्हें मुफ्त में संचालित किया जाएगा। प्रधान निदेशक, रक्षा सम्पदा, मध्य कमान भावना सिंह ने बताया कि इसमें आर्मी वूमेन वेलफेयर एसोसिएशन भी सहयोग करेगी।

छावनी बोर्ड के नामित सदस्य प्रमोद शर्मा ने बताया कि आर.ए बाजार माध्यमिक विद्यालय और रेनबो माडल स्कूल की कायाकल्प के साथ ही उसमें कक्षाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही सुलतानपुर रोड पर 25 साल पुराने कचरे को निस्तारित करने की व्यवस्था की गई है। 1895.41 लाख की लागत से पुराने कचरे का प्रबंधन किया जाएगा। इसके अलावा शर्मा ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मदद से कैंटोनमेंट में पहले से आरए बाजार में संचालित सिटी पॉलीक्लीनिक में सात विशेषज्ञ डॉक्टर बैठेंगे। यहां सभी जांच व दवाइयां मुफ्त में मिलेंगी। इसी तरह सभी वर्ग के लोगों के लिए निःशुल्क अभ्युदय कोचिंग सेंटर खोला जाएगा। राजधानी का कोई भी छात्र इसका लाभ उठा सकेगा।

प्रेस कान्फ्रेंस का समापन निदेशक पुष्पेन्द्र सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सदर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू भी उपस्थित रहे।

## यूपी में कारोबारी अड़चनें होंगी दूर

- मंजूरी प्रक्रिया आसान करने पर केंद्र-राज्य का जोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कारोबार और निवेश को आसान बनाने के लिए डीरेगुलेशन 2.0 के तहत सुधार प्रक्रिया तेज कर दी गई है। लखनऊ स्थित इन्वेस्ट यूपी में हुई केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में उद्योगों और नागरिकों पर अनुपालन के बोझ को कम करने, नियमों को सरल बनाने और विभिन्न मंजूरियों की प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया गया।

कैबिनेट सचिवालय के विशेष सचिव के.के. पाठक की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्र और प्रदेश के अधिकारियों ने विभिन्न विभागों में चल रहे नियामकीय सुधारों की समीक्षा की। बैठक में खाद्य कारोबार के लिए एफएसएसएआई लाइसेंस, श्रम कानून, जीएसटी प्रक्रियाओं, फायर लाइसेंस, भवन स्वीकृति, एमएसएमई सहायता और बिजली कनेक्शन से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में नेशनल बिल्डिंग कोड स्टैंडर्ड्स-2026 के अनुरूप अग्नि सुरक्षा मानकों, यूपीबीबीएल के तहत भवन स्वीकृति तथा यूपीपीसीएल से बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने प्रमुख क्षेत्रों में मंजूरी संबंधी बाधाओं की पहचान कर उनके समाधान के लिए प्राथमिक सुधारों पर विचार किया। के.के. पाठक ने कहा कि नियमों का उद्देश्य पूरा होना चाहिए, लेकिन वे अनावश्यक बाधा नहीं बनने चाहिए। अग्नि सुरक्षा के मामले में उन्होंने जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अनुपालन को केवल एनओसी लेने तक सीमित नहीं रखने पर जोर दिया। बैठक में नगर नियोजन और आवास से जुड़े नियमों को और सरल बनाने तथा एफएआर में अधिक लचीलापन देने पर भी चर्चा हुई। नए विद्यालयों की स्थापना को आसान बनाने के लिए नियामकीय प्रावधानों की समीक्षा का सुझाव दिया गया। राजस्व से जुड़ी कुछ प्रक्रियाओं में भी सरलीकरण और शिथिलीकरण के प्रस्तावों पर विचार किया गया। गौरतलब है कि अनुपालन कम करने और नियामकीय सुधारों के पहले चरण में उत्तर प्रदेश ने मंजूरी संबंधी बाधाएं दूर करने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने के मामले में राज्यों में पहला स्थान हासिल किया था।

# छात्रों की पढ़ाई का रिकॉर्ड होगा डिजिटल, यूपी में अपार आईडी जोर

- वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी से पूरी शैक्षणिक यात्रा के रिकॉर्ड होंगे सुरक्षित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्यार्थियों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटल और सुरक्षित बनाने की दिशा में योगी सरकार ने अपार आईडी को लेकर फोकस बढ़ा दिया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों से अपार आईडी बनवाकर उसे अग्रिम पंजीकरण और परीक्षा आवेदन पत्र में दर्ज करने की अपील की है।

वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी की अवधारणा पर आधारित 12 अंकों की यह स्थायी डिजिटल पहचान विद्यार्थियों की स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक की शैक्षणिक यात्रा को एक डिजिटल रिकॉर्ड से जोड़ने में मदद करेगी। इसके जरिए विद्यार्थियों के प्रमाणपत्र और शैक्षणिक उपलब्धियां व्यवस्थित तरीके से सुरक्षित रखी जा सकेंगी। अढअअफक्कके माध्यम से विद्यार्थियों की मार्कशीट, ट्रांसफर सर्टिफिकेट और अन्य शैक्षणिक प्रमाणपत्रों को डिजीलॉकर पर डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने में सुविधा होगी। इससे दस्तावेजों के खोने या खराब होने की स्थिति में विद्यार्थियों को परेशानी का सामना कम करना पड़ेगा। डिजिटल पहचान के जरिए विद्यार्थियों के सही शैक्षणिक विवरण उपलब्ध होने से छात्रवृत्ति, कल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ सही विद्यार्थियों तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। इससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ने और रिकॉर्ड में त्रुटियों को कम करने की उम्मीद है। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा के अनुसार, कक्षा 9 और 11 के विद्यार्थियों के अग्रिम पंजीकरण तथा कक्षा 10 और 12 के विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया चल रही है। इसी दौरान विद्यार्थियों के शैक्षणिक विवरण को सुरक्षित और व्यवस्थित रखने के लिए अढअअफक्क को प्रोत्साहित किया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण और परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय अपार आईडी का विवरण देना अनिवार्य नहीं है।

हालांकि, विद्यार्थियों के हित में विद्यालय प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और अभिभावकों से अपार आईडी बनवाने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि अपार आईडी का निर्माण अभिभावकों की सहमति से होने वाली सरल और सुरक्षित प्रक्रिया है। प्रधानाचार्यों से प्रयास करने को कहा गया है कि अग्रिम पंजीकरण की अंतिम तिथि से पहले अधिक से अधिक विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज हो जाए।

# विकास कार्य पूरे करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई



- सीवर चोक की समस्याओं का 15 दिन में निस्तारण करें

**लखनऊ।** उत्तर विधानसभा क्षेत्र में सीवर, नाली-नाले, पेयजल, सफाई और पार्कों से जुड़े विकास कार्यों को लेकर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने गुरुवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सीतापुर रोड स्थित सेवा परिसर में हुई बैठक में विधायक ने अधिकारियों को जनता से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए।

डॉ. बोरा ने नई सीवर लाइन बिछाने के कार्यों को एक माह के भीतर पूरा करने को कहा। वहीं, क्षेत्र में सीवर चोक की शिकायतों का 15 दिन के भीतर निस्तारण कर कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्धारित समय में काम पूरा नहीं होने पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। विधायक ने भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड के ईडब्ल्यूएस पॉकेट, पुरनिया गांव, फैजुल्लागंज के नयापुरवा, अलीगंज के बनारसी टोला, जानकीपुरम के जानकी विहार और सरस्वतीपुरम समेत अन्य क्षेत्रों में सीवर चोक की समस्याओं का अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीवेज पंपिंग स्टेशनों की व्यवस्थाओं में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। सीवर सफाई के लिए अधिकृत सुएज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों को भी नियमित और प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. बोरा ने दूषित पेयजल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित कॉलोनियों में तत्काल निरीक्षण कराने और समस्या का समाधान करने को कहा। उन्होंने बरसात के बाद सड़कों को गड्ढामुक्त कराने, नाले-नालियों के निर्माण कार्य समयसीमा में पूरा करने और कॉलोनियों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पार्कों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण गुप्ता, अधिशासी अभियंता नजमी मुजफ्फर, अशोक कुमार यादव, जोनल अधिकारी अजीत राय, उद्यान अधीक्षक गंगाराम गौतम व शशिकांत समेत नगर निगम, जलकल, उद्यान विभाग, सुएज इंडिया और लखनऊ स्वच्छता अभियान के अधिकारी मौजूद रहे।

## केजीएमयू में रोबोटिक सर्जरी से सौ आपरेशन हुए पूरे

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रम के तहत कुल 250 रोबोटिक ऑपरेशन का आंकड़ा पार हो गया। यह उपलब्धि संस्थान में न्यूनतम चीरे वाली अत्याधुनिक सर्जरी की बढ़ती विशेषज्ञता को दर्शाती है। रोबोटिक शल्य चिकित्सा कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. एचएस पाहवा ने 100वीं सर्जरी को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। इसमें छोटे चीरे के जरिए सर्जरी करने की सुविधा मिलती है। इससे सामान्य तौर पर मरीज को कम दर्द, कम रक्तस्राव और अस्पताल में अपेक्षाकृत कम समय रहने का फायदा मिल सकता है। जटिल और बेहद सूक्ष्म हिस्सों में सर्जरी के दौरान रोबोटिक उपकरणों की सटीक मूवमेंट भी मददगार होती है। उन्होंने सर्जन, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, नर्सिंग स्टाफ, रोबोटिक तकनीशियन और अन्य कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास को उपलब्धि का आधार बताया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अध्यक्ष डॉ. बीके ओझा, चिकित्सा अधीक्षक शताब्दी अस्पताल व रोबोटिक कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विश्वजीत सिंह और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अक्षय आनंद ने टीम को बधाई दी।

## भाजपा ने दी रक्षाबंधन पर्व की बधाई व शुभकामनाएं

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेशवासियों को पवित्र रक्षाबंधन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और रक्षा के संकल्प का पावन पर्व है। भारतीय संस्कृति की विशेषता में परिवार के प्रति दायित्व-बोध और कर्तव्य-भाव का संकल्प निहित है। इसलिए हमारे प्रत्येक पर्व में पारिवारिक संबंधों की आत्मीयता को प्रगाढ़ करने के साथ-साथ अपने दायित्वों और संकल्पों को दृढ़ करने का भाव भी समाहित रहता है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में पर्व केवल उत्सव और आनंद के अवसर नहीं हैं, बल्कि वे समाज, संस्कृति, प्रकृति और राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यों का बोध कराने वाले अवसर भी हैं। रक्षाबंधन हमें अपने संबंधों की गरिमा, परस्पर रक्षा, विश्वास, सामाजिक समरसता और एक-दूसरे के प्रति दायित्व का स्मरण कराता है।

# 6,570 लंबित ऑडिट प्रकरणों पर मंडलायुक्त सख्त

## फार्मर आईडी में मंडल राज्य से 2.55 प्रतिशत आगे



**लखनऊ।** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गुरुवार को लखनऊ मंडल के विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर और उन्नाव में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। कम प्रगति वाले जिलों को तेजी लाने और लंबित कार्यों को तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।

मंडलायुक्त ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय से पहुंचना चाहिए। केवल बजट खर्च नहीं, बल्कि योजनाओं की वास्तविक प्रगति और जनता को मिल रहे लाभ को भी आधार बनाया जाए। वर्ष 2010-11 से 2023-24 तक मंडल में कुल 8,162 ऑडिट प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें 1,592 का निस्तारण हो चुका है, जबकि 6,570 मामले अभी लंबित हैं। मंडलायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने और अधिकारियों को व्यक्तिगत अनुश्रवण के निर्देश दिए। मंडल में निर्धारित 36.46 लाख किसानों के लक्ष्य के सापेक्ष 32.34 लाख से अधिक फार्मर आईडी जनरेट हो चुकी हैं। मंडल की उपलब्धि 88.70 प्रतिशत है, जो राज्य की 86.15 प्रतिशत उपलब्धि से 2.55 प्रतिशत अंक अधिक है। सीतापुर 94.23 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है। मंडलायुक्त ने शेष किसानों का पंजीकरण और लंबित अनुमोदन जल्द पूरा कराने को कहा। मुख्यमंत्री निराश्रित/बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना में मंडल के 18,643 लाभार्थियों में से 14,385 को भुगतान किया जा चुका है, जबकि 4,258 लाभार्थियों का भुगतान लंबित है। मंडलायुक्त ने पात्र लाभार्थियों का सत्यापन कर जल्द भुगतान कराने के निर्देश दिए। अशक्त गोवंश के लिए प्रस्तावित 1,084 आइसोलेशन कक्षों में 1,026 का निर्माण पूरा हो चुका है। शेष 58 कक्ष रायबरेली में हैं। इन्हें प्राथमिकता पर पूरा कराने के निर्देश दिए गए। मंडल की 1,093 ग्राम पंचायतों में से 1,069 में डिजिटल लाइब्रेरी के लिए फर्नीचर की आपूर्ति पूरी हो चुकी है।

वहीं पुस्तकों की आपूर्ति सभी 1,093 ग्राम पंचायतों में पूरी हो गई है। मंडलायुक्त ने शेष फर्नीचर और भुगतान संबंधी मामलों को शीघ्र निस्तारित करने को कहा। अंत्येष्टि स्थल निर्माण में भी मंडल ने 92.86 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की है। निर्धारित 112 कार्यों में 104 पूरे हो चुके हैं।

# पीजीआई में एसएमए की सस्ती दवा शुरू

## 18 करोड़ का इलाज 3.5 लाख में सीमित

**लखनऊ।** पीजीआई में नेशनल पॉलिसी ऑफ रेयर डिजीज (एनपीआरडी) के तहत पहली बार भारत में निर्मित ओरल आरएनए स्प्लिसिंग मॉडिफायर रिसडिप्लाम का इस्तेमाल शुरू किया गया है। नैटको फार्मा की इस दवा की पहली खेप में 15 बच्चों को मुफ्त दवा दी गई। संस्थान के मेडिकल जेनेटिक्स विभाग में 100 से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। जबकि 50 से ज्यादा बच्चे दवा मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

इस पहल की सबसे बड़ी खासियत इलाज की लागत में भारी कमी है। एसएमए की विदेशी जीन थेरेपी का खर्च करीब 18 करोड़ रुपये तक पहुंचता है। इंट्राथेकल इंजेक्शन की लागत करीब छह करोड़ रुपये सालाना है। वहीं विदेशी कंपनी की ओरल आरएनए स्प्लिसिंग मॉडिफायर दवा 20 किलो वजन वाले बच्चे के लिए करीब एक से दो करोड़ रुपये सालाना पड़ती थी। भारत में बनी रिसडिप्लाम की कीमत करीब 3.5 लाख रुपये सालाना तक है। यानी विदेशी दवा के मुकाबले खर्च करीब 50 गुना तक कम हो गया है। एसएमए में रीढ़ की हड्डी की मोटर न्यूरॉन कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं। इससे बच्चों में मांसपेशियों की कमजोरी, शरीर में ढीलापन और मोटर विकास में देरी होती है। दुनिया में करीब हर 10 हजार जीवित जन्म में एक बच्चे में एसएमए होने का अनुमान है।

विभागाध्यक्ष डॉ. कौशिक मंडल और उनकी टीम के प्रयासों से भारत में बनी दवा संस्थान तक पहुंची। अब उम्मीद है कि कम लागत वाली इस दवा की नियमित उपलब्धता से प्रतीक्षा सूची में शामिल बच्चों समेत अधिक एसएमए मरीजों तक इलाज पहुंच सकेगा। महंगे इलाज की सबसे बड़ी बाधा काफी हद तक कम होगी। पीजीआई निदेशक पद्मश्री डॉ. राधाकृष्ण धीमान ने दवा वितरण के दौरान मेडिकल जेनेटिक्स विभाग की टीम को बधाई दी। उन्होंने बच्चों और उनके परिवारों का हौसला बढ़ाया।

## हिंद पब्लिक स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**खटीमा।** हिंद पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर-हाउस (अंतर-सदन) कबड्डी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन हुआ। इस दौरान छात्र, छात्राओं दोनों वर्गों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। मैच का संचालन खेल शिक्षक रणजीत मेहरा व कविता बिष्ट की देखरेख में हुआ। विद्यालय प्रबंध निदेशक नीरज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, टीम वर्क और शारीरिक विकास करते हैं। प्रतियोगिता का अंतिम परिणाम में बालक वर्ग प्रथम स्थान (विजेता): रेड ड्रैगन, द्वितीय स्थान: ग्रीन मैमथ, तृतीय स्थान: ब्लू पैंथर तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान – विजेता येलो ईगल, द्वितीय स्थान– रेड ड्रैगन, तृतीय स्थान – ब्लू पैंथर ने प्राप्त किया। समापन अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी उपप्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट, रेनू सिंह, रोली सक्सेना, डिक्सी बेस्टियन, रंजीत मेहरा, विष्णु भास्कर त्रिपाठी, पुष्पा धामी, ब्रजेश कुमार, विपिन चंद्र गहतोड़ी, गीता कन्याल, योगेश गुप्ता, पूनम गुम्बर, पूजा गुलाटी, ममता बिष्ट, शशि कश्यप, दीपा नेगी, पायल जोशी, चंद्रप्रभा, पूजा पाण्डे, कविता बिष्ट, निकिता राय, विनीता पाठक, रोहित सिंह, नीतू कन्याल, प्रिया भट्ट, हिमांशु भट्ट राधिका कुंवर, श्वेता नेगी, रूबी खान, विमला बनकोटी, कंचन चंद, सिमरन रस्तोगी, योगिता पांडे, इफत यासमीन, श्वेता सिंह, लता जोशी, प्रमोद पांडेय, राकेश मौर्या, हर्ष गुप्ता, मनीषा मोटवानी अभिलाषा गुप्ता, गीता जोशी, चंपा विश्वकर्मा, शाइमा मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों में डिस्कवरी ऑफ इंडिया की शिक्षा होगी अनिवार्य

## विचार विभाग के चेयरमैन ने किया लिखित पांच पुस्तकों का विमोचन




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार विभाग की गुरुवार को अहम बैठक प्रदेश कार्यालय में विचार विभाग के चेयरमैन एचएल दुसाध की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विचार विभाग के चेयरमैन कैप्टन प्रवीन डावर एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विचार विभाग के उपाध्यक्ष डॉ. नीता मिश्रा मौजूद रहीं। बैठक का संचालन विचार विभाग के वाइस चेयरमैन सुरेन्द्र यादव ने किया।

बैठक में सितम्बर माह तक गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, सिद्धार्थनगर आदि जिलों में विचार विभाग की बैठक करने का निर्णय लिया गया। जिनकी तिथियां शीघ्र ही तय करने का निर्णय लिया गया। इस मौके विचार विभाग के चेयरमैन एचएच दुसाध द्वारा लिखित पांच पुस्तकों का भी विमोचन किया गया। एक पम्फलेट 100 रोगों की एक दवा- राहुल गांधी का जितनी आबादी-उतना हक सिद्धांत का वितरण किया गया, जिसे आम जनता तक पहुंचाने का निर्णय विचार विभाग द्वारा लिया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कैप्टन प्रवीन डावर ने कहा कि पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि और जयंती बड़े पैमाने पर आयोजित किए जाएं और जनता तक पं. नेहरू के विचारों को पहुंचाया जाए। उन्होने कहा कि प्रदेश भर में लगभग 200 मीटिंग करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि 2029 में कांग्रेस की केन्द्र में सरकार बनने पर सभी स्कूलों में डिस्कवरी आफ इण्डिया की शिक्षा अनिवार्य की जाएगी। केन्द्र की मोदी सरकार सभी मोर्चे पर विफल है। उन्होने विचार विभाग के पदाधिकारियों का आवाहन किया कि भाजपा और आरएसएस द्वारा पं. नेहरू, बाबा साहब आम्बेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल आदि महापुरूषों के बारे में फैलाये जा रहे झूठ को बेनकाब करें और सही बातें जनता के सामने लाने का काम करें। उन्होने कहा कि आगामी 2027 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए और किताबें लाने का निर्णय किया है जिस पर काम चल रहा है जिसे हम शीघ्र ही जनता के बीच लायेंगे। उन्होने राहुल ने दिल्ली में ऐतिहासिक सम्बोधन किया था कि आज आरएसएस-बीजेपी सत्ता में हैं हम सत्ता में नहीं हैं इसके लिए हमें अपने कोर वोटरों को जोड़ने की जरूरत है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की चर्चा कम उसके विचारों की चर्चा ज्यादा होती है। उन्होने कहा कि विचार के माध्यम से ही हम किसी समाज को परिवर्तित कर सकते हैं। आज हमें फिर से पूरी ताकत के साथ कांग्रेस पार्टी द्वारा देश के विकास और निर्माण के बारे में किये गये योगदान को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है।

## कैंसर संस्थान में बहनों ने निदेशक को बाँधी राखी

**लखनऊ।** राजधानी में बहनों ने डॉक्टरों को राखी बाँधकर मीठा खिलाया। गुरुवार को कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में राष्ट्र सेविका समिति, संपर्क विभाग, अवध प्रान्त द्वारा समिति के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र प्रचारिका शशि दीदी के संरक्षण में संपन्न हुआ। वहीं बहनों ने संस्थान के निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट को राखी बाँधकर मीठा खिलाया। प्रो. भट्ट ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का पर्व नहीं, बल्कि समाज में आपसी विश्वास, आत्मीयता, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला पर्व है। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा स्वास्थ्य संस्थान में कार्यरत चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों के साथ रक्षाबंधन मनाना सेवा और सामाजिक जुड़ाव की एक सराहनीय पहल है। संपर्क प्रमुख, अवध प्रान्त, सावित्री सिंह ने कहा कि राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष पूर्ण होने का यह अवसर सेवा, संस्कार और राष्ट्र समर्पण की भावना को और मजबूत करने का अवसर है।

## फैजुल्लागंज के 50 बेड हॉस्पिटल के लिए पांच करोड़ मिले

**लखनऊ।** फैजुल्लागंज और आसपास के करीब पांच लाख की आबादी के लिए राहत की खबर है। इलाज के लिए अब दूर-दराज के अस्पतालों की दौड़ लगाने से जल्द छुटकारा मिल सकता है। क्षेत्र में बनकर तैयार 50 बेड के अस्पताल को शुरू करने की कवायद तेज हो गई है। प्रदेश सरकार ने अस्पताल को संचालित करने के लिए पांच करोड़ रुपये का बजट आवंटित कर दिया है। इस रकम से अस्पताल के लिए जरूरी चिकित्सा उपकरण खरीदे जाएंगे। करीब दो माह पहले फैजुल्लागंज का अस्पताल बनकर तैयार है। फिलहाल भवन बंद है। बजट मिलने के बाद अस्पताल को शुरू करने की प्रक्रिया को रफ्तार मिलने की उम्मीद है। उपकरणों की खरीद के बाद अस्पताल में मरीजों को जांच और इलाज की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। अभी फैजुल्लागंज और आसपास के इलाकों के मरीजों को गंभीर बीमारी या जांच के लिए दूसरे बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। अस्पताल के लिए आवंटित बजट से रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी और ऑपरेशन थिएटर समेत विभिन्न विभागों के लिए जरूरी उपकरण खरीदे जाएंगे। इससे अस्पताल में जांच और उपचार का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। उपकरणों की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि शासन स्तर से डॉक्टरों की तैनाती की जानी है। उपकरणों की खरीद प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। जल्द ही मरीजों को इलाज मिल सकेगा। शुरूआत ओपीडी से की जाएगी।

# औसतन कम महिलाएं ले सकीं निशुल्क बस यात्रा का लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



रक्षाबंधन के दिन बस के लिए मारामारी। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर महिलाओं को अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए आते जाते समय बसों के लिए खांसी मारा मारी का सामना करना पड़ा। कई महिलाएं मुख्यमंत्री की घोषणा निशुल्क यात्रा का लाभ नहीं उठा सकी। उन्हें निजी वाहनों से अपने गंतव्य तक मुंह मांगा किराया अदाकर पहुंचना पड़ा।

खटीमा रोडवेज बस स्टेशन से पर्वतीय एवं मैदानी इलाकों को आने जाने के लिए आज राखी के दिन सुबह से ही महिला यात्रियों की भीड़ रही। इस दौरान जहां महिलाएं यात्रियों की संख्या में इजाफा रहा, वहीं राखी के त्यौहार की वजह से उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों का संचालन भी कम रहा। जानकारों की मानें तो जहां बेसन से महिला यात्री यो को निशुल्क यात्रा करनी थी वहीं कई चालक परिचालक भी राखी बंधवाने अपने बहन के घर चले गए। औसतन बसों का संचालन कम रहा। इस दौरान कई निजी वाहनों को मनमाना किराया अदा कर महिलाओं को अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा। इधर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश पांडे ने बताया कि कई चालक परिचालक राखी बनवाने के बाद ड्यूटी आए, परंतु कुछ अवकाश पर रहे। एआरएम पांडे ने बताया कि औसतन अन्य दिनों की तुलना में बसें कम चली। इस अव्यवस्था के चलते कई महिलाएं मुख्यमंत्री के निशुल्क यात्रा का लाभ लेने से वंचित रहीं।








## एक नजर

### करोड़ों की संपत्ति के बावजूद सरकारी आवास का लाभ लेने का आरोप

**पीलीभीत।** बीसलपुर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को दिए जाने वाले सरकारी आवासों की पात्रता को लेकर बीसलपुर नगर में गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। एक पूर्व सैनिक ने जिलाधिकारी को शिकायत भेजकर आरोप लगाया है कि पर्याप्त संपत्ति और पक्के मकान वाले कुछ लोगों ने कथित तौर पर अपनी वास्तविक आर्थिक स्थिति छिपाकर योजना का लाभ हासिल किया। शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अपात्र पाए जाने वालों से सरकारी धन की वसूली तथा संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामला नगर के मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी, वार्ड संख्या 18 से जुड़ा बताया गया है। भूतपूर्व सैनिक मो. आदिल सिद्दीकी की ओर से दी गई शिकायत में इरफान खां के पुत्र इमरान खां, एहसान खां और उनकी पत्नी शाहजहां बेगम पर आवास योजना का लाभ लेने में तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया गया है।

# भाजपा के जिला कार्यालय पर उमड़ा बहनों का स्नेह त्यौहार के पावन अवसर पर भावुक दिखे जितिन प्रसाद

## रक्षाबंधन का भावुक क्षण केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को बहनों ने बांधी राखी, उपहार देकर दिया सुरक्षा का वचन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर एक अलग ही स्नेहमयी और भावुक माहौल देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने पार्टी की बहनों और जिले भर से आईं नारी शक्ति के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार अत्यंत हर्षोल्लास एवं आत्मीयता से मनाया।कार्यक्रम के दौरान जिले के कोने-कोने से एकत्रित हुई बहनों ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनके दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की। बहनों के इस निस्वार्थ प्रेम और आत्मीयता को देखकर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद बेहद भावुक हो गए। उन्होंने सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें मनपसंद उपहार भेंट किए और जीवनभर उनकी सुरक्षा व सम्मान का वचन देते हुए रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जितिन प्रसाद ने कहा कि बहनों का यह प्रेम और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। यह रक्षासूत्र सिर्फ एक धागा नहीं, बल्कि अटूट स्नेह और जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस स्नेहपूर्ण आयोजन के दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की गई जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला महामंत्री महादेव गाईन, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, आयुष मिश्रा, अतिंदर पाल सिंह। जिला मंत्री ऋचा सिंह पटेल, पंकजा तिवारी, सत्यपाल वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा। जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार, जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा। नगर अध्यक्ष इन्द्रेश चौहान, शशि बाला कटियार, देव स्वरूप पटेल, अंशुमन तिवारी, अमनदीप मिश्रा, सुधीर चौधरी, अकलीम अहमद मलिक, शीतल रावत, ममता श्रीवास्तव, और हेमराज दिवाकर समेत भारी संख्या में जनपद की बहने मौजूद रहीं।

# थाना सुनगढ़ी में रक्षाबंधन पर्व पर सजा भाईचारे और सुरक्षा का अटूट बंधन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** एकल अभियान संभाग ब्रजमंडल, भाग रुहेलखंड, अंचल के संच पौटा-सुहास द्वारा थाना सुनगढ़ी में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायी एवं गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एकल विद्यालय अभियान की आचार्य बहनों ने थाना सुनगढ़ी में उपस्थित पुलिसकर्मी भाइयों की कलाई पर प्रेम एवं विश्वास का पवित्र प्रतीक रक्षासूत्र बांधकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सामाजिक समरसता, सुरक्षा और आपसी भाईचारे का सुंदर संदेश दिया गया।इस कार्यक्रम मे अंचल अभियान समिति अध्यक्ष डॉ. नरेश गंगवार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अंचल अभियान समिति के सचिव शेखर सक्सेना का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने सभी आचार्य बहनों से राखी बंधवाई तथा उनके उत्साहवर्धन के लिए उपहार देकर सम्मानित किया। थाना सुनगढ़ी के थानाध्यक्ष नरेश त्यागी ने इस सांस्कृतिक पहल की सराहना करते हुए सभी आचार्य बहनों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में डॉ. नरेश गंगवार अध्यक्ष, अंचल अभियान समिति शेखर सक्सेना सचिव, अंचल अभियान समिति एवं अंचल अभियान समिति श्रीमती आरती अग्रवाल,उपाध्यक्ष, अंचल अभियान समिति श्रीमती नीलिमा शर्मा ने नरेश त्यागी थानाध्यक्ष, रामनिवास अंचल अभियान प्रमुख राजकुमार अंचल गतिविधि प्रशिक्षक महेंद्र पाल संच प्रशिक्षक आचार्य बहनों द्वारा पुलिसकर्मी भाइयों को राखी बांधने का यह आयोजन समाज में नारी सम्मान, सुरक्षा और प्रेम की भावना को मजबूत करने वाला रहा। एकल विद्यालय अभियान निरंतर शिक्षा के साथ-साथ समाज में संस्कार, सेवा और सामाजिक समरसता के भाव को जागृत करने का कार्य कर रहा है। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम एकल परिवार और पुलिस परिवार के बीच आत्मीय संबंधों को और अधिक मजबूत करने का सुंदर माध्यम बना।

# सबलपुर खास की नूरी मस्जिद में आमद-ए-मुस्तफा कॉन्फ्रेंस का आयोजन



जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सबलपुर खास स्थित नूरी मस्जिद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आमद-ए-मुस्तफा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। समिति के अध्यक्ष मुस्ताक हुसैन वारसी ने शुक्रवार सुबह 11 बजे बताया कि गांव में यह धार्मिक आयोजन लंबे समय से परंपरागत रूप से आयोजित किया जाता रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इसमें मुस्ताक हुसैन वारसी को अध्यक्ष, अच्छन हसन को उपाध्यक्ष, भजीद अहमद को प्रबंधक तथा राजू को मंत्री बनाया गया है। वहीं अजीम, शमशुद्दीन, मोहम्मद आरिफ सहित अन्य लोगों को समिति का सदस्य बनाया गया है। कमेटी पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

# सरकारी अस्पतालों से मोहभंग, निजी नर्सिंग होम में मरीजों की बोली: संविदा डॉक्टरों की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

हरिओम बाजपेई, जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में व्याप्त अव्यवस्था और संविदा पर तैनात कुछ चिकित्सकों की कथित लापरवाही के कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनहित में यह बात सामने आ रही है किसरकारी अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं न होने या डॉक्टरों द्वारा रुचि न लेने के कारण मरीजों को खुलेआम निजी अस्पतालों का रास्ता दिखाया जा रहा है।

**निजी अस्पतालों में रेफर करने का खेल:** आरोप हैं कि सरकारी ड्यूटी पर तैनात कुछ संविदा चिकित्सक मरीजों को




बेहतर इलाज का झांसा देकर निजी अस्पतालों में भेज रहे हैं।

**आर्थिक शोषण और शोहरत का धंधा:** सरकारी अस्पतालों में तय मानदेय और सीमित संसाधनों के कारण कुछ चिकित्सक निजी क्लीनिकों और अस्पतालों से सांठगांठ कर रहे हैं। जहां मरीजों से मनमाना शुल्क वसूलकर मोटी कमाई के साथ-साथ निजी साख (शोहरत) बनाई जा रही है। सरकारी अस्पताल में मुफ्त या कम खर्च में इलाज की आस लेकर आने वाले गरीब मरीज निजी अस्पतालों के भारी-भरकम बिलों के तले दबकर कर्जदार होने को मजबूर हैं। ड्यूटी के दौरान निजी अस्पतालों के लिए दलाली या रेफरल करने वाले डॉक्टरों की बायोमेट्रिक और औचक निरीक्षण के जरिए निगरानी की जाए।

**सख्त कानूनी और अनुशासनात्मक कार्रवाई:** सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने वाले संविदा और स्थायी चिकित्सकों की सेवा तत्काल समाप्त की जाए और आपराधिक मामला दर्ज हो। सरकारी अस्पतालों में पारदर्शी हेल्पलाइन नंबर और शिकायत पेटी लगाई जाए, जिससे पीड़ित मरीज बिना किसी डर के सीधे प्रशासन से शिकायत दर्ज करा सकें। स्वास्थ्य सेवा कोई व्यापार नहीं, बल्कि आम नागरिक का मूलभूत अधिकार है। सरकारी व्यवस्था को दुरुस्त कर इस अवैध रेफरल सिंडिकेट पर नकेल कसना बेहद जरूरी है।।

> आज एक ऐसा ही मामला देखने को स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला चिकित्सालय परिसर में मिला। मरीज दर्द से चिल्लाता रहा और डॉक्टर के आने का करता रहा इंतजार लेकिन अफसोस कुछ देर बाद पता चला डॉक्टर साहब छुट्टी पर है। लेकिन डॉक्टर साहब मजबूर थे आज क्योंकि उन्हें एक ऑपरेशन एक निजी नर्सिंग होम में करना था।

## संक्षेप समाचार

### मासूम हाथों ने जब बांधी राखी, भावुक हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह



**पीलीभीत।** रक्षाबंधन के पावन पर्व की पूर्वसंध्या पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में उस वक्त एक भावुक और स्नेहपूर्ण माहौल बन गया, जब ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की नन्हीं-मुन्नी छात्राएं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को राखी बांधने पहुंचीं। जैसे ही मासूम छात्राओं ने जिलाधिकारी की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनके माथे पर तिलक लगाया, जिलाधिकारी अत्यंत भावुक हो उठे। उन्होंने पिता और अभिभावक तुल्य स्नेह के साथ सभी बालिकाओं के सिर पर हाथ रखकर उन्हें रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल व स्वर्णिम भविष्य की कामना की। छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सफलता के मूलमंत्र साझा किए। अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार जीवन का लक्ष्य तय करें और फिर पूरी लगन, ईमानदारी व निरंतर प्रयास के साथ उसे हासिल करने में जुट जाएं।" उन्होंने जोर देकर कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने पर सफलता अवश्य प्राप्त होती है। इस अवसर पर छात्राओं के चेहरे पर जिलाधिकारी को राखी बांधने की खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने विद्यालय से आए शिक्षकों और सभी बालिकाओं का इस स्नेहपूर्ण पहल के लिए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। कलेक्ट्रेट का यह पूरा माहौल रक्षाबंधन की मिठास और अपनत्व से सराबोर नजर आया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर अनोखी पहल: रामकृष्ण विवेकानंद सेवाश्रम ने आयोजित की 'धीमी साइकिल रेस'

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** आज राष्ट्रीय खेल दिवस एवं मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर आज रामकृष्ण विवेकानंद सेवाश्रम द्वारा संतराम सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में आज एक अनोखी 'धीमी साइकिल रेस' प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अंधी प्रतिस्पर्धा और भागदौड़ से दूर कर उनमें अंतर्मुखी भाव, स्वयं के प्रति जागरूकता और एकाग्रता विकसित करना था।इस प्रतियोगिता में नगर के विद्यालयों मे ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, चिरौंजी लाल, संतराम शिशु मंदिर, जीजीआईसी, और अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर सहित कई स्कूलों के लगभग साठ भैया-बहनों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। तीन राउंड में हुआ मुकाबला, 15 प्रतिभागी हुए पुरस्कृत प्रतियोगिता को बालकों के दो राउंड और बालिकाओं के एक राउंड कुल तीन राउंड में आयोजित किया गया। धीमी गति से संतुलन बनाकर साइकिल चलाने की इस अद्भुत कला में प्रत्येक राउंड से सबसे पीछे रहने वाले (धीमी गति बनाए रखने वाले) 5-5 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को चुना गया। इस प्रकार कुल 15 प्रतिभागियों को उनकी एकाग्रता और संतुलन के लिए पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का सफल संयोजन सी.ए. संजय अग्रवाल द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में जिला हॉकी एसोसिएशन के सचिव जय प्रकाश बघेल, भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान सतीश शर्मा, संतराम शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य कुरेंद्र कुमार एवं उनके विद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से रीमा बहन ने भी उपस्थित होकर बच्चों का मार्ग दर्शन और उत्साहवर्धन किया।

# बरखेड़ा पुलिस ने दो शातिर चोरों को चोरी की दो मोबाइक, मोबाइल, नकदी एवं आभूषण सहित किया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** आज थाना बरखेड़ा पुलिस द्वारा दो शातिर चोरों को चोरी की दो मोटरसाइकिल मोबाइल फोन नकदी एवं सोना चांदी के आभूषण सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल। ज्ञात रहे पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने तथा चोरी की घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज रात्रि में थाना बरखेड़ा पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त चेकिंग के दौरान ग्राम भैंसहा ग्वालपुर के निकट से दो शातिर अभियुक्तगण गंगाराम उर्फ बनवारी पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम जमुनिया खास, थाना माधोटांडा,व अजय सक्सेना पुत्र छेदालाल निवासी ग्राम जमुनिया खास, थाना माधोटांडा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन,सात हजार सात सौ रुपये नकद तथा सोना-चांदी के आभूषण बरामद किए गए। ज्ञात रहे बरामद दोनों मोटर साइकिल, मोबाइल फोन, नकदी एवं आभूषणों के चोरी होने के संबंध में थाना बरखेड़ा पर पूर्व से धारा 303(2) बीएनएस व 304/2026 धारा 331(4) 305 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्तगण के विरुद्ध बरामदगी गिरफ्तारी के आधार पर संबंधित अभियोगों में धारा 317(2)/338/336(3)/340 (2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। अभियुक्तगण को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। गया। 27 जुलाई को। परशुराम पुत्र डालचन्द नि० ग्राम रम्पुरा नत्थू के द्वारा मोटर साईकिल हीरो नं0 UP 26 AN 8180 चोरी होने के सम्बन्ध में तथा 13 अगस्त को वादी बाबी सिंह पुत्र निर्बान सिंह नि० ग्राम भैसाई पर्वतपुर द्वारा अपने घर से नगदी व भाई के घर से मोटर साईकिल नं0 UP 26 J 3150 एवं भगवान दास पुत्र मोहनलाल के घर से आभूषण व नगदी चोरी होने के सम्बन्ध में थाना बरखेड़ा पर। बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त चोरी की घटना के खुलासा के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी बीसलपुर के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। गठित टीमों द्वारा अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गयी मोटर-साईकिल व आभूषण बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ एवं जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा पुलिस से बचने के उद्देश्य से दोनों मोटर साइकिलों की वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट खोलकर जंगल में फेंक दी गई थीं तथा दोनों मोटरसाइकिलों पर अलग अलग फर्जी कूटरचित रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट तैयार कर लगाई गई थीं। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल पाच अदद फर्जी कूटरचित रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट भी बरामद हुई हैं। अभियुक्तगण का एक अन्य साथी संजीव कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम जमुनिया खास अभी फरार है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह उपनिरीक्षक धीर सिंह उपनिरीक्षक नवीन कुमार,मुनेश कुमार, मो0 अली, शमशुद्दीन, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

**परीक्षा** भारत विकास परिषद राष्ट्रीय भारत को जानो परीक्षा 31 अगस्त हेतु संपूर्ण तैयारियां पूर्ण, बच्चों में उत्साह

# 'भारत को जानो' परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों का विद्यालयों को हुआ वितरण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** भारत विकास परिषद, बांसुरी शाखा द्वारा आगामी 31 अगस्त को आयोजित होने वाली अखिल भारतीय 'भारत को जानो' लिखित परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में आज जनपद के ग्यारह विद्यालयों में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के लिए प्रश्न-पत्रों का वितरण सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। सामग्री वितरण के लिए महा पुरुषों के नाम पर पाच विशेष टोलियों का गठन किया गया था: जिसमे स्वामी विवेकानंद टोली राहुल गजवानी, रवि शर्मा तथा बैनर पब्लिक स्कूल अंगूरी देवी इंटर कॉलेज एवं इकरा पब्लिक स्कूल।तथा महाराणा प्रताप टोली शिरीष सक्सेना, संजीव अरोड़ा कंपोजिट विद्यालय बारहा एवं कंपोजिट विद्यालय किन कौंच। एवं छत्रपति शिवाजी महाराज टोली संतोष मिश्रा, अमित गुप्ता लॉर्ड कृष्णा विद्यालय एवं स्प्रिंग डेल कॉलेज।एवं सरदार पटेल टोली रामानुज अवस्थी, संजीव अरोड़ा लिटिल एंजल्स स्कूल एवं रामा इंटर कॉलेज। शहीद भगत सिंह टोली राहुल गजवानी, रवि शर्मा, संतोष मिश्रा तथा अवध पब्लिक स्कूल एवं आदर्श विद्या मंदिर।शाखा अध्यक्ष जगदीश सक्सेना ने बताया कि संपूर्ण भारतवर्ष में आयोजित होने वाली इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य भावी पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, गौरवशाली सभ्यता, महापुरुषों, प्रमुख नदियों और ऐतिहासिक धरोहरों से परिचित कराना है। इसके लिए विद्यार्थियों को परिषद द्वारा प्रकाशित 'भारत को जानो' संदर्भ पुस्तक पूर्व में ही उपलब्ध कराई जा चुकी है।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक संजीव अरोड़ा, सह-संयोजक राहुल गजवानी, प्रांतीय पर्यावरण संयोजक रवि शर्मा, शाखा सचिव शिरीष सक्सेना, संतोष मिश्रा, रामानुज अवस्थी, अमित गुप्ता एवं हरिपाल यादव सहित परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व: बाघ मित्र कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

**पीलीभीत।** टाइगर रिजर्व में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम एवं संघर्ष प्रबंधन में बाघ मित्र कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम को आगे भी सफलता पूर्वक संचालित करने तथा इसकी गति निरंतर बनाए रखने के लिए समय-समय पर कार्यों की समीक्षा आवश्यक है। कभी मानव-वन्यजीव संघर्ष के लिए पहचाना जाने वाला पीलीभीत आज संघर्ष प्रबंधन के प्रभावी प्रयासों के लिए जाना जाता है। बाघ मित्रों को सदैव तैयार एवं सक्रिय रखने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा और आवश्यक दिशा-निर्देश महत्वपूर्ण हैं। इसी क्रम में बाघ मित्र कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली एवं परिणामदायी बनाने के उद्देश्य से डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से प्रभागीय वनाधिकारी श्री मनीष सिंह की अध्यक्षता में बाघ मित्र कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

# टाइगर रिजर्व में रक्षाबंधन पर अनोखा संदेश -बहनों और वन अधिकारियों ने पौधरोपण कर बांधा रक्षासूत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** रक्षाबंधन के पावन पर्व के शुभ अवसर पर बनकटी मार्ग स्थित कार्यालय फील्ड डायरेक्टर टाइगर रिजर्व के सामने एक विशेष और भावनात्मक पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास के इस त्यौहार को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए रेंज में बड़े उत्साह के साथ पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित बहनों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि नव-रोपित पौधों की कलाई पर रक्षासूत्र के रुप मे राखी बांधकर उनकी आजीवन सुरक्षा का संकल्प लिया और समाज को प्रकृति संरक्षण का एक अनूठा संदेश दिया।इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभागीय वन अधिकारी पीलीभीत टाइगर रिजर्व मनीष सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ उप प्रभागीय वन अधिकारी वन एवं वन्य जीव प्रभाग रमेश चौहान, क्षेत्रीय वन अधिकारी विनीत प्रकाश श्रीवास्तव तथा उप क्षेत्रीय वन अधिकारी शेरसिंह ने भी सहभागिता की। पीटीआर कॉलोनी से आई बहनों और वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया। अधिकारियों ने बहनों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह भाई अपनी बहन की रक्षा का वचन देता है, उसी तरह इन पौधों को रक्षासूत्र बांधकर हमें प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प भी लेना चाहिए।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com







# बाघ के हमले में अधेड़ की मौत, शव रखकर लगाया जाम

## केले की रखवाली करने खेत पर गया था मृतक ग्रामीण

जागरण मोर्चा कार्यालय





रोड पर जाम लगाते लोग व वार्ता करते एसडीएम। –जागरण मोर्चा

**पूरन पुर।** बाघ के हमले में एक अधेड़ की मौत हो गई। वह केले की फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर गया था। घटना के बाद ग्रामीणों में बाघ को लेकर दहशत और आक्रोश फैल गया। शव को रोड पर रखकर जाम लगा दिया। वमुश्किल ग्रामीण शांत हुए। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हजारा थाना क्षेत्र के शांति नगर गांव निवासी मुंशी प्रसाद शुक्रबार की रात केले की फसल की रखवाली करने खेत की ओर गया था। खेत में फसल की निगरानी के दौरान बाघ ने उस पर हमला कर दिया। बाघ के हमले में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी जब परिजनों और ग्रामीणों को हुई तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने आसपास के क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी को लेकर चिंता जताई। परिजन शव को लेकर रामनगर तिराहे पर पहुंच गए। शुक्रवार रात परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। देखते ही देखते तिराहे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जाम के कारण सड़क पर वाहनों का आवागमन प्रभावित हो गया। ग्रामीण घटना को लेकर बेहद आक्रोशित नजर आए। शनिवार को भी ग्रामीण जाम लगाकर विरोध करते रहे। जाम और घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी लेने और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। लेकिन बाघ के हमले से नाराज परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा वन विभाग के खिलाफ फूट पड़ा। लोगों ने वन विभाग की टीम का विरोध शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ने पर आक्रोशित लोगों ने टीम को मौके से खदेड़ दिया। वन विभाग की टीम के विरोध के बाद मौके पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। उनका कहना था कि बाघ के हमले में एक व्यक्ति की जान चली गई है और अब क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी अपनी सुरक्षा को लेकर डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ की निगरानी बढ़ाने के साथ ही उसे पकड़ने के लिए प्रभावी कार्रवाई किए जाने की मांग की। उपजिलाधिकारी मंयक गोस्वामी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने जाम लगाए लोगों से बातचीत की और उन्हें समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने लोगों को उनकी मांगों और समस्या के संबंध में उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाने का प्रयास किया। करीब 16 घंटे तक धरना चला। इसके बाद उनकी मांगो को पूरा कराने का आश्वाशन दिया। तब जाकर ग्रामीण व परिजन माने, इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद काफी देर तक मौके पर लोगों की भीड़ जुटी रही। पुलिस की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। वहीं, ग्रामीणों में बाघ के हमले को लेकर गहरी नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगातार निगरानी की जाए। साथ ही, खेतों और आबादी के आसपास सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो। अधेड़ की मौत से ग्रामीणों में शोक के साथ-साथ वन विभाग के प्रति नाराजगी भी देखने को मिल रही है। फिलहाल पुलिस और वन विभाग की कार्रवाई तथा ग्रामीणों की मांगों को लेकर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। घटना के बाद इलाके में बाघ की मौजूदगी को लेकर लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

> मामले की सूचना पर मौके पर गए थे। ग्रामीणों और परिजनों को समझाया गया। इसके बाद शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।
>
> –विधि भूषण मौर्य, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, प्राइवेट पार्ट पर मिले नीले निशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद में शनिवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक के प्राइवेट पार्ट पर नीले निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदेहास्पद बना हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी धर्मपाल यादव ने थाने में सूचना दी कि उनकी भाभी रिंकी गत 27 अगस्त को उनके 42 वर्षीय भाई रामवीर को अपनी मायके गणेशपुर गोटिया थाना पीलीभीत ले गई थीं। शनिवार सुबह करीब 10:35 बजे रिंकी अपने पति रामवीर का शव लेकर घर पहुँची। शव को देखने पर रामवीर के प्राइवेट पार्ट पर नीले रंग के निशान पाए गए। इस संबंध में पत्नी रिंकी का कहना है कि रामवीर को इंफेक्शन की समस्या थी, जिसके इलाज के लिए वह 27 अगस्त को उन्हें ज्ञान प्रकाश हॉस्पिटल पीलीभीत ले गई थी। शनिवार तड़के करीब 5:00 बजे इलाज के दौरान पीलीभीत में ही उनकी मृत्यु हो गई, जिसके बाद वह शव बीसलपुर लेकर आई। घटना के संबंध में मृतक के भाई धर्मपाल की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

# मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल दिवस का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** नगर के आर.एस. आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महान हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मोहित अवस्थी एवं शिवनारायण मिश्रा जी ने मेजर ध्यानचंद के जीवन, संघर्ष एवं खेल उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रत्येक खेल को सदैव खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं विद्यालय के शारीरिक प्रमुख श्री निर्दोष जी के निर्देशन में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद के जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। बताया गया कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में हुआ था। उनके पिता सोमेश्वर दत्त सिंह ब्रिटिश भारतीय सेना में कार्यरत थे। मेजर ध्यानचंद ने अपनी प्रतिभा एवं अथक परिश्रम के बल पर हॉकी के क्षेत्र में भारत का नाम विश्व स्तर पर गौरवान्वित किया। उन्होंने 1928 एम्सटर्डम, 1932 लॉस एंजेलिस तथा 1936 बर्लिन ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी अद्भुत खेल प्रतिभा के कारण उन्हें 'हॉकी का जादूगर' कहा जाता है। मेजर ध्यानचंद का निधन 3 दिसंबर 1979 को नई दिल्ली में हुआ। उनकी स्मृति एवं खेलों के प्रति उनके योगदान को सम्मान देने के लिए उनकी जयंती 29 अगस्त को पूरे देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जाती है। इसी अवसर पर देश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाता है। विद्यालय के कक्षा 9 के भैया जोबन सिंह ने भी मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़ी अनेक रोचक बातें एवं कहानियां विद्यार्थियों के साथ साझा कीं तथा विद्यालय में आयोजित होने वाली खेल गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

# हत्या के प्रयास का आरोपी अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी गगन भारती। –जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** पुलिस ने बीड़ी पीने को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। मामला 25 अगस्त का है। पीड़िता चंचल देवी के पति श्यामाचरण की दुकान के अंदर बैठकर आरोपी गगन भारती उर्फ सल्ला (21 वर्ष), निवासी ग्राम चौसरा, शराब के नशे में बीड़ी पी रहा था। श्यामाचरण द्वारा मना करने पर दोनों के बीच बहस हो गई, जिसके बाद गुस्से में आकर गगन ने अपने पास मौजूद तमंचे से श्यामाचरण पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया और मौके से फरार हो गया। मामले में 26 अगस्त को चंचल देवी की तहरीर पर थाना बीसलपुर में धारा 109(1) BNS के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर 27 अगस्त की रात करीब 9:30 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को चौसरा नहर की पुलिया के पास से दबोच लिया। आरोपी के पास से एक 12 बोर का अवैध देशी तमंचा और नाल में फंसा हुआ खोखा कारतूस बरामद हुआ है। तमंचा बरामद होने पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। थाना प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया है कि आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जितौरिया टांडा निवासी प्रवीन भारती ने बताया कि 22 अगस्त को रात करीब साढे आठ बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान गांव निवासी गुरबचन, राजपाल, राम आसरे, इन्द्रजीत व अशीष वाइक की बात को लेकर गाली गलौच शुरु कर दी।

विरोध करने पर सभी लोग घर के अंदर घुस आए विरोध करने पर मारा पीटा। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मामले की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# रंजिश में युवक को बेल्ट से पीटा, वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव जहूरगंज निवासी एक युवक के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। युवक किसी काम से पूरनपुर आया था। काम निपटाने के बाद वह अपने घर वापस लौट रहा था। आरोप है कि शेरपुर कला गांव के किनारे रास्ते में आधा दर्जन युवकों ने उसे घेर लिया और रोककर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने युवक को लात-घूंसों से पीटने के साथ ही बेल्ट से भी जमकर मारा। अचानक हुए हमले से युवक खुद को बचाने का प्रयास करता रहा, लेकिन कई युवक उसे घेरकर लगातार पीटते रहे। घटना के दौरान मौके से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। बताया जा रहा है कि मारपीट का यही वीडियो शनिवार दोपहर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में कुछ युवक एक युवक को घेरकर उसके साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित युवक हमलावरों से बचने का प्रयास करता नजर आ रहा है, जबकि आरोपी युवक उसके साथ लात-घूंसों और बेल्ट से मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं,वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। बताया जा रहा है कि विवाद के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। हालांकि, मारपीट की वास्तविक वजह और घटना में शामिल युवकों की पहचान पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पीड़ित पक्ष की ओर से शिकायत दिए जाने और पुलिस कार्रवाई के बाद घटना से जुड़ी अन्य जानकारी सामने आने की उम्मीद है।

## संक्षेप समाचार

### बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर ई रिक्शा पलटने से चार लोग हुए घायल

**बीसलपुर।** बीसलपुर शाहजहांपुर मार्ग पर चलने वाला ई–रिक्शा शुक्रवार को सुबह 7:00 ग्राम खनंका से सवारियां लेकर बीसलपुर आ रहा था। रोहनिया गांव के समीप सामने से तेज गति से आ रहे हैं ट्रक को बचाने के प्रयास में ई रिक्शा चालक अपना संतुलन खो बैठा और उसका ई–रिक्शा मार्ग के किनारे पलट गया। इसमें सवार ग्राम रोहनिया निवासी अमित कुमार, बृजपाल, संजीव ग्राम कामघाट निवासी रामपाल के पुत्र रंजीत घायल हो गए। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण भाग कर मौके पर आ गए उन्होंने घायलों को ई रिक्शा से बाहर निकाल प्राथमिक उपचार के लिए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म करने वाला आरोपी। –जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को बीसलपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता की तहरीर पर 26 नवंबर 2025 को आरोपी सीबू पुत्र साबू सलमानी, निवासी मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 28 अगस्त की सुबह आरोपी सीबू को मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी से धर दबोचा। थाना प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

### ससुर ने किया बहू के साथ बलात्कार, मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** घर में सो रही बहू के साथ ससुर ने बलात्कार किया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने कोर्ट में दिए प्रार्थनापत्र में कहा है कि उसका पति व सास पड़ोसी गांव में रिश्तेदारी में गए हुए थे। दिनांक 21 अप्रैल को रात्रि 11 बजे वह अपने बच्चे के साथ सो रही थी। तभी ससुर ने उसे दबोच लिया जब उसने चीख पुकार की तभी उसके मुंह में कपड़ा ठूस दिया और ससुर ने बलात्कार किया। उसने फोन पर घटना के बारे में डायल 112 को बताया तो पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी ससुर को पकड़कर ले गई। अगले दिन उसकी सास व पति घर लौटा तो उसने पूरी घटना बताई, लेकिन सास व पति ने गालियां देते हुए कहा कि उसके पति व पिता को फंसा रही है। जान से मार देंगे। जब वह मुकदमा लिखाने गई तो पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी ससुर नन्हेलाल, विशाल व लज्जा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कूड़ा डालने को लेकर विवाद, घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट; सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खरगपुर कलां में कूड़ा डालने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर लाठी–डंडों और बंका से हमला कर दिया, जिसमें महिलाएं और युवक घायल हो गए। पीड़ित रामरतन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 अगस्त को शाम के समय पड़ोसी शिवकुमार से कूड़ा डालने को लेकर कहासुनी हुई थी। आरोप है कि इसके बाद शिवकुमार अपने परिवार के अन्य सदस्यों—रामकिशोर, बबलू, ओमप्रकाश, गुड्डी देवी तथा रामकिशोर व शिवकुमार की पत्नियों के साथ गाली–गलौज करते हुए लाठी–डंडे और बंका लेकर उनके घर में घुस आया। घर में घुसकर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में पीड़ित रामरतन, उनके बेटे रविन्द्र सिंह और मानवेन्द्र सिंह, तथा पुत्रवधू किरण और लक्ष्मी को काफी चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक रामकुमार को सौंपी गई है।

### पूरनपुर से बरेली के लिए सीधी रेल सेवा चलाने की मांग

**पूरनपुर।** नगरवासियों और दैनिक यात्रियों की सुविधा को देखते हुए पूरनपुर से बरेली के बीच सीधी रेल सेवा संचालित किए जाने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में नगर पालिका परिषद पूरनपुर के अध्यक्ष सभासद संघ अनुज कुमार गुप्ता ने केंद्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद जितिन प्रसाद को पत्र भेजकर जनहित में रेल सेवा उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि पूरनपुर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन बरेली आवागमन करते हैं। विद्यार्थियों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और अन्य यात्रियों को वर्तमान में बरेली जाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूरनपुर से बरेली के लिए सीधी ट्रेन उपलब्ध होने से क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। अनुज कुमार गुप्ता ने पत्र में प्रात: 8 बजे पूरनपुर से बरेली तथा शाम 6 बजे बरेली से पूरनपुर के लिए ट्रेन चलाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यदि इस रेल सेवा का नियमित संचालन शुरू होता है तो पूरनपुर, पीलीभीत सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सांसद जितिन प्रसाद से रेल मंत्रालय एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से उठाकर पूरनपुर–बरेली रेल सेवा शुरू कराने की दिशा में सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया है।

# भीड़ का कैमरा चालान काटता रहा, पर गगन के हाथों ने मौत को हरा दिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज सुबह की बात है। सूरज की किरणें अभी दियुरी रेलवे स्टेशन की पटरियों पर पूरी तरह फैली भी नहीं थीं कि एक चीख से सन्नाटा चीर गया। ट्रेन निकल चुकी थी, लेकिन अपने पीछे छोड़ गई थी खून से लथपथ एक युवक, जिसके दोनों पैर बुरी तरह क्षत-विगोग हो चुके थे। वह कराह रहा था, चीख रहा था, तड़प रहा था। सड़क पर गुजरते राहगीरों के कदम थमे, मगर किसी का दिल नहीं पसीजा। लोगों की जेबों से फोन निकले, कैमरे ऑन हुए और वे एक मरते हुए इंसान को 'कंटेंट' समझकर रिकॉर्ड करने में व्यस्त हो गए। संवेदनहीनता अपने चरम पर थी जहां इंसानियत को सांस लेने के लिए हवा चाहिए थी, वहां उसे सिर्फ कैमरों के लेंस मिल रहे थे।

तभी वहां से गुजरे गगन पाल युवक मंगल दल के अध्यक्ष और प्रशिक्षित 'आपदा मित्र' गगन ने जब तड़पते हुए युवक और उसके इर्द गिर्द खड़े 'तमाशबीनों' को देखा, तो उन्होंने एक पल का भी विलंब नहीं किया। गगन और उनके जांबाज वालंटियरों के लिए वह सिर्फ एक सड़क दुर्घटना नहीं, बल्कि इंसानियत की अग्नि परीक्षा थी। बिना किसी झिझक के, खून से सने घायल के पास पहुंचकर उन्होंने तुरंत स्ट्रेचर की व्यवस्था की। घायल युवक केवल इतना कह पाया लखीमपुर खीरी.और दर्द की उस सीमा को पार करते हुए बेहोश हो गया। गगन और उनकी टीम ने पलक झपकते ही उसे मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल पहुंचाया डॉक्टरों ने साफ कहा अगर कुछ मिनट की भी देरी होती, तो अस्पताल की दहलीज तक सांसें नहीं पहुंच पातीं। आपदा मित्र के प्रशिक्षण और एक संवेदनशील दिल ने मिलकर उस युवक को नया जीवन दे दिया। क्या हम सिर्फ दर्शक बनने आए हैं ।यह घटना सिर्फ गगन पाल की बहादुरी की कहानी नहीं है, यह हम सबके मुंह पर एक जोरदार तमाचा है। सोचिए, अगर उस पटरी पर तड़पता हुआ युवक आपका भाई, आपका दोस्त या आपका बेटा होता तो क्या तब भी आप किसी के मोबाइल कैमरे का इंतजार करते जब दुर्घटना स्थल पर हमारा पहला हाथ जेब में फोन ढूंढने लगे मदद के लिए आगे न बढ़े, तो समझ लीजिए कि समाज के रूप में हम भीतर से मर चुके हैं।.गगन पाल और युवक मंगल दल ने साबित कर दिया कि सही दिशा में मिला प्रशिक्षण और दिल में बसा नागरिक कर्तव्य किसी भी चमत्कार से बड़ा होता है।

> **आइए, तमाशबीन नहीं, 'आपदा मित्र' बनें**
>
> लाइक, शेयर और व्यूज कुछ पलों के लिए हो सकते हैं, लेकिन किसी की जान बचाकर उसकी मां, उसकी पत्नी या उसके बच्चों के चेहरे पर लौटाई गई मुस्कान ताउम्र रहती है। अगली बार जब सड़क पर कोई इंसान जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा हो, तो अपने हाथ से फोन को जेब में ही रहने दें। आगे बढ़ें, उसका हाथ थामें और उसे अस्पताल पहुंचाएं। याद रखिए, आपातकाल में तमाशा देखना कायरता है, और किसी की ढाल बनना ही सबसे बड़ा धर्म है। इस घटना के संज्ञान में आते ही युवा कल्याण अधि कारी अमित कुमार ने गगन पाल एवं उसकी टीम की सराहना करते हुए के उज्जवल भविष्य की कामना की है

# शॉर्ट सर्किट से तीन दुकानों में लगी

**बीसलपुर।** नगर के श्री राम मार्केट में शुक्रवार देर रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन दुकानों में रखी लाखों रुपए की चूड़ियां जलकर पूरी तरह नष्ट हो गईं।

नगर के मोहल्ला ग्यासपुर निवासी मोहम्मद इस्लाम की मोहल्ला दुर्गा प्रसाद स्थित श्रीराम मार्केट में चूड़ियों की तीन दुकानें हैं। शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे वे दुकानों को रोजाना की तरह बंद कर घर चले गए थे। रात्रि लगभग 10:00 बजे अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण तीनों दुकानों में आग भड़क उठी। मार्केट मालिक विशाल गुप्ता ने दुकानों के ऊपर से घना धुआं उठता देखा, तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना दुकान मालिक को दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विशाल गुप्ता ने मार्केट में लगे वाटर प्लांट के प्रेशर पाइप से आग पर पानी डालना शुरू किया।

# नगर से लेकर देहात तक मनाया रक्षाबंधन

## दुकानों पर उमड़ी भारी भीड़, वाहन के लिए रहे परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में रक्षाबंधन की तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार और मिठाइयां भेंट कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर नगर के बाजारों में कई दिनों से रौनक दिखाई दे रही थी। पर्व के दिन भी सुबह से ही बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। राखी, मिठाई, कपड़े, उपहार और पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की खूब आवाजाही रही। विशेष रूप से मिठाई की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। दुकानदारों ने ग्राहकों की मांग को देखते हुए विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की पर्याप्त व्यवस्था की थी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। दूर-दराज के गांवों से बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचीं। कई बहनें बसों, निजी वाहनों और अन्य साधनों से मायके पहुंचीं। भाइयों ने भी अपनी बहनों के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां कीं। घरों में पूजा-अर्चना के बाद बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी और उनकी कलाई पर राखी बांधी। इसके बाद भाइयों ने बहनों को उपहार देकर पर्व की खुशियां साझा कीं। रक्षाबंधन के चलते बाजारों में पूरे दिन चहल-पहल बनी रही। मिठाई और राखी के साथ ही फल, कपड़े तथा उपहारों की बिक्री भी बढ़ी। त्योहार के चलते व्यापारियों के चेहरे पर भी खुशी नजर आई। दुकानदारों का कहना था कि रक्षाबंधन के कारण बाजार में अच्छी बिक्री हुई। नगर के प्रमुख बाजारों में लोगों की भीड़ के चलते दिनभर रौनक बनी रही। भाई-बहन के पवित्र प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व लोगों ने आपसी प्रेम, भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया। पूरे क्षेत्र में त्योहार को लेकर खुशी का माहौल रहा। शाम तक लोग एक-दूसरे के घर जाकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते रहे।

# एशियन गेम्स से पहले खुली इंतजामों की पोल!

## क्रिकेटरों को 20 किमी दूर क्यों ठहराया जा रहा? व्यवस्थाओं पर सवाल

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** अगले महीने जापान में होने वाले नागोया-अइची एशियन गेम्स 2026 से पहले आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं। खिलाड़ियों और अधिकारियों की संख्या तय अनुमान से बढ़कर करीब 17 हजार पहुंच गई है, जिसके चलते आयोजकों के सामने ठहरने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। हालात यह हैं कि क्रिकेट खिलाड़ियों को आयोजन स्थल से करीब 20 किलोमीटर दूर ठहराने की तैयारी है।



एशियन गेम्स का आयोजन 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक होना है। शुरूआत में करीब 15 हजार खिलाड़ियों और अधिकारियों के शामिल होने का अनुमान था, लेकिन टेकबॉल और पैडल को खेल कार्यक्रम में शामिल किए जाने के बाद यह संख्या बढ़कर लगभग 17 हजार हो गई है। इनमें करीब 11 हजार खिलाड़ी और छह हजार अधिकारी शामिल हैं।

आयोजन समिति के अध्यक्ष हिदेकी ओमुरा ने कहा है कि मेजबानी समझौता 15 हजार लोगों की क्षमता के आधार पर किया गया था और इससे अधिक लोगों के लिए अतिरिक्त बजट की व्यवस्था नहीं की गई है।

उन्होंने साफ कहा कि अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए आयोजकों के पास पर्याप्त आवास उपलब्ध नहीं है और अगर वे एशियन गेम्स में हिस्सा लेना चाहते हैं, तो उन्हें अपने ठहरने की व्यवस्था खुद करनी होगी।

नागोया के मेयर इचिरो हिरोसावा ने भी माना है कि सीमित बजट में बढ़ी हुई संख्या के खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए आवास की व्यवस्था करना बड़ी चुनौती है।

ओलंपिक की तरह इस बार एशियन गेम्स में पारंपरिक एथलीट्स विलेज नहीं बनाया गया है। खिलाड़ियों और अधिकारियों के ठहरने के लिए आयोजक होटल, क्रूज शिप और अस्थायी कंटेनरनुमा आवास का इस्तेमाल कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक करीब 4000 से 5000 खिलाड़ी एक इतालवी क्रूज शिप में ठहर सकते हैं, जिसे आयोजन क्षेत्र में खड़ा किया गया है। वहीं, करीब 2000 खिलाड़ियों के लिए अस्थायी आवास की व्यवस्था की जा रही है। बाकी प्रतिभागियों को अलग-अलग होटलों में ठहराया जाएगा। कुछ प्रतियोगिताएं नागोया से बाहर भी होंगी। तैराकी, डाइविंग और घुड़सवारी जैसी कुछ स्पधाएं टोक्यो में आयोजित की जाएंगी।

**आयोजकों से प्रतिभागियों की संख्या घटाने की अपील**

आवास संकट के बीच इस सप्ताह ऐसी रिपोर्टें भी सामने आई हैं कि स्थानीय आयोजन समिति ने ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) से प्रतिभागियों की संख्या कम करने का अनुरोध किया है। हालांकि, आवास की समस्या अकेली चुनौती नहीं है। एशियन गेम्स में शामिल होने वाली क्रिकेट टीमों ने भी आयोजन स्थल और खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है।

एशियन गेम्स में क्रिकेट मुकाबले कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले जाएंगे। यह मूल रूप से एक बेसबॉल मैदान है, जिसे क्रिकेट के लिए तैयार किया गया है। बताया जा रहा है कि मैदान पर अभी भी पिचर का माउंड मौजूद है। क्रिकेट पिच भी हाल ही में तैयार की गई है और इसका प्रतिस्पर्धी स्तर पर सीमित इस्तेमाल हुआ है। भारत और पाकिस्तान समेत कई एशियाई टीमें इसी मैदान पर मुकाबले खेलेंगी। क्रिकेट प्रतियोगिता 17 सितंबर से शुरू होने की उम्मीद है।

पिच की गुणवत्ता को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की एक टीम आयोजन से पहले वेन्यू का निरीक्षण कर सकती है। एनडीटीवी के अनुसार, एसीसी से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि पिच की गुणवत्ता अभी भी चिंता का विषय है। इसके अलावा आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों के लिए उचित ड्रेसिंग रूम की सुविधा भी उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आई है। हालांकि, इसी मैदान पर मई में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालिफायर का आयोजन हो चुका है।

# 'जब दो साल एक भी सीरीज नहीं हारे तो बदलाव क्यों?': सूर्यकुमार ने तोड़ी चुप्पी; टीम से निकाले जाने पर क्या कहा?

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** भारत को 2026 टी20 विश्व कप में अपनी कप्तानी में चैंपियन बनाने वाले सूर्यकुमार यादव अब भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं। टीम की कप्तानी भी उनसे लेकर श्रेयस अय्यर को सौंप दी गई। बीसीसीआई चयनकताओं के इस फैसले ने क्रिकेट जगत को हैरान किया था। अब कई महीने बाद सूर्यकुमार यादव ने इस पूरे घटनाक्रम पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज आकाश चोपड़ा के साथ बातचीत में सूर्यकुमार ने बताया कि टीम में अपना नाम नहीं देखकर उनकी पहली प्रतिक्रिया क्या थी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वह खुद को अगले दो वर्षों तक भारतीय टी20 टीम का नेतृत्व करते हुए देख रहे थे।

सूर्यकुमार ने कहा कि जब उन्हें पता चला कि टीम में उनका नाम नहीं है तो उन्होंने गुस्सा या नाराजगी जाहिर करने के बजाय मुस्कुराना चुना। उन्होंने बताया कि दबाव की परिस्थितियों में शांत रहना उनकी आदत रही है। उन्होंने कहा, 'जब मेरा नाम वहां नहीं था तो मैं मुस्कुराया। क्योंकि जब मैं एक-दो साल तक टीम के साथ क्रिकेट खेल रहा था और जब भी खेल रहा था, तो ऐसी परिस्थितियां आई हैं, जब दबाव था या चीजें मेरे हिसाब से नहीं हो रही थीं। ऐसे समय में मैं हमेशा मुस्कुराता रहा हूं। मैं खुद को सहज रखता हूं। अतीत में भी जब मुझे अच्छा करने के मौके मिले, तब मैंने उन पलों के लिए आभारी रहना सीखा है।' हालांकि, यह फैसला उनके लिए पूरी तरह अप्रत्याशित था।



सूर्यकुमार ने स्वीकार किया कि 2026 में विश्वकप जीतने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि वह आगे भी टीम की अगुआई करेंगे। उनके मुताबिक, उन्हें लगता था कि आगामी ओलंपिक और अगले टी20 विश्व कप तक टीम को आगे ले जाने की जिम्मेदारी उनके पास रहेगी।

उन्होंने कहा, '2026 आने के बाद मुझे लगा था कि आगे के दो साल तक मैं इस टीम को आगे ले जाऊंगा। ओलंपिक आएंगे, फिर एक और टी20 विश्व कप आएगा और आगे नई चुनौती होगी। लेकिन आप जो सोचते हैं और दूसरा व्यक्ति जो सोचता है, वे दो अलग चीजें हैं। अगर उन्हें लगा कि आगे बढ़ने के लिए यह बेहतर फैसला है तो उन्होंने वही फैसला लिया। जरूरी है कि उनके विचारों का भी सम्मान किया जाए।' सूर्यकुमार ने यह भी साफ किया कि वह चयनकताओं के फैसले को लेकर किसी तरह की कटुता नहीं रखते।

सूर्यकुमार ने माना कि चयनकताओं के फैसले से उन्हें निराशा जरूर हुई। उनके मुताबिक, कप्तानी के दौरान टीम ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया था और ऐसे में बदलाव का कारण समझना उनके लिए आसान नहीं था। उन्होंने कहा, 'मैंने जो टीम चुनी गई है, उसे देखा है। मैंने श्रेयस के साथ काफी क्रिकेट खेली है। मैं जानता हूं कि वह अच्छे खिलाड़ी, अच्छे इंसान और अच्छे कप्तान भी हैं। इसलिए मेरे मन में यह नहीं था कि उन्हें कप्तान क्यों बनाया गया। लेकिन हां, मैं थोड़ा निराश था। क्योंकि आपने दो साल में एक भी सीरीज नहीं हारी है। आपने विश्व कप और एशिया कप जीता है।

# अश्विन ने चुना अपना ऑल टाइम बेस्ट भारतीय क्रिकेटर

## सचिन-बुमराह, कोहली या सहवाग-धोनी, किसे बताया पसंदीदा?

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** भारत के महान क्रिकेटरों को एक साथ रखकर यह तय करना हो कि सबसे बेहतर कौन है, तो शायद ही कोई फैसला आसान होगा। अलग-अलग दौर, अलग-अलग प्रारूप और अलग-अलग भूमिकाओं के खिलाड़ियों की तुलना अपने आप में मुश्किल है। रविचंद्रन अश्विन को भी कुछ ऐसा ही करना पड़ा। उनसे भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों के बीच एक काल्पनिक नॉकआउट ब्रैकेट में हर मुकाबले का विजेता चुनने को कहा गया।



अश्विन के सामने सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, एमएस धोनी, वीरेंद्र सहवाग, कपिल देव, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और जसप्रीत बुमराह जैसे बड़े नाम थे। कई मुकाबलों में उन्हें काफी सोच-विचार करना पड़ा, लेकिन अंत में उन्होंने सचिन तेंदुलकर को सबसे ऊपर रखा।

सबसे चर्चित मुकाबलों में से एक क्वार्टर फाइनल में आया, जब विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को आमने-सामने रखा गया। कोहली के शानदार टेस्ट रिकॉर्ड और तीनों प्रारूपों में उनकी उपलब्धियों को देखते हुए यह फैसला आसान नहीं था। हालांकि, अश्विन ने बुमराह को चुना। उन्होंने माना कि कोहली की उपलब्धियां उन्हें कड़ी टक्कर देती हैं, लेकिन इस काल्पनिक मुकाबले में वह बुमराह के साथ जाएंगे। अश्विन ने कहा, 'विराट एक महान खिलाड़ी हैं। उन्होंने बहुत शानदार प्रदर्शन किया है। लेकिन अगर मुझे एक को चुनना है तो मैं जसप्रीत बुमराह को चुनूंगा।'

# नामीबिया से अपने देश को हारता हुआ नहीं देख सके द. अफ्रीकी फैंस

**एजेंसी न्यूज**

**जोहानिसबर्ग।** नामीबिया ने एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बड़ा उलटफेर कर दिया। विंडहोक में खेले गए ट्राई सीरीज के शुरूआती मुकाबले में नामीबिया ने दक्षिण अफ्रीका को 18 रन से हरा दिया। खास बात यह रही कि यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नामीबिया की लगातार दूसरी टी20 जीत है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की शुरूआत शानदार रही। सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप और जान फ्रायलिंक ने पहले विकेट के लिए 9.4 ओवर में 84 रन जोड़ दिए। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ब्योर्न फोर्टुइन ने स्टीनकैंप को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।




स्टीनकैंप के आउट होने के बावजूद फ्रायलिंक ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने महज 38 गेंदों पर 60 रन की पारी खेली और नामीबिया को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। एक समय 13 ओवर के बाद नामीबिया का स्कोर 116/2 था और ऐसा लग रहा था कि टीम 180 के आसपास का स्कोर खड़ा कर सकती है। लेकिन इसके बाद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने वापसी की। अगले सात ओवर में नामीबिया सिर्फ 47 रन जोड़ सका और इस दौरान उसके सात विकेट गिर गए। नतीजा यह हुआ कि टीम 20 ओवर में 163/9 के स्कोर तक ही पहुंच पाई।

164 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। उसके दोनों सलामी बल्लेबाज पारी के शुरूआती चार ओवर के भीतर ही पवेलियन लौट गए।






# एफएसएसएआई की कार्रवाई: एवरेस्ट की हींग बिक्री पर रोक, चिकन-गरम मसाले में भी गड़बड़ी

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एवरेस्ट और लालजी गोधू ब्रांड के कम्पाउंडेड हींग की बिक्री पर रोक लगा दी है। जांच में दोनों कंपनियों के हींग के सैंपल तय खाद्य मानकों पर खरे नहीं उतरे। शिकायत के बाद शुरू हुई जांच में एवरेस्ट और लालजी गोधू के कम्पाउंडेड हींग में असली हींग की मात्रा निर्धारित सीमा से करीब 30 से 40 प्रतिशत तक कम पाई गई।




मामला एक उपभोक्ता की शिकायत के बाद सामने आया। शिकायत में एक ब्रांड की हींग की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए थे। इसके बाद एफएसएसएआई ने बाजार में उपलब्ध प्रमुख हींग ब्रांड्स की जांच शुरू की। शुरूआती लैब रिपोर्ट में एवरेस्ट और लालजी गोधू के कम्पाउंडेड हींग के सैंपल मानकों से कम गुणवत्ता वाले पाए गए। इसके बाद मुंबई स्थित दोनों कंपनियों की सेंट्रल लाइसेंस वाली यूनिट्स से सैंपल लिए गए और उन्हें जांच के लिए भेजा गया। गुजरात के उम्बरगांव में एवरेस्ट की एक अन्य यूनिट से भी गुजरात राज्य के खाद्य विभाग के साथ मिलकर सैंपल लिए गए। जांच में इन सभी सैंपल्स को निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया।

नियमों के अनुसार कम्पाउंडेड हींग तैयार करने में असली हींग को गोंद, स्टार्च और आटे के साथ मिलाया जाता है। इसमें कम से कम 5 प्रतिशत अल्कोहल सॉल्युबल एक्सट्रैक्ट होना जरूरी है। हालांकि जांच के दौरान संबंधित उत्पादों में इसकी मात्रा महज 0 से 3 प्रतिशत के बीच पाई गई। इसका मतलब है कि इन उत्पादों में निर्धारित मानक के मुकाबले असली हींग की मात्रा करीब 30 से 40 प्रतिशत तक कम थी। इसी आधार पर एफएसएसएआई ने संबंधित कम्पाउंडेड हींग की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया।

जांच के दौरान लालजी गोधू की यूनिट से ली गई असली हींग की छह अलग-अलग किस्मों के सैंपल भी जांचे गए। नियमों के मुताबिक असली हींग में स्टार्च की मात्रा एक प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। लेकिन जांच में इन छह किस्मों में स्टार्च की मात्रा 15 से 32 प्रतिशत तक पाई गई। यानी स्टार्च की मात्रा निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक थी।









# तेल आयात खर्च में 1.84 लाख करोड़ की बढ़ोतरी

## खाड़ी देशों में दागी गई हर मिसाइल का खर्च सीधा आपसे जुड़ा

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी तनाव और अमेरिका-ईरान युद्ध की आहट केवल अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का विषय है, तो अपनी सोच को बदल लीजिए। खाड़ी देशों में दागी गई हर मिसाइल और समुद्र में फंसे हर तेल टैंकर का सीधा बिल आपकी जेब, रसोई के बजट और मासिक बचत से कटता है।



सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के ताजा विश्लेषण के अनुसार, मार्च से अगस्त 2026 के छह महीनों में होर्मुज संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में आए उछाल ने भारत के ईंधन (कच्चा तेल, गैस व एलएनजी) आयात बिल में 22 अरब डॉलर यानी करीब 1.84 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत जोड़ दी है।

शुद्ध रूप से यह बोझ 14.4 अरब डॉलर (करीब 1.2 लाख करोड़ रुपये बैठता है, जो देश की कुल जीडीपी के 0.38 फीसदी या 1.4 दिन की राष्ट्रीय आय के बराबर है। यूरोपीय संघ (78 अरब डॉलर) और चीन (35 अरब डॉलर) के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे ज्यादा प्रभावित आयातक देश है।

अकेले कच्चे तेल पर ही भारत को 20.5 अरब डॉलर अतिरिक्त चुकाने पड़े, क्योंकि इस दौरान ब्रेंट क्रूड का औसत भाव 93 डॉलर प्रति बैरल रहा, जो 1990 के खाड़ी युद्ध के बाद से तेल की कीमतों में आया सबसे लंबा और मजबूत झटका है।

यदि संकट लंबा खिंचता है, तो कंपनियों को घाटे से उबारने के लिए खुदरा बाजार में 3 से 5 रुपये प्रति लीटर की चरणबद्ध मूल्य वृद्धि सरकार की मजबूरी बन सकती है। यदि क्रूड 95 से डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बना रहता है, तो कीमतों में फेरबदल करने का दबाव तेजी से बढ़ेगा।






जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।